www.epaper.azadsipahi.in

08 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 11, अंक 50

छह साल की मोहब्बत शादी तक पहुंची, पर अधूरी रह गयी दास्तां






### गोवा के नाइट क्लब में आग से 25 मरे, चार पर्यटक समेत 18 शवों की पहचान

# रांची के दो और खूंटी के एक युवक की भी मौत

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हादसे पर जताया गहरा शोक
- प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद का दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पणजी।** गोवा के अरपोरा इलाके में शनिवार देर रात एक नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट होने से 25 लोगों की मौत हो गयी, जबकि छह लोग घायल हैं। मरने वालों में चार पर्यटक और 14 स्टाफ शामिल हैं, जबकि सात लोगों की पहचान अभी नहीं हो पायी है। हादसे में झारखंड के तीन युवकों की भी मौत हुई है। इनमें दो रांची के और एक खूंटी के थे। ये तीनों उस नाइट क्लब में काम करते थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हादसे पर गहरा दुख जताया है और अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया है। गोवा पुलिस ने क्लब के मैनेजर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक क्लब में करीब 12 बजे सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। यह इतना जोरदार था कि कुछ ही मिनटों में आग पूरे क्लब में फैल गयी। फायर ब्रिगेड ने काफी देर की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही सीएम प्रमोद सावंत और स्थानीय विधायक माइकल लोबो मौके पर पहुंचे। सीएम ने बताया कि तीन लोगों की मौत जलने और बाकी की मौत दम घुटने से हुई है। हादसे की पूरी जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि क्लब में फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं किया गया था। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और फोरेंसिक टीम आग लगने की असली वजह की जांच कर रही है।



### किचन से शुरू हुई आग, सीढ़ियों पर मिले शव

गोवा के डीजीपी आलोक कुमार ने बताया कि 25 लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं। मरने वालों में ज्यादातर क्लब में काम करने वाले कर्मचारी थे। डीजीपी ने कहा कि आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर में बनी रसोई से क्लब के दूसरे हिस्सों में फैली। इसलिए सबसे ज्यादा शव किचन एरिया से मिले हैं। भागने की कोशिश में दो लोगों की मौत सीढ़ियों पर हुई।

### लापुंग और कर्रा के थे युवक, मचा कोहराम

**रांची।** गोवा के अरपोरा स्थित एक नाइट क्लब में रविवार देर रात लगी भीषण आग में मारे गये लोगों में झारखंड के तीन युवक भी शामिल हैं। इनमें रांची जिले के लापुंग प्रखंड के फतेहपुर निवासी प्रदीप महतो (24) और उनके भाई विनोद महतो (22) के साथ-साथ खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड के गोविंदपुर निवासी मोहित मुंडा (22) शामिल हैं। तीनों कुछ महीने पहले ही कुक का काम करने गोवा गये थे। इन परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक प्रदीप और विनोद के रिश्तेदार नारायण माथुर ने बताया कि दोनों भाई रेस्टोरेंट के किचन में काम करते थे और कुछ महीने पहले ही घर से बाहर निकले थे। उन्होंने कहा कि हादसे में उनके गांव के एक पड़ोसी की भी जान गयी है।

### प्रधानमंत्री ने दुख जताया, मुआवजे का एलान



इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों को लिए दो-दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये देने का एलान किया है।

### सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दुख



इधर, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस दर्दनाक हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि गोवा अग्निकांड में झारखंड के तीन युवकों की मौत बेहद पीड़ादायक है और उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया है।

(पेज तीन भी देखें)

# इंडिगो संकट: छठे दिन 650 से अधिक उड़ानें रद्द

- सीइओ और अन्य को शो कॉज, एक्शन लेगी सरकार
- प्रबंधन का दावा: 95 फीसदी उड़ानें सामान्य, स्थिति में सुधार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/ मुंबई/ कोलकाता।** देश के नागरिक विमानन इतिहास में पहली बार पैदा हुआ संकट रविवार को भी जारी रहा। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो की 650 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गयीं। हालांकि कंपनी प्रबंधन ने दावा किया है कि स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है और रविवार को 95 फीसदी रूट पर उड़ानें सामान्य हो गयी हैं। इस बीच केंद्र सरकार ने विमानन कंपनी के सीइओ और शीर्ष प्रबंधन के अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। सरकार ने पूछा है कि देश भर में मची अफरा-तफरी के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाये।

**650 से अधिक उड़ानें रद्द :** रविवार को भी इंडिगो की 650 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, त्रिची, रांची, पटना, भुवनेश्वर और जम्मू से जाने वाली उड़ानें शामिल हैं। इससे पहले एयरलाइन ने शुक्रवार को लगभग 1600 फ्लाइट और शनिवार को लगभग 800 उड़ानें रद्द की थीं।

**कंपनी ने किया स्थिति सुधरने का दावा :** उधर इंडिगो ने रविवार को एक बयान जारी कर दावा किया कि स्थिति तेजी से सुधर रही है। शनिवार आधी रात से लेकर रविवार तक उसने 95 प्रतिशत रूटों पर उड़ानें सामान्य ढंग से संचालित की। एयरलाइन ने कहा कि 138 में से 135 गंतव्यों पर उड़ानें सामान्य ढंग से संचालित हो रही हैं। हमें लोगों का भरोसा दोबारा जीतने के लिए काफी वक्त लगेगा।

**सीइओ का स्थिति सामान्य होने का दावा :** इस बीच कंपनी के सीइओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि इंडिगो की टीम चरणबद्ध तरीके से सेवाओं को बहाल कर रही है और यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के लिए हर स्तर पर काम जारी है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में उड़ानों का संचालन पूरी तरह सामान्य हो जायेगा। एल्बर्स ने आगे कहा, हम धीरे-धीरे, कदम-दर-कदम पटरी पर लौट रहे हैं। एयरलाइन ने हाल के दिनों में पायलटों की कमी, शेड्यूल में बाधा और यात्रियों की बढ़ी शिकायतों जैसी चुनौतियों का सामना किया है। हालांकि प्रबंधन का दावा है कि अब स्थिति नियंत्रण में है और उड़ानों की संख्या लगातार बढ़ायी जा रही है।



### सरकार की सख्ती के बाद कंपनी रेस

उधर इंडिगो के कारण पैदा हुई अफरा-तफरी को लेकर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। सरकार ने विमानन कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई उड़ानों के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस रविवार रात आठ बजे तक पूरा करने और अगले 48 घंटों में यात्रियों के सामान को उनके पते पर भेजने का निर्देश दिया है। कंपनी ने यह काम तेजी से शुरू किया है और रिफंड की समय सीमा खत्म होने तक करीब 90 फीसदी यात्रियों का पैसा वापस किये जाने का दावा किया गया। कंपनी ने देश भर में यात्रियों के तीन हजार बैग वापस पहुंचा दिये हैं। अब तक 610 करोड़ रुपये से ज्यादा के रिफंड भी प्रोसेस हो चुके हैं।

### सीइओ और अन्य को कारण बताओ नोटिस

केंद्र सरकार ने कंपनी के सीइओ पीटर एल्बर्स और शीर्ष प्रबंधन के अन्य अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके अनुसार उनको 24 घंटे में बताना होगा कि पिछले छह दिन से जारी संकट के दौरान उनकी निष्क्रियता के चलते कंपनी पर कार्रवाई क्यों न की जाये। नोटिस का जवाब नहीं देने पर डीजीसीए एकतरफा फैसला ले सकेगा।

## सीमा पर पाकिस्तान के 68 आतंकी लांचपैड सक्रिय

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लांचपैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। खुफिया एजेंसियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी सेक्टरों में निगरानी बढ़ा दी गयी है, ताकि आतंकी सीमा के करीब भी न पहुंच सकें। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार एलओसी की ओर भेजा जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं। सुरक्षा बलों को सख्त निर्देश दिये गये हैं कि हर घुसपैठ की कोशिश को सीमा पर ही रोक दिया जाये। सीमा से लगे गांवों और आगे की चौकियों में भी गश्त बढ़ा दी गयी है। फील्ड इकाइयों को अधिक सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध हरकत पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिये गये हैं।

## कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव मंजूर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर आपात्तिजनक टिप्पणी किये जाने के मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव विधान परिषद के सभापति ने स्वीकार कर लिया है। सभापति राम शिंदे के अनुसार यह मामला अब विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है, जो इस प्रस्ताव की जांच करेगी। समिति की रिपोर्ट आने के बाद इसे सदन में चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जायेगा। राम शिंदे ने मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। यह प्रस्ताव भाजपा के एमएलसी ने तब पेश किया था, जब कुणाल कामरा का एक वीडियो मार्च 2025 में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी की थी।

# टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी ऋतुराज सिन्हा का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआइएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा का लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। 55 वर्षीय सिन्हा अपने आवास पर थे। तभी अचानक उन्हें खून की उल्टी हुई। परिजन उन्हें तत्काल टीएमएच ले गये, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

सिन्हा पिछले कई महीनों से कैंसर से जूझ रहे थे। बावजूद इसके, वे कार्यों और जिम्मेदारियों से जुड़े रहे। उनके नेतृत्व में डस्टबिन में चिप और क्यूआर आधारित कचरा प्रबंधन प्रणाली, प्लास्टिक वेस्ट के पुनः उपयोग सहित कई महत्वपूर्ण नगरीय सेवाओं और नवाचार आधारित परियोजनाओं को नयी दिशा मिली। सहकर्मियों के अनुसार, ऋतुराज सिन्हा अपने सरल स्वभाव, सुगम संवाद और प्रेरणादायक नेतृत्व शैली के लिए जाने जाते थे। उन्होंने संगठन में पारदर्शिता, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी। उनके निधन की खबर पर कर्मचारियों ने कहा कि उनका मार्गदर्शन, उनकी कार्यनिष्ठा और मानवीय दृष्टिकोण लंबे समय तक याद किए जायेंगे।



**शोक की लहर :** ऋतुराज सिन्हा के निधन की सूचना मिलते ही टाटा समूह, उद्योग जगत और शहर के सामाजिक संगठनों में शोक की लहर दौड़ गयी। कंपनी की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि ऋतुराज सिन्हा का जाना संगठन के लिए बेहद अपूरणीय क्षति है। हमने एक दूरदर्शी, विनम्र और अत्यंत प्रतिबद्ध नेतृत्वकर्ता को खो दिया है। सामाजिक संस्थाओं और उद्योग संगठनों ने भी उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। सभी ने कहा कि शहर और उद्योग जगत में उनकी भूमिका हमेशा याद की जायेगी। गौरतलब है कि रितुराज सिन्हा के निधन ने उद्योग जगत में एक गहरा खालीपन छोड़ दिया है। उनका नेतृत्व, उनकी दूरदृष्टि और समाज के प्रति प्रतिबद्धता हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।

# विनय सिंह की पत्नी की तलाश में लखीसराय में एसीबी की छापामारी

### हजारीबाग वन भूमि घोटाला और शराब घोटाला मामले में कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब और जमीन घोटाले के आरोपी नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के मालिक विनय सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह की तलाश में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने रविवार की सुबह बिहार के लखीसराय जिले के नयासराय स्थित उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। झारखंड एसीबी की तीन गाड़ियों का काफिला रविवार सुबह नयासराय पहुंचा, जहां टीम स्निग्धा सिंह से संबंधित जानकारियों के आधार पर उनकी तलाश में जुटी हुई है।

**क्यों है स्निग्धा सिंह की तलाश:** नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के संचालक विनय कुमार सिंह वर्तमान में हजारीबाग जेल में बंद हैं। उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह को एसीबी ने शराब घोटाले और वन भूमि घोटाले से जुड़े मामलों में पूछताछ के लिए कई बार नोटिस भेजा है, लेकिन वह एसीबी के समक्ष उपस्थित नहीं हुई हैं। एसीबी स्निग्धा सिंह को महत्वपूर्ण कड़ी मान रही है।

### आइएएस विनय चौबे की पत्नी से 10 घंटे तक पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में निलंबित आइएएस विनय कुमार चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने रविवार को करीब 10 घंटे तक पूछताछ की। जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह एसीबी के डीआइजी और एसपी समेत कई अधिकारी विनय चौबे के कांके रोड स्थित आवास पहुंचे और पूछताछ शुरू की। इससे पहले तीन दिसंबर को भी स्वप्ना संचिता से एसीबी की टीम ने उनके आवास पर जाकर पूछताछ की थी। बता दें कि एसीबी ने आइएएस अधिकारी विनय चौबे के खिलाफ 24 नवंबर को चौथी प्राथमिकी दर्ज की थी। इस प्राथमिकी में उनके रिश्तेदारों और दोस्त विनय सिंह समेत सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। सभी पर भ्रष्टाचार करने और इसके जरिये अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोप लगाये गये हैं। प्राथमिकी में विनय चौबे के अलावा उनकी पत्नी स्वप्ना संचिता, विश्वसनीय मित्र और अवैध संपत्ति में निवेश करने वाले विनय सिंह और विनय सिंह की पत्नी संचिता सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इसके अलावा विनय चौबे के साले शिपिज त्रिवेदी, उनकी पत्नी प्रियंका त्रिवेदी और विनय चौबे के ससुर एसएन त्रिवेदी को भी नामजद अभियुक्त बनाया गया है।



# सुकमा के टॉप नक्सली दंपति का आंध्रप्रदेश में सरेंडर

- सिर पर 33 लाख का था इनाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** छत्तीसगढ में सुकमा जिले के टॉप नक्सली दंपति ने आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में सरेंडर कर दिया है। दिरदो विज्जल उर्फ जयलाल और उसकी पत्नी डीवीसीएम मडवी गंगी उर्फ विमला उर्फ भीमे दक्षिण सब-जोनल कमेटी के सदस्य थे। छत्तीसगढ़ में जारी नक्सल विरोधी अभियान के लिए यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। दोनों पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार जयलाल सुकमा के गगनपल्ली के बोडेगुब्बल गांव का निवासी है। वह 1994 में बाल संघम से नक्सली संगठन में शामिल हुआ था। लंबे समय तक दरभा डिवीजन में सैन्य प्रभारी और एसडीजेडसीएम पद पर रहते हुए उसने कई बड़ी नक्सल वारदातों को अंजाम दिया। जयलाल पर घात लगाकर सुरक्षा बलों पर हमला करने, पुलिस कैंप पर हमला करने, सुरक्षा बलों से दो मुठभेड़, बैंक डकैती और आइइडी ब्लास्ट जैसी घटनाओं में शामिल रहने के आरोप हैं। जयलाल की पत्नी विमला भी लगभग 20 साल से नक्सली संगठन में सक्रिय रही है। साल 2006 में नक्सली बनने के बाद उसने कोंटा, बडेसट्टी, मलेंगर और जगारगोंडा क्षेत्रों में नक्सल संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियों को संभाला था। विमला पर भी कई मुठभेड़ों और हिंसक घटनाओं में शामिल होने के आरोप हैं। इन नक्सलियों के सरेंडर करने के पीछे कई कारण बताये जाते हैं।



# आज विधानसभा में विधि व्यवस्था पर विशेष चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सोमवार को विधि-व्यवस्था पर एक घंटे की विशेष चर्चा होगी। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिये गये फैसले के अनुरूप कई अन्य मुद्दों पर भी विशेष चर्चा होगी। इसके अलावा सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा जायेगा। बता दें कि शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद स्पीकर कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई थी, जिसमें विधि व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों पर विशेष चर्चा कराने का फैसला लिया गया था। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि इसके लिए एक घंटा अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया गया है। विधानसभा का यह शीतकालीन सत्र 11 दिसंबर तक चलेगा।






आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 08 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में पांच लाख से अधिक लोगों ने एक साथ किया गीता पाठ

## ■ कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से सुंदरबन तक होनी चाहिए हिंदू राष्ट्र की गूंज : साध्वी ऋतंभरा

## ■ यह देश बाबर का नहीं, रघुवर का है, सभी हिंदुओं को एक होकर भगवा लहराना होगा: धीरेंद्र शास्त्री

आजाद सिपाही संवाददाता





**कोलकाता।** कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रविवार की दोपहर लाखों लोगों ने एक साथ गीता का पाठ किया। सनातन संस्कृति संसद नामक संस्था की ओर से इस सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य आम लोगों तक सनातन धर्म की मूल भावना और गीता के सार्वभौमिक संदेशों को पहुंचाना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मभूषण साध्वी ऋतंभरा और बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भी शामिल हुए। बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी सहित भाजपा के कई सांसद, विधायक एवं नेताओं ने उपस्थित होकर सामूहिक गीता पाठ में हिस्सा लिया।

महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज ने मंच से दावा किया कि बड़ी संख्या में साधु-संतों सहित पांच लाख से अधिक लोगों ने सामूहिक गीता पाठ में हिस्सा लिया। गीता के 1, 9 एवं 18 अध्याय का पाठ किया गया। गीता पाठ को लेकर पूरा ब्रिगेड मैदान भगवा झंडों से पटा नजर आया।

इस दौरान अपने संबोधन में साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से सुंदरबन तक हिंदू राष्ट्र की गूंज होनी चाहिए। वहीं, बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हिंदू अगर एक हो जाये तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। कि ये देश बाबर का नहीं, रघुवर का है। हिंदुओं को एक होकर गांव-गांव में भगवा लहराना होगा। हम बहुत जल्दी कथा करने बंगाल आयेंगे। अगली बार बंगाल में कथा के दौरान धर्म विरोधियों की ठठरी बांध देंगे। इससे पहले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कोलकाता में गीता पाठ के मंच से बांग्ला में अपना संबोधन शुरू किया। कहा- केमोन आचो कोलकाता। आमी तुमाके बहुत भालो बासी। आज हमें देख कर खुशी है कि कोलकाता के पत्ता-पत्ता में भगवा लहरा रहा है। कोलकाता की मां काली की धरती आज लाखों लोगों के एक साथ गीता पाठ से सौभाग्यशाली हुई है। आज यहां देख कर ऐसा लग रहा है, मानो हिंदू जग गया है। हिंदुओं से एक होने का आह्वान करते हुए कहा कि गीता हमारी शान है। भारत की पहचान है, जबकि ज्ञानानंदजी महाराज ने कहा कि बंगाल में पहली बार 2022 में एक साथ पांच हजार लोगों के साथ गीता पाठ के आयोजन की शुरुआत हुई थी जो अब पांच लाख लोगों तक पहुंच गयी है। उन्होंने हिंदुओं से जागने की अपील करते हुए हिंदू राष्ट्र का जयघोष किया। उन्होंने कहा कि बंगाल संत परंपरा की भूमि रही है। राष्ट्रगान एवं राष्ट्र गीत भी बंगाल की देन है।

बतातें चलें कि ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पिछली बार 24 दिसंबर, 2023 को सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग एक लाख लोगों ने भाग लिया था। आयोजकों ने दावा किया कि इस बार का आयोजन भारत में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक गीता पाठ है।

# टीएमसी से निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर ने अब किया 'कुरान पाठ' कराने का एलान

● पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले राजनीति गर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच अब धर्म का मुद्दा भी चुनावी बहस का केंद्र बनता जा रहा है। कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में रविवार को भाजपा की ओर से बड़ी संख्या में गीता पाठ किया। वहीं इसके जवाब में विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में कुरान पाठ कराने का ऐलान किया है। हुमायूं का दावा है कि अगर भाजपा गीता पाठ कर वोट जुटाने की कोशिश कर रही है, तो वह उसी तरह मुस्लिम समाज को एकजुट करने के लिए कुरान पाठ आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं मुर्शिदाबाद में एक लाख हाफिज के साथ कुरान पाठ कराऊंगा। जैसे वे गीता का पाठ कर रहे हैं, उसी तरह मुसलमानों को भी अपनी पहचान के साथ खड़ा होना होगा। भाजपा के गीता पाठ पर निशाना साधते हुए कबीर ने कहा कि भाजपा कुछ नया नहीं कर रही है। वे हमेशा हिंदुत्व कार्ड खेलते है और इसी के वजह से सत्ता में आए है। साथ ही कहा कि वे 19 राज्यों पर कब्जा कर लिए है और अब बंगाल पर कब्जा करना चाहते है, इसलिए वे गीता पाठ करवा रहे है।

### गीता पाठ' के जवाब में 'कुरान पाठ



यह बयान उस समय आया है जब हुमायूं पहले ही बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मस्जिद की आधारशिला रखने की घोषणा के कारण विवाद में हैं। इसके चलते टीएमसी ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था। हुमायूं कबीर ने टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी सीधा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में 37 प्रतिशत मुसलमान हैं और ममता इन्हीं के वोट से मुख्यमंत्री बनी हैं। लेकिन अब वह घमंडी हो गई हैं, मैं उन्हें भूतपूर्व नेता बना दूंगा। बतातें चलें कि गत शनिवार को ही मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद की नींव का पत्थर रखा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे कुरान पढ़ने के बाद शुरू हुआ। इस मौके पर करीब दो लाख लोग पहुंचे थे। वहीं, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बंगाल में धर्म आधारित राजनीति पहले भी होती रही है, लेकिन इस बार यह चुनाव प्रचार का मुख्य हथियार बनता दिख रहा है। भाजपा जहां राम मंदिर, हिंदुत्व और गीता पाठ जैसे धार्मिक प्रतीकों के जरिए हिंदू वोटरों को साधने की कोशिश कर रही है, वहीं विपक्षी दलों में भी अब धार्मिक पहचान के आधार पर रणनीति सामने आने लगी है। हुमायूं कबीर का कुरान पाठ का ऐलान इस बात का इशारा करती है कि आने वाले समय में चुनाव प्रचार विकास, बेरोजगारी और नीतियों से हट कर धार्मिक भावनाओं के इर्द-गिर्द घूम सकता है।

# सामाजिक पुनर्जागरण के लिए कुड़मी समाज के युवा आगे आयें : सुदेश महतो

मुनीडीह में कुड़मालि नेगाचारी देसजाड़पा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि कुड़मी समुदाय में सामाजिक पुनर्जागरण के लिए समाज और युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि कुड़मी समाज राजनीतिक साजिश का शिकार हुआ है। उस साजिश को पहचानने की जरूरत है। बिखरे समाज में वैचारिक एकता स्थापित करना होगा।

सुदेश महतो रविवार को धनबाद के मुनीडीह स्थित भाटिन हाड़ी थान (भटिंदा फाल्स) में आयोजित दो दिवसीय कुड़मालि नेगाचारी देसजाड़पा (महाधिवेशन) के समापन समारोह में भाग लेने पहुंचे। देसजाड़पा में भाग लेने झारखंड के अलावा बंगाल, ओडिशा एवं असम से भी प्रतिनिधि पहुंचे। आदिवासी कुड़मी समाज के अध्यक्ष अजीत महतो समेत कई सामाजिक पदाधिकारियों ने श्री महतो का स्वागत किया।

श्री महतो ने कहा कि समाज की युवा पीढ़ी के भीतर एक नई चेतना दिख रही है। सौभाग्य की बात है कि सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए युवा पीढ़ी सजग हुई है। पूर्वजों का सपना और सम्मान नयी पीढ़ी संवार रही है बहुत खुशी की बात है। दहेज और दारू जैसी कुरीति ने समाज को क्षति पहुंचायी है। परंपरा को निभाएं, उसे कुरीति नहीं बनाएं। नवनिर्माण के लिए कुरीतियों से समाज को बचाना होगा। श्री महतो ने कहा कि नयी पीढ़ी ने शोध कर सामाजिक पुनर्जागरण एवं पुनरुद्धार के लिए पहल शुरू की है। इसका स्वागत है। वैचारिक समानता के लिए देसजाड़पा का आयोजन किया गया है उन्होंने कहा कि हमलोगों के बीच राजनीतिक मतभिन्नता हो सकती है, लेकिन सामाजिक-सांस्कृतिक मुद्दे पर समाज को एकजुट होना होगा।



### सुदेश महतो ने 2004 में केबिनेट से पारित कराया था कुड़मी को एसटी दर्जा का प्रस्ताव

पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि सुदेश महतो ने 2004 में झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक में कुड़मी को आदिवासी दर्जा देने का प्रस्ताव पारित करवा कर केंद्र सरकार को भेजा था। उन्होंने कहा कि लगातार कुड़मी को एसटी स्टेटस और कुड़मालि को संविधान की आठवी अनुसूची में शामिल करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए समाज को मजबूत बनाना होगा।

# वर्षों से चालू होने के इंतजार में हंसडीहा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, चोरी हो रहे हैं उपकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** गोड्डा-दुमका की सीमा पर बने हंसडीहा स्थित मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल से बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। अस्पताल में लगे कई अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण चोर उड़ा ले गए हैं। चोरी की जानकारी उस समय हुई जब विपिन कुमार सिंह नामक स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल की जियो टैगिंग के लिए मौके पर पहुंचे। घटना की एफआईआर दर्ज करा दी गयी है। इस घटना को लेकर स्वास्थ्य विभाग इस बात के आकलन में जुटा है कि जिन उपकरणों की चोरी हुई है, उनकी कीमत क्या है। जबकि थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है। खास बात यह है कि वर्षों से यह अस्पताल अपने चालू होने की आस लगाए हुए है।

**सभी कमरे के टूटे थे ताले :** अस्पताल की जियो टैगिंग के लिए पहुंचे स्वास्थ्य कर्मी विपिन कुमार सिंह ने जब मुख्य भवन का ताला टूटा देखा और अंदर प्रवेश किया तो उनके होश उड़ गए। अस्पताल में सभी कमरों का ताला टूटा हुआ था। वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, पैथोलॉजी कक्ष, ऑक्सीजन प्लांट के कई उपकरण और मॉनिटर गायब मिले। इसके बाद तत्काल इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई। साथ ही पुलिस को भी सूचित किया गया।



### मौके पर पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और पुलिस

इस घटना की जानकारी मिलने के बाद जरमुंडी क्षेत्र के एसडीपीओ अपनी टीम के साथ और सरैयाहाट की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ। प्रभा रानी प्रसाद ने अस्पताल का निरीक्षण किया। इस चोरी की घटना को देखकर या अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता था कि अपराधी लंबे समय से यहां लगे उपकरणों को उठाकर ले जा रहे थे। लेकिन अस्पताल बंद होने की वजह से किसी को इसकी भनक नहीं लगी।

### कोविड काल में हुआ था अस्पताल का इस्तेमाल

स्वास्थ्य विभाग द्वारा हंसडीहा थाना में इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। बता दें कि इस अस्पताल का निर्माण लगभग छह वर्ष पूर्व हुआ था। 2020-21 में कोरोना काल के दौरान इसका इस्तेमाल कोविड अस्पताल के रूप में किया गया था। इसके बाद से यह अस्पताल बंद पड़ा है। हालांकि स्थानीय लोगों के द्वारा कई बार यह मांग उठती रही थी कि इस अस्पताल को चालू किया जाए पर ऐसा हो न सका।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी और सिविल सर्जन

इस पूरे मामले पर हंसडीहा के थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इधर दुमका सिविल सर्जन डॉ कमलेश्वर प्रसाद का कहना है कि वहां के चिकित्सा प्रभारी को एफआईआर करने को कहा गया है। पूरा आकलन के बाद ही यह कहा जा सकता है कि कितने की चोरी हुई ।

# कभी झारखंड-बिहार सीमा में मजबूत था माओवादियों का पीएलजीए संगठन, अब बचे हैं सिर्फ तीन कमांडर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों का हथियारबंद संगठन पीएलजीए झारखंड बिहार सीमा पर खत्म होने के कगार पर है। जबकि झारखंड के सारंडा के इलाके में नक्सली अपनी वजूद की लड़ाई लड़ रही है।

दरअसल, माओवादी प्रत्येक वर्ष 2 से 8 दिसंबर तक पीएलजीए की स्थापना सप्ताह मनाते हैं। 2004 में एमसीसी, पीडब्लूजी और पार्टी यूनिटी जैसे नक्सली संगठनों का विलय होकर भाकपा माओवादी बना था। एमसीसी ने 200 में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का गठन किया था। इस विलय के बाद दौरान कई विचारधारा भी एक साथ हुए थे। एमसीसी जैसे नक्सल संगठन के पास पहले से हथियार बंद विंग मौजूद था और उसी के पहल पर माओवादियों ने गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) का गठन किया था। 2004 में झारखंड के पलामू के बिश्रामपुर के इलाके में पीएलजीए की सबसे बड़ी बैठक हुई थी।



**बस्तर के बाद झारखंड बिहार सीमावर्ती इलाकों में मजबूत था पीएलजीए :** छत्तीसगढ़ के बस्तर, दंतेवाड़ा के बाद सबसे अधिक माओवादियों का पीएलजीए झारखंड बिहार सीमा पर मजबूत था। बिहार झारखंड और सीमावर्ती इलाके में पीएलजीए के 3500 से अधिक हथियार बंद कैडर मौजूद थे। लेकिन मौजूदा समय में झारखंड सीमावर्ती इलाके में माओवादियों के पास तीन, लातेहार में आधा दर्जन के करीब जबकि झारखंड के सारंडा 50 से 60 कैडर बचे हुए है।झारखंड बिहार में बूढापहाड़ पीएलजीए का सबसे बड़ा ट्रेनिंग सेंटर रहा है जबकि बिहार छकरबंधा यूनिफाइड कमांड रहा है। माओवादियों के सभी सेंटर और कमान पर सुरक्षाबलों का कब्जा हो गया है। माओवादियों का पीएलजीए बिहार सीमा पर लगभग खत्म हो गया है। पीपुल्स वार, एमसीसी और पार्टी यूनिटी की अलग-अलग विचारधारा थी। उस दौरान भी भारी बहस हुई थी, जन संगठन का कोई भी पक्षधर नहीं था। संगठन कड़ा कर लिया हथियार भी जमा हो गए लेकिन जन संगठन नहीं बन पाया।

### स्थापना सप्ताह के दौरान हिंसक घटनाओं को देता था अंजाम

पीएलजीए स्थापना सप्ताह के दौरान माओवादी हिंसा घटनाओं को अंजाम देते थे। 2018-19 तक माओवादी पीएलजीए स्थापना सप्ताह के दौरान सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते थे और कई तरह का पोस्टर भी लगते थे। पिछले कुछ वर्षों में माओवादियों के प्रभाव वाले इलाकों में सुरक्षाबलों का कब्जा हुआ है और बड़ी संख्या में माओवादी पकड़े गए हैं आत्मसमर्पण हुआ है और मारे भी गए है। माओवादियों का पीएलजीए ही सबसे ताकतवर था, सभी तरह के फैसले यही लेता था। किसी भी तरह का हिंसा को अंजाम देना हो या हमले को अंजाम देना हो पीएलजीए ही करता था। आज या बेहद ही कमजोर हो गया है और इसके पास सदस्य नहीं है ना ही हथियार है। पीएलजीए ने आम लोग एवं ग्रामीणों को काफी नुकसान किया है यही वजह है कि यह खत्म सा हो गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.9 °c | 7.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.17 बजे |



### गोवा हादसे के बाद झारखंड सरकार एक्शन में

# रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट की फायर सेफ्टी के जांच के आदेश

**एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोवा में नाइट क्लब में हुए हादसे के बाद झारखंड सरकार भी एक्शन में आ गयी है। राज्य के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति और आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राज्यभर के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किये हैं कि रूफटॉप और छतों पर संचालित बार, रेस्टोरेंट और होटलों की तत्काल फायर सेफ्टी और संरचनात्मक सुरक्षा की जांच की जाये। सभी जिलों को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी। डॉ अंसारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

**होटल-रेस्टोरेंट को जारी किये गये विशेष निर्देश**

सरकार की ओर से होटल, बार और रेस्टोरेंट को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि किचन की नियमित और सख्त साफ-सफाई की जाये, गैस पाइपलाइन, चूल्हा और चिमनी की तकनीकी जांच करवायी जाये और सभी फायर सेफ्टी उपकरण और इमरजेंसी एग्जिट पूरी तरह कार्यशील रहें।

डॉ अंसारी ने कहा, जनता की जान-माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी मेरी है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना रोकने के लिए सरकार और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गोवा में हुई घटना पर गहरी चिंता जताते हुए मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य के सभी होटल, रेस्टोरेंट, बार और अस्पतालों में अत्यावश्यक फायर सेफ्टी जांच का आदेश दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट एक सप्ताह में जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि झारखंड में गोवा जैसी घटना हुई तो संबंधित अधिकारी सीधे जिम्मेदार होंगे। जन-धन की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री ने गोवा हादसे में मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रत्येक मृतक परिवार को एक-एक करोड़ मुआवजा देने का आग्रह किया। साथ ही गोवा सरकार से पर्यटकों की सुरक्षा को और मजबूत करने की अपील की। डॉ अंसारी ने कहा कि झारखंड और रांची के मृतकों के परिजनों के लिए वह स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर राज्यस्तरीय आर्थिक सहायता सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार सतर्क है, प्रशासन अलर्ट है और जनता की सुरक्षा ही सर्वोपरि है।

# एचइसी मजदूर संघ की बैठक, सप्लाई कर्मियों की समस्याओं पर विशेष चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एचइसी मजदूर संघ की बैठक रविवार को भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) कार्यालय, सीडी-241 सेक्टर-3 में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता रविकांत ने की। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने विभागीय एवं व्यक्तिगत कार्य संबंधी समस्याओं को खुल कर रखा। बैठक में संघ के महामंत्री रमाशंकर प्रसाद ने दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया पीएसयू की तीन दिवसीय बैठक का विवरण साझा किया। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान एचइसी की वर्तमान गंभीर स्थिति से केंद्रीय नेताओं और संबंधित मंत्रियों को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एचईसी के मुद्दे पर गंभीर है और लगातार समीक्षा कर रही है।

महामंत्री ने कर्मचारियों से उपलब्ध संसाधनों के साथ उत्पादन बढ़ाने की अपील की, ताकि संस्था को आर्थिक मजबूती मिल सके। उन्होंने सप्लाई विभाग के कर्मचारियों को एचईसी की रीढ़ बताते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि सप्लाई कर्मियों की मांगों को उच्च स्तर पर रखा जायेगा। अध्यक्ष रविकांत ने कहा कि संघ को केंद्र सरकार की एचइसी से जुड़ी गतिविधियों पर लगातार नजर रखनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारी उद्योग मंत्री और सचिव से संवाद बनाए रखते हुए एचइसी के पुनरुद्धार के लिए दबाव बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर जल्द ही सीएमडी को विस्तृत ज्ञापन सौंपा जायेगा।

बैठक में जीतू लोहरा, विकास तिवारी, मनोज कुमार, सुनील कुमार पांडे, सरोज कुमार, संजय कुमार, बसंत पिल्लई, शायून बागे, मोहम्मद असलम, उदय शंकर, अजय शर्मा, कुंदन शर्मा, मनोज कुमार गुप्ता, घनश्याम ठाकुर, संदीप सेन, नरेश मालाकार, सतेंद्र कुमार, जौन तिग्गा, अलख निरंजन, अमर नाथ, जय नारायण सिंह और गुड्डू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## राशिफल


डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — दोस्तों से संबंधों में सुधार में मधुरता आएगी,इस समय शत्रु हावी हो सकता है।
- **वृष** — मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी,घर में अविवाहित बच्चों के रिश्ते आएंगे,घर-परिवार में शांति का वातावरण रहेगा।
- **मिथुन** — पराक्रम कम होगी,अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति होगी,समाज में लोग आपका फायदा उठाएंगें।
- **कर्क** — राजनीति के क्षेत्र में ऊंचाई को छुएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।
- **सिंह** — गुप्त शत्रुओं पर विजय मिलेगा,आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा,आर्थिक लाभ।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# एसीबी को रेस कर दिया है आइपीएस प्रिया दुबे ने

- **अब हर शिकायत पर हो रही है कार्रवाई**
- **भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान पर है ज्यादा बल**

अजय शर्मा



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की इमेज अब बदलने लगी है। पहले जहां एसीबी जांच के मामले वर्षों चलते थे। या फिर जांच लटका रहता था। अब वैसा कुछ नहीं है। अब एसीबी भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा अभियान चला रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान पर ज्याजा बल है। एसीबी को जो शिकायतें मिल रही हैं, उस पर कार्रवाई होनी तय है। एसीबी की कमान जब से आइपीएस प्रिया दुबे के हाथ में सौंपा गया है, उसके बाद से कार्रवाई की गति तेज हो गयी है। एसीबी ने जिन मामलों की जांच शुरू की है, उसे अंजाम तक कैसे पहुंचाया जाए, इस पर खुद एडीजीपी प्रिया दुबे नजर रखती हैं। एक-एक मामलों की समीक्षा करना, उसके अनुसंधानक को निर्देश देने का काम भी वह कर रहीं हैं। एसीबी के पास भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों और कर्मियों की जांच, आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने वालों पर केस करने की जवाबदेही होती है। साथ ही राज्य सरकार के कर्मचारी और अधिकारी जिन पर घूस लेने का आरोप लगता है, उसकी पहले जांच की जाती है और फिर छापामारी कर घूस लेते उन्हें गिरफ्तार किया जाता है। आम नागरिक सरकारी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ घूस मांगने का आरोप लगाते हैं, तो उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। एसीबी के पास अभी कई बड़े मामले हैं जिसकी जांच अभी चल रही है। कई मामलों में तो आईएएस स्तर के अधिकारी रडार पर है। पहले एसीबी में जो मामले चलते थे, उनके कई आरोपियों की मौत हो जाती थी। इसके बाद भी एसीबी की टीम जांच पूरी नहीं कर पाती थी। अब ऐसे हालात नहीं हैं, जांच और पूरी कार्रवाई तय समय में करने का निर्देश दिया गया है। एडीजीपी प्रिया दुबे के हाथ में जब से कमान सौंपा गया है उन्होंने काम मे तेजी ला दी है।

# इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से ट्रेनों पर दबाव, चैंबर ऑफ कॉमर्स ने की अतिरिक्त कोच लगाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची से इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के बाद यात्रियों की बढ़ती भीड़ अब रेलवे पर निर्भर हो रही है। स्थितियों को देखते हुए झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने रांची रेल मंडल के डीआरएम को पत्र लिखकर प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने की मांग की है। चेंबर की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि उड़ानें रद्द होने की वजह से अचानक यात्री संख्या बढ़ी है। इसके कारण रांची रेल मंडल की ट्रेनों में सीटों की तुलना में प्रतीक्षा सूची तेजी से बढ़ रही है और यात्रियों को टिकट की उपलब्धता में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

चेंबर के महासचिव रोहित अग्रवाल ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं, लेकिन मौजूदा स्थिति में यह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मांग की कि मांग और प्रतीक्षा सूची के विश्लेषण के आधार पर अधिक भीड़ वाली ट्रेनों में तुरंत अतिरिक्त कोच जोड़े जाएं, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। वहीं, डीआरयूसीसी सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि वर्तमान स्थिति असामान्य है और यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शादी का मौसम, प्रतियोगी परीक्षाएं और इलाज के लिए यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ने से कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से तत्काल विशेष पहल करने और अधिक ट्रेनों में कोच वृद्धि की मांग की। उन्होंने उम्मीद जताई कि रेलवे जल्द निर्णय लेकर यात्रियों की असुविधा कम करेगी।

# नये साल में होगी 8वीं वाइल्ड एडवेंचर कार रैली

### लोगों को रोमांच, साहस और गति का उत्सव लुभायेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय मोटरस्पोर्ट इतिहास में एक नया अध्याय गढ़ने जा रहा है। 7वीं वाइल्ड एडवेंचर रैली वार की ऐतिहासिक सफलता,जहां आरएडब्लू को राष्ट्रीय मोटरस्पोर्ट मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने के बाद, अब 8वीं वाइल्ड एडवेंचर रैली वार 2026 और भी बड़े पैमाने पर आयोजित करने की तैयारी चल रही है। संभावतः 9 से 11 जनवरी तक वार रोमांच रहेगा। साहस और गति के उत्सव में नई तकनीक, बेहतर सुरक्षा और पेशेवर मानकों पर खास फोकस रहेगा। इस बार वार को विशेष बनाने वाला पहलू ट्राइडेंट टीएसडी लीग - राउंड 2, जो फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया के अधीन भारत की पहली मल्टी-टेरेन टीएसडी मोटरस्पोर्ट चैम्पियनशिप का महत्वपूर्ण चरण है। ट्राइडेंट लीग तीन विशिष्ट भागों पर आधारित है। पहला भाग राजस्थान का रेगिस्तान, दूसरा मध्य प्रदेश का पठार और तीसरा भाग झारखंड के जंगल और पहाड़ी क्षेत्र। इनमें से झारखंड सबसे चुनौतीपूर्ण और तकनीकी रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पहली बार दिल्ली, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, जयपुर, गुवाहाटी, बेंगलुरू सहित देशभर के प्रमुख शहरों के अनुभवी ड्राइवर्स और नेविगेटर्स बड़े स्तर पर अपनी राजधानी में भाग लेने आ रहे हैं।

**7वीं वार की सफलता ने मानकों को ऊंचा किया :** अध्यक्ष मुकुल बुधिया ने बताया कि 7वीं वार की सफलता ने पूरे आयोजन मानकों को ऊंचा किया है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रतिभागियों के लिए सुरक्षित और आरामदायक ठहराव की विशेष व्यवस्था की गई है। सभी आवश्यक सरकारी अनुमतियां समय पर प्राप्त कर ली गई हैं। परिणामों की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए एफएमएससीआई मानकों के अनुसार आधुनिक टेबुलेशन सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वार की प्राथमिकता सुरक्षा, सुविधा और पारदर्शिता है ताकि प्रतिभागी केवल अपने खेल पर ध्यान दे सकें।

**40 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के आवेदन मिले हैं**

उपाध्यक्ष अशिष बुधिया ने कहा कि इस बार वार को पूरे देश से 40 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो झारखंड के मोटरस्पोर्ट इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने बताया कि वार अब राष्ट्रीय मोटरस्पोर्ट कैलेंडर में एक प्रमुख आयोजक के रूप में उभर रहा है और आने वाले वर्षों में इसे देश की शीर्ष रैलियों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। वार 2026 से झारखंड में पर्यटन, होटल उद्योग, ट्रैवल सेक्टर और स्थानीय कारोबार को लाभ होने की उम्मीद है। झारखंड को एडवेंचर डेस्टिनेशन के रूप में नई पहचान मिलने की संभावना है। वार पिछले दस वर्षों से झारखंड में मोटरस्पोर्ट संस्कृति को सुदृढ़ कर रहा है।

**हर चरण प्रतिभागियों के लिए एक चुनौती**

सचिव विशाल वाधवानी ने कहा कि वार 2026 का रूट इस तरह से तैयार किया गया है कि हर चरण प्रतिभागियों के लिए एक नई चुनौती पेश करेगा। उन्होंने बताया कि जंगल, पथरीले ढलान, नदी किनारे के संकरे मार्ग इत्यादी से युक्त रूट प्रतिभागियों के मानसिक संतुलन और नेविगेशन कौशल दोनों की परीक्षा लेगा। रैली संचालन के लिए रूट और तकनीकी समन्वय दल, मेडिकल यूनिट, लॉजिस्टिक प्रबंधन और सुरक्षा दल मिलकर कार्य करेंगे, जिनका दायित्व ट्रैक सर्वे, सुरक्षा प्रोटोकॉल, वाहन निरीक्षण, टाइम कंट्रोल और इमरजेंसी रेस्पॉन्स सुनिश्चित करना है।


**झारखंड को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का माध्यम**

कार्यक्रम संयोजक मयंक मोदी ने कहा कि 8वीं वार सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि झारखंड की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि आयोजन समिति ने रैली कंट्रोल, समन्वय, टाइम मैनेजमेंट और संचालन के लिए इस बार और अधिक उन्नत सिस्टम अपनाये हैं। जन संपर्क पदाधिकारी गौतम शाही ने बताया कि इस वर्ष मीडिया रिपोर्टिंग, डिजिटल अपडेट्स और लाइव कवरेज को और अधिक सशक्त बनाया गया है ताकि वार को देशभर के मोटरस्पोर्ट दर्शकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके।

### सर्वोच्च न्यायालय में निजी विद्यालयों के हित में पासवा का इंटरवेन

# मामले पर पासवा की पैनी नजर : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने झारखंड के निजी विद्यालयों को आरटीई (राइट टू एजुकेशन) की कठिन शर्तों से मुक्त कराने के उद्देश्य से सर्वोच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका में औपचारिक रूप से इंटरवेन कर दिया है। यह कदम 1 दिसंबर को पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के निर्देश पर उठाया गया। सोमवार को पत्रकारों से बात-चीत करते हुए आलोक दुबे ने बताया कि संगठन राज्य के निजी विद्यालयों के हितों की रक्षा के लिए लगातार सक्रिय है। पूरे मामले पर पैनी नजर रखे हुए है। उन्होंने बताया कि पासवा के प्रदेश महासचिव एसएन पाठक ने सर्वोच्च न्यायालय में इंटरवेन दायर किया, ताकि निजी विद्यालयों का पक्ष देश के प्रख्यात अधिवक्ताओं की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में सशक्त रूप से रखा जा सके।

ज्ञात हो कि इससे पूर्व पासवा ने झारखंड उच्च न्यायालय में भी आवेदन दायर किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने आरटीई की कठिन शर्तों से झारखंड के निजी विद्यालयों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करते हुए स्टे जारी किया था। उच्च न्यायालय में यह पक्ष प्रसिद्ध अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने प्रभावी ढंग से रखा था, चूंकि आरटीई से संबंधित रिट याचिका अब सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, इसलिए उच्च न्यायालय ने अंतिम निर्णय आने तक निजी विद्यालयों को अंतरिम राहत बरकरार रखी है, लेकिन दीर्घकालिक समाधान और मजबूत पैरवी के लिए सर्वोच्च न्यायालय में इंटरवेन करना जरुरी समझा गया।

**निजी विद्यालयों को दिलाया भरोसा**

राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने झारखंड के निजी विद्यालयों को आश्वस्त किया कि संगठन उनके साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि पासवा राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और निजी विद्यालयों पर आए संकट को दूर करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य के निजी विद्यालय चिंतित न हों। आरटीई की कठिन शर्तों से राहत दिलाने के लिए हम हर स्तर पर संघर्षरत हैं। आगे भी विद्यालयों के हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे।

# एकजुट होकर लड़ेंगे निकाय चुनाव : राजद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजद प्रदेश संसदीय बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आज पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और विधायक दल के नेता सुरेश पासवान ने की। इस मौके पर श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विधायक नरेश सिंह, प्रवक्ता कैलाश यादव, महिला अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील साहू समेत कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय जनता दल आगामी नगर निकाय चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ेगा, और इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारी की जाएगी। पार्टी ने तय किया कि प्रमंडल और जिला स्तर पर अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे, जो स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाते हुए उम्मीदवार चुनने और उन्हें जीत दिलाने की रणनीति संभालेंगे। साथ ही मंत्री, विधायक और प्रदेश पदाधिकारी क्षेत्रवार दौरे और संगठनात्मक कार्यक्रम चलाएंगे। नेताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि पार्टी के सभी साथी लालू यादव के सिपाही हैं। हम लालूजी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में ही मजबूती से खड़े हैं। साथ ही यह भी दोहराया गया कि पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ है और झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व के प्रति प्रतिबद्ध है।

बैठक में सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एसआइआर जुड़े मामलों पर पूरी सतर्कता रखें और यह सुनिश्चित करें कि परिवार या संगठन के कार्यकताओं के नाम किसी भी स्तर पर न कटें।नेताओं ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र को मशीनरी और सिस्टम के दबाव में कमजोर किया गया, लेकिन झारखंड पार्टी का मनोबल पूरी तरह मजबूत है। पार्टी का लक्ष्य है कि झारखंड में संगठन को और धारदार बनाया जाए। कहा गया कि निकाय चुनाव के बाद अगले वर्ष पंचायत चुनाव भी होने हैं, इसलिए सभी कार्यकर्ता चुनावी मोड में रहें। इस बैठक की विस्तृत जानकारी प्रदेश पार्टी प्रवक्ता कैलाश यादव ने साझा की।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 08 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## चंदवारा में इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में लगी भीषण आग



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के चंदवारा प्रखंड अंतर्गत भोंडो गांव के चौक स्थित बाबा इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में बीती रात भीषण आग लगने से दुकान में रखा कीमती सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। दुकान के संचालक संजय रजक ने बताया कि वह पिछले दो दिनों से दुकान बंद करके अपने इलाज के लिए दूसरे शहर गया था और शनिवार की रात ही घर लौटे थे। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह लगभग 4 बजे उन्हें दुकान से धुआं उठने और आग लगने की सूचना मिली। देखते ही देखते स्थानीय लोग बड़ी संख्या में दुकान के पास इकट्ठा हो गये और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखे कीमती इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण पूरी तरह से जलकर नष्ट हो चुके थे। इस घटना से संजय रजक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने गांव के ही एक युवक पर दुकान में आग लगाने का गंभीर आरोप लगाया है। इधर सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सतगावां में शराब तस्करी का भंडाफोड़ 130 पेटी शराब से भरा पिकअप पलटा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के सतगावां में छोटे वाहनों से शराब की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। इसका खुलासा रविवार को हुआ जब सतगावां थाना अंतर्गत रामडीह के नौवाचक स्थित अपना लाइन होटल के पास अहले सुबह एक पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन के पलटने से शराब की पेटियां गिर गयी और बोतलें सड़क पर बिखर गयी। हादसे के तुरंत बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक पिकअप में प्लाई लकड़ी का फ्रेम बनाकर बीच में लगभग 130 पेटी शराब की पेटियों को इस तरह छिपाया गया था कि बाहरी लोगों को इसकी भनक तक न लगे। वाहन पलटते ही सड़क पर भारी मात्रा में शराब की बोतलें बिखर गईं। सूचना मिलते ही सतगावां थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तुरंत रेस्क्यू कर पलटे वाहन को सीधा करवाया और उसे थाना ले जाया गया। घटना के बाद से फरार चालक की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस अवैध शराब तस्करी के इस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है। बताया जाता है कि इसी तरह छोटे वाहनों से प्राय: यहां से बड़ी मात्रा में शराब की तस्करी कर बिहार ले जाया जाता है।

## मरकच्चो में कांग्रेस पार्टी की बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरवाडीह में कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक बैठक मुंशी दास की अध्यक्षता में आयोजित की गयी, जबकि संचालन बलदेव दास ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक सहित कई नेताओं ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि जिस तरह से प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी कश्मीर से कन्याकुमारी पैदल यात्रा कर भारत को जोड़ने का काम किया है, ठीक उसी तरह से कोडरमा जिले में भी मजबूत संगठन बनाकर कोडरमा में कांग्रेस पार्टी का परचम लहराना है। कांग्रेस नेता रवि शंकर सिंह और मालती चंद्रा ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और सिद्धांतों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। इसी कड़ी में बरवाडीह क्षेत्र के दर्जनों महिला पुरुषों ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में लोकनाथ साव, गोपाल साव, चंद्रबले सिंह, राम किशुन दास, रंजीत दास, रहमत अली, कल्पना कुमारी, शांति देवी, कौशल्या देवी, मुन्नी देवी, माला देवी, रहीम खातून, कल्पना देवी, कुंती देवी, सुधा देवी, तारामती देवी, सुमंती देवी समेत कई अन्य लोग शामिल हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 20 जनवरी तक मरकच्चो प्रखंड में महासम्मेलन आयोजित किया जायेगा, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। बैठक को बलदेव दास, रामेश्वर यादव, असगर अली, मुंशी दास, सदानंद सिंह, लोकनाथ साव सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन सदानंद सिंह ने किया।

## परिषद के सफाईकर्मियों को किया गया सम्मानित



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** मारवाडी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को चांडक कॉम्प्लेक्स स्वच्छता समिति और आसपास के 70 घरों में डोर टू डोर कूड़ा उठाव के लिए जागरूक किया। रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के वजह से कैंपस के बच्चों ने ग्रीन तिलैया क्लीन तिलैया के तहत हाथों में तख्ती लेकर लोगों को जगारूक भी किया। बच्चे तख्तियों में हमसब का यही सपना स्वच्छ भारत हो अपना, स्वच्छ रहो स्वस्थ रहो, एक कदम स्वच्छता की ओर, स्वच्छ रहो स्वच्छ बोलो– जैसे नारे भी लगा रहे थे। इसमें नायशा छाबडा, सीरत आजमानी, अयांश छाबड़ा, वैदिक चौधरी, लेवेश अग्रवाल, विवान पिलानिया, वीयांश गंगवाल, शायशा गंगवाल, नमन सिंह, आरवी संघई सहित अन्य बच्चे उपस्थित थे। मौके पर अमित सिंह, अजय घोष, श्याम कुमार गुप्ता, सफाई कर्मी सुनील मेहता, चालक सुरज चंद्रवंशी और वार्ड 9 के सुपरवाइजर लोकेश कुमार, जेसीबी ऑपरेटर मनोज कुमार यादव, पर्यावरण मित्र सुनीता देवी, मनीषा देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मंच के अध्यक्ष राहुल जैन ने कहा कि सफाई मित्र अभियान के असली नायक होते हैं। इंदौर जैसे शहर को स्वच्छ बनाने की इच्छा के लिए बधाई दी और इसी तर्ज पर कोडरमा डीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, झुमरीतिलैया नगर परिषद के प्रशासक अंकित गुप्ता, सीटी मैनेजर लिमांशू कुमार, रंधीर कुमार के द्वारा चांडक कम्पलेक्स को पायलट प्रोजेक्ट तहत चुने जाने और वर्तमान समय में प्रतिदिन डोर टू डोर घरों से कलेक्शन करना, सप्ताह में दो दिन झाडू लगाना सहित स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए तारीफ की। सचिव अंकित केडिया एवं वार्ड कमिटि 9 के मंच एवं प्रेरणा शाखा के पदाधिकारी व सदस्यों में अरविन्द चौधरी, संजय अग्रवाल, शशि सेठी, दीपक दारूका, मोहित संघई, शुभम चौधरी, ईशान सेठी, मनीष अग्रवाल, आशाा बजाज, नेहा गंगावाल, प्रगति चौधरी, नेहा बजाज, प्रियंका अग्रवाल, अनु संघई ने इन्हें स्वच्छ भारत के सच्चे सिपाही बताया और उनके सम्मान को राष्ट्र का सम्मान बताया। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच को गैबीएन संजय बजाज और विनीत स्पोर्ट्स अकादमी के सहायता से उपलब्ध कराया गया। मौके पर राहुल चौधरी, रौनक काशलीवाल, सौरभ जैन, विकास जैन, नवीन जैन, मनीष गंगवाल अनु शर्मा, रश्मि छाबडा, प्रियंका अग्रवाल, सिम्मी छाबडा रश्मि पिलानिया, अन्नु शर्मा, प्रिया अजामानी, आरडी सिंह, नरेश जैन, प्रदीप हिसारिया, पंकज पुगलिया, राजू शर्मा, मिंटू बजाज, सौरव जैन लुहाड़िया उपस्थित थे।

# पुलिस ने आलोक गिरोह के चार सक्रिय सदस्यों को दबोचा

**कार्बाइन समेत 3 पिस्तौल बरामद**

**अर्जुन करमाली उर्फ जयकांत उर्फ भैरव सिंह पर 15 मामले हैं दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने चार कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। जो पहले टीपीसी के लिए काम करते थे। बाद में अलग गिरोह बना लिया, जिसका नाम उसने आलोक गिरोह रखा था। आलोक गिरोह के चार अपराधियों के पास से पुलिस ने तीन पिस्तौल, एक कारबाइन गन, 9 जिंदा कारतूस, 8 मोबाइल समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में कुछ अपराधी हथियार और गोली के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बुंडू के जंगल में जमा हुए हैं। बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 अपराधी अर्जुन करमाली उर्फ जयकांत उर्फ भैरव सिंह, समीर कुमार, राहुल कुमार, निखिल विश्वकर्मा को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अर्जुन करमाली ने बताया कि सभी पहले प्रतिबंधित संगठन टीपीसी में सक्रिय था। बाद में अलग आलोक गिरोह बना लिया। जिसको राहुल तूरी संचालित करता था। परंतु राहुल तूरी के मारे जाने के बाद आलोक गिरोह का संचालन अर्जुन करमाली करने लगा। इसी संगठन ने 23 नवंबर को रात्रि में बुंडू के रूपलाल करमाली को घर में घुसकर डायन बिसाही का आरोप लगाकर गोली मारकर भी हत्या की थी। आलोक गिरोह की बात करें तो यह रामगढ़, रांची, चतरा, हजारीबाग में सक्रिय था। एनटीपीसी और इसके एमडीओ कंपनी, ट्रांसपोर्टों से लेवी वसूलने और घटना को अंजाम देता था। पुलिस ने उनके पास से एक कार्बाइन मशीन गन, तीन पिस्टल, 9 जिंदा गोली, आठ मोबाइल फोन, दो मोबाइल बैटरी, दो राउटर सिम लगा हुआ और एक स्मार्ट वॉच जब्त किया है। इन चारों में से एक अपराधी अर्जुन करमाली उर्फ जयकांत उर्फ भैरव सिंह पिता करीमन करमाली जो केरेडारी थाना के बुंडू गांव का रहने वाला है। उस पर 15 मामले हजारीबाग चतरा और रांची के कई थानों में दर्ज है।

## जमीन विवाद में युवक ने लहराया नकली पिस्टल

**पुलिस ने लिया हिरासत में हो रही पूछताछ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत रांची-पटना रोड मुख्य मार्ग स्थित टीवीएस शोरूम के पीछे रविवार को जमीनी विवाद को लेकर एक युवक द्वारा नकली पिस्टल (लाइटर) लहराने का मामला सामने आया है। घटना के दौरान पिस्टल असली है या नकली, इसकी पुष्टि नहीं हो पायी और उसे हिरासत में ले लिया गया। उक्त व्यक्ति की पहचान गोपाल पासवान (पिता तपेश्वर पासवान) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए चंदवारा थाना अंतर्गत आरागारो निवासी राजेश यादव ने बताया कि उनके द्वारा उक्त भूमि को इसी वर्ष सितंबर माह में गोपाल पासवान के रिश्तेदारों से खरीदा गया था। जमीन खरीदने के पश्चात वहां पर मकान निर्माण का कार्य शुरू करवाया गया था। रविवार को भी वे उक्त भूमि पर निर्माण कार्य करवा रहे थे। इसी दौरान वहां पर निर्माण कार्य रोकने के लिए गोपाल पासवान पहुंचा और राजेश यादव को कार्य रोकने की बात कही अन्यथा उसे गोली मार देने की धमकी दी। इतने में ही उसके द्वारा अपनी जेब से पिस्टल निकाल कर हवा में लहराया जाने लगा और राजेश यादव पर भय बनाया जाने लगा। गोपाल के पिस्टल निकालते ही वहां पर मौजूद मजदूर भागने लगे। इसी बीच वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना तिलैया पुलिस को दे दी। जिसके पश्चात तिलैया पुलिस के पैंथर के जवान मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि गोपाल अपने हाथ में एक पिस्टल लहरा रहा था। पैंथर के जवानों ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी प्रकार से गोपाल के हाथ से पिस्टल छिनने में सफलता पाई। वहीं पिस्टल छिनने के पश्चात पैंथर के जवानों द्वारा गोपाल को हिरासत में लेकर थाने लाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। इधर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति से लाइटर पिस्टल बरामद किया गया है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## घरोंजा में धान-पुआल में आग, हजारों का नुकसान



**जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के घरोंजा नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के पास रविवार शाम अचानक लगी आग से कई किसानों का धान-पुआल जलकर खाक हो गया। घटना करीब शाम 4 बजे की है। सुनील यादव, संजय यादव, बालमुकुंद यादव, मणि यादव सहित कई किसानों का धान खलिहान में रखा था, जिसमें आग लगने से लगभग 40-50 हजार रुपये का नुकसान हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक प्रमोद सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को जानकारी दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। भुक्तभोगियों ने मुआवजा देने और प्रखंड स्तर पर अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है।**

## युवाओं की प्रतिभा ही झारखंड की असली ताकत है : मुन्ना सिंह




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड युवा एथलेटिक्स संघ (स्वः राम अवतार सिंह) द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट में रविवार को पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने शिरकत कर युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। हजारीबाग झील परिसर से शुरू हुआ दौड़ जो कि इस्लामिया स्कूल के मैदान में खत्म हुआ। इस अवसर पर रामगढ़ विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या बक्सी (डायरेक्टर, गुलमोहर पब्लिक स्कूल), सबीर अहमद (चेयरमैन, ओएसिस स्कूल), पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, सेवा दल जिला अध्यक्ष गुडु सिंह, कांग्रेस नेत्री कोमल राज और कोच वसीम की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का मनोबल कई गुना बढ़ा दिया। जबकि पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने मैदान में उतरकर प्रतिभागी खिलाड़ियों से मुलाकात की और कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि एक बेहतर समाज, बेहतर सोच और मजबूत भविष्य की नींव हैं। हमें झारखंड की युवा शक्ति पर पूरा भरोसा है और कांग्रेस सदैव उनके सपनों को सम्मान और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर बाबी, जावेद मलिक, विक्की कुमार धान, साबीर अली, मो लाल, मो वफा अली, दिनेश यादव, राकेश कुमार, भोला सिंह आदि उपस्थित थे।

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक संपन्न



**हजारीबाग सदर (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुटपा पंचायत के ग्राम बनाहप्पा स्थित शिव मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बनाहप्पा के साथ-साथ हुटप्पा, लखैया, तरवा, खरवा, जीनगा, मेरु, डुमर, सरोनी और चाया गांव के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ को भव्य और सफल बनाने वा विभिन्न समितियों का गठन करना और सभी लोगों की आर्थिक और शारीरिक सहयोग सुनिश्चित करना था। ग्रामीणों ने निष्ठापूर्वक अपनी-अपनी जिम्मेदारियाँ निभाने का संकल्प लिया। 2 फरवरी मंडप प्रवेश और भव्य कलश यात्रा, 3 फरवरी हवनात्मक कर्म और अन्नादिवास, 4 फरवरी फूल पात्रादिवास, 5फरवरी नगर परिक्रमा, महाभिषेक, गुरु पूजन और सैयादिवास, 6 फरवरी प्राण प्रतिष्ठा, गंगा उद्यापन, पूणार्हुति, महाआरती और महाप्रसाद वितरण के के साथ यज्ञ संपन्न होगा। बैठक में उपस्थित मंदिर समिति के आयोजकर्ता राम जतन सिंह, राजेश कुमार सिंह, बसंत वर्मा, चंदन सिंह, जागेश्वर यादव, वहीं ग्रामीण बृजेश सिंह, रणधीर सिंह, अभिमन्यु गुप्ता, दिलीप वर्मा, अर्जुन गुप्ता,सूरज चंद्रवंशी, अमरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप पुरी, गुणी महतो, रोहित पुरी, शिव कुमार सिंह, धीरज पुरी, कमल प्रसाद, विजय सिंह, शेखर सिंह, पप्पू सिंह, तुलसी महतो, विजय राम, संकर प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, बसंत प्रसाद आदि शामिल रहे।

# घर-घर चलो अभियान संगठन की मजबूती और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है : अन्नपूर्णा देवी

**भाजपा जिला के मंडल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** भाजपा जिला के मंडल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष अनूप जोशी की अध्यक्षता में संपन्न हो गयी। बतौर मुख्य अतिथि बैठक सांसद सह केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सभी मंडल अध्यक्षों से संगठन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने आगामी घर-घर चलो अभियान और हर घर स्वदेशी, घर- घर स्वदेशी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने मार्गदर्शन देते हुए बताया कि यह अभियान संगठन की मजबूती और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि हर घर स्वदेशी अपनाने के लिए लोगों को जागरूक करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा भेजा गया पत्रक प्रत्येक घर तक पहुंचाना है और स्वदेशी अभियान से संबंधित स्टिकर घर-घर लगवाए जाने हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस पहल से जोड़ा जा सके। बैठक में सभी मण्डल अध्यक्षों ने संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मंडल अध्यक्षों सुनील पंडित, सुधीर सेठ, महेश वर्मा, सुरेन्द्र यादव, सुनील यादव, द्वारिका राणा, विजय राणा, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## झारखंड बनाम केरल अंडर-19 मुकाबला आज से शुरू



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कूच बिहार अंडर-19 टूर्नामेंट के तहत झारखंड और केरल की टीमें आज से संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम, हजारीबाग में चार दिवसीय मुकाबले में आमने-सामने होंगी। इस मैच को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क रखा गया है और किसी भी प्रकार के पास या टिकट की आवश्यकता नहीं होगी। प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को मैच देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। सुबह 9 बजे निर्धारित समय पर मैच की शुरुआत होगी, जिसके तहत 90 ओवर का खेल होगा। यह पहली बार है जब हजारीबाग में इस स्तर का अंडर-19 मुकाबला आयोजित किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। रविवार को दोनों टीमों ने संजय सिंह स्टेडियम में दिनभर अभ्यास किया। खिलाड़ियों के ठहरने और अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग होटलों की व्यवस्था की गयी है। एक टीम के अभ्यास समाप्त करते ही दूसरी टीम मैदान पहुंचकर अभ्यास करती नजर आई। एचडीसीए की टीम आयोजन को सफल बनाने के लिए लगातार सक्रिय है। स्टेडियम की पिच और आउटफील्ड की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बीसीसीआई के निर्देश पर जेएससीए के आधिकारिक प्रतिनिधि और पूर्व रणजी खिलाड़ी राजेश वर्मा बांबी हजारीबाग पहुंचे हैं। उनके साथ जेएससीए के मुख्य ग्राउंड विशेषज्ञ सुमित और विनय भी मौजूद रहेंगे, जो मैच समाप्ति तक पिच व आउटफील्ड का संपूर्ण तकनीकी प्रबंधन संभालेंगे। झारखंड टीम में हजारीबाग के युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी राहुल रजक का चयन इस मुकाबले का स्थानीय आकर्षण है। एसडीसीए के सचिव बंटी तिवारी ने बताया कि यह मुकाबला हजारीबाग क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक अवसर है और इससे स्थानीय खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों को नई ऊर्जा मिलेगी।

## बौधा डैम में कमेटी गठन को लेकर हुई ब्राह्मण समाज की बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बौधा डैम में रविवार को प्रखंड स्तरीय कमेटी के गठन को लेकर कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की बैठक सह वनभोज का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता झरपो के रामलखन पांडेय द्वारा की गयी। वहीं संचालन ज्योतिष पंडा ने किया। बैठक से पहले भगवान परशुराम की चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गयी। इस दौरान मुख्य अतिथि चुनाव प्रभारी व कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक, प्रदेश महामंत्री तुलेश्वर पांडेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष सरोज पांडेय, दामोदर मिश्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रिटायर्ड एएसआई रामेश्वर पांडेय, प्रदेश सचिव बंटी मिश्रा, उपेन्द्र पांडेय उपस्थित हुए। बैठक में झरपो, भराजो, डुमर, अमनारी, खैरा, बौधा, खैरिका, बेड़म समेत अन्य गांव के कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष पद का फार्म भरा गया जिसमें सर्वसम्मति से उमेश कुमार पांडेय को दुसरी बार प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। वहीं सचिव सुखदेव पांडेय, कोषाध्यक्ष अनंत पांडेय का चयन किया गया। इसके अलावे उपाध्यक्ष पद के लिए केदारनाथ पांडेय, विनय पांडेय, विजय पांडेय, सलाहकार समिति में महेश पांडेय, जगदीश पांडेय, रामलखन पांडेय, छक्कन पांडेय, संगठन मंत्री महेन्द्र पंडा, महामंत्री सुनिल पांडेय, उपसचिव सुरेश मिश्रा, उपकोषाध्यक्ष शानु पंडा, कार्यकारिणी सदस्य में धर्मेन्द्र पांडेय, विकास पांडेय, अशोक पांडेय, वकिल पांडेय, सुबोध पांडेय, महेन्दू पांडेय, गंगाधर पांडेय, नरेश पांडेय, सत्यानंद पांडेय को नियुक्त किया । चयन के बाद सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर शपथ दिलाया गया। बैठक के दौरान समाज के विकलांग, विधवा, गरीब कन्याओं का विवाह और अन्य प्राकृतिक दुर्घटना से पीड़ित लोगों को आर्थिक मदद से लेकर हर तरह का सहयोग करने का निर्णय लिया गया। वहीं समाज में सभी को एकसाथ मिलकर रहने की सलाह दी गयी।

## शीतलहर से ठंड बढ़ने पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने की अलाव की व्यवस्था



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड में तीन दिनों से शीत लहर चलने से ठंड बढ़ गयी है। ठंड बढ़ने से जनजीवन अस्त व्यस्त है। प्रखंड प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गयी है। बड़कागांव दैनिक बाजार, मुख्य चौक में क्रय विक्रय करने वाले और यात्रियों को ठंड से कांप कपाते लोगों को देखकर सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता और समाजसेवी सोनू इराकी द्वारा बड़कागांव मुख्य चौक में अलाव की व्यवस्था की गई।जिससे लोगों को राहत मिली। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो इब्राहिम, नवीन ठाकुर, सरोज कुमार, सोहेल गैरेज मौजूद थे। दोनों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि अलाव की व्यवस्था दिसंबर तक किया जायेगा। इन दोनों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रखंड प्रशासन से मांग किया है कि बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था किया जाये।

## कोल माइनिंग दिवस पर केरेडारी परियोजना ने मनाया करुणा का उत्सव



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** कोल माइनिंग दिवस के अवसर पर केरेडारी कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने इस पावन दिवस की शुरूआत हजारीबाग स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर की। केक कटते ही बुजुर्गों के झुर्रियों से भरे गाल मुस्कान में निखर उठे और उनकी आंखों में आशीष की उजली चमक तैर गयी। स्नेह अपनापन, देखभाल और मिठास से भरे उपहारों ने पूरे वातावरण को मानवता की ऊष्मा से भर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्कृति महिला समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिन्होंने अपने समर्पण से इस पहल को एक भावपूर्ण सामाजिक संदेश में बदल दिया। इस अवसर पर श्री रोहित पाल, प्रमुख (मानव संसाधन), एस. पी. गुप्ता, महाप्रबंधक (पुनर्वास और पुनर्स्थापन विभाग) तथा मुकेश साहू गरिमामयी उपस्थिति के साथ शामिल रहे। इनके साथ महिला क्लब की सदस्याएं भी उपस्थित रहीं जिनकी संवेदनशील भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक हृदयस्पर्शी बनाया। कोल माइनिंग दिवस पर आयोजित यह आयोजन सिर्फ एक समारोह नहीं, बल्कि यह संदेश था कि जहां स्नेह पहुंचता है, वहां आशीर्वाद स्वयं खिल उठते हैं।

# जेएलकेएम की पदयात्रा का रामगढ़ में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति लागू करे सरकार : जेएलकेएम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले राज्य के छात्रों - छात्राओं के हक अधिकार की रक्षा और लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर छात्र अधिकार पदयात्रा रविवार को रामगढ़ पहुंचा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने पद यात्रा में शामिल नेता और कार्यकर्ताओं को जोरदार स्वागत किया। बताते चले कि यह यात्रा 4 दिसंबर 2025 को डुमरी (चिरैया मोड़) गिरिडीह से प्रारंभ किया गया है। जिसके बाद बगोदर, विष्णुगढ़, हजारीबाग, मांडू, कुज्जु, नयामोड होते हुए छात्र अधिकार पदयात्रा रामगढ़ पहुंचा।



**कौन कौन थे शामिल**

छात्र अधिकार पदयात्रा में मुख्य रूप से मोतीलाल महतो, देवेंद्रनाथ महतो, रवि महतो, दीपक रवानी, महेंद्र प्रसाद मंडल, संजय महतो, बिहारी महतो, दिनेश साहु, उदय मेहता, संतोष चौधरी, रमेश कुमार महतो, राजेंद बेदिया, पूजा महतो, लीलावती महतो,पवन कु महतो समेत केंद्र, प्रदेश, जिला, प्रखंड, पंचायत, सक्रिय सदस्य के अलावा हजारों लोग उपस्थित थे।

**9 दिसंबर को रांची विधान सभा धरना स्थल पहुंचेगी यात्रा :** यात्रा में शामिल नेताओं ने बताया कि लोगों में एक नई जोश, उत्साह और उमंग इस पदयात्रा में देखी गयी। यह पदयात्रा ओरमाझी रांची होते हुए 9 दिसंबर 2025 को विधानसभा धरना स्थल रांची में विशाल जनसभा के साथ संपन्न होगी। इस पदयात्रा में रामगढ़ जिला की अहम भूमिका होगी और पदयात्रा में सैकड़ों लोग शामिल होंगे।

**खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति लागू करने की मांग :** पदयात्रा की प्रमुख मांगों में मुख्य रूप से खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति को अभिलंब लागू किया जाये। छात्रों को लंबीत छात्रवृत्ति का तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाये। जेपीएससी, जेएसएससी, जे -टेट की सभी लंबित परीक्षाओं के परिणाम शीघ्र प्रकाशित की जाये। झारखंड सरकार प्रतिवर्ष नियमित परीक्षा कैलेंडर जारी करें और उसके अनुपालन को सुनिश्चित करें। राज्य के सभी सरकारी रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाये।

# जेएलकेएम नेता का जगह-जगह हुआ स्वागत

**सरकार से 5 सूत्री मांग को लेकर 180 किमी पैदल यात्रा कर रामगढ़ पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** झारखंड लोकतान्त्रिक क्रन्तिकारी मोर्चा के सुप्रीमो डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो के निर्देश पर छात्र अधिकार पदयात्रा का आयोजन किया गया, पदयात्रा 4 दिसंबर को डुमरी से दर्जनों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सड़क मार्ग से पैदल चलकर रविवार को रामगढ़ जिला प्रवेश किया जहां कुजु चौक, हेसागड़ा, नई सराय रामगढ़ पटेल चौक, सुभाष चौक पर कई पार्टी नेताओं ने जगह जगह पर फूल माला से स्वागत किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार बताया गया की पार्टी के महासचिव नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा की झारखंड सरकार द्वारा पिछले दो वर्षों से स्कूल, महाविद्यालय, बीएड कॉलेज, इंजीनियरिंग सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों मे पठन पाठन कर रहे लाखों छात्रों अबतक छात्रवृत्ति नहीं दिया गया है जिससे छात्रों के समक्ष विकट स्थिति हो गयी, खतियानी आधारित नियोजन नीति, रोजगार नीति, लंबित परीक्षा का शीघ्र रिजल्ट प्रकाशित, सरकार की रिक्त पदों को भरने, कई प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी करने सबंधित अपनी मुख्य 5 सूत्री मांग पत्र को लेकर पदयात्रा निकाली गयी थी शुरुआत डुमरी विधानसभा से 4 दिसंबर का प्रारम्भ किया गया, बिष्णुगढ़ होते हजारीबाग सड़क मार्ग से पैदल यात्रा की गयी, जो रामगढ़ 8 दिसंबर को पहुंचा और 9 दिसम्बर को रांची मे समाप्ति होगी तत्पश्चात रांची मे झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जायेगा। जबतक मांग पूरी नहीं होगी तबतक संघर्ष जारी रहेगा, इस मौके पर नेता बिहारी महतो वरिष्ठ नेत्री रूपा कुमारी पूजा कुमारी लीलावती देवी सहित कई दर्जन कार्यकर्त्ता शामिल थे।




# बच्चों को दी गयी बाल संरक्षण अधिनियम की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** स्थानीय अनुसूचित जाति प्राथमिक आवासीय विद्यालय में बाल दिवस पर जागरूकता शिविर कार्यक्रम आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर का आयोजन हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों को बाल अधिकार, बाल श्रम, बाल संरक्षण अधिनियम के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। बच्चों को उनके अधिकार के बारे में बताया गया। मौके पर उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ बाल संरक्षण को लेकर चर्चा किया गया। हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव ने उपस्थित बच्चों को बाल संरक्षण, शिक्षा के अधिकार सहित अन्य कई बिंदुओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दिया। वही बच्चों को सरकारी सुविधाओं का लाभ लेते हुए उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए उत्प्रेरित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षक उपस्थित थे।



## दुर्घटना में दो युवक घायल

**सतगावां(आजाद सिपाही)। रविवार की देर शाम ग्राम माथाखैरा में मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पुलिस वाहन पहुंची और दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां वे नाम पता बताने के स्थिति में नहीं थे। उनके पास के आधार कार्ड से उनकी पहचान संदीप कुमार (17 वर्ष), अंकित कुमार (32 वर्ष) ग्राम मरकच्चो रामनगर, थाना गिरियक के रूप में की गयी है। डॉक्टर रामाशीष चौधरी के द्वारा इलाज किया गया और गंभीर स्थिति को देखते हुए कोडरमा रेफर कर दिया गया। युवक बासोडीह तरफ से अपने घर जा रहा था। लोगों ने बताया कि गोविंदपुर की ओर से ईंट लदा ट्रैक्टर तेज रफ्तार में बासोडीह तरफ जा रहा था, बाईक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर में टक्कर मार दिया।**

## क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत शुरू

**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज- प्रतापपुर मुख्य मार्ग स्थित गोमे पुल के समीप क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया। ज्ञात हो कि बारिश का कारण टूट गया था पानी के अधिक बहाव के कारण रोड़ एक हिस्सा टूटकर बह गया था। जिससे लोगो को आने-जाने में काफी दिक्कतें होती थी। सबसे अधिक दिक्कत वाहनों के आवागमन में होती थी। पहले गार्डवाल का निर्माण किया जा रह है। गार्डवाल निर्माण के बाद सड़क सुदृढ़ किया जायेगा।



## सड़क हादसे में महिला समेत चार घायल

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** एनएच 22 चतरा- डोभी मुख्य पथ पर गोदावार गांव के समीप रविवार दोपहर तेज रफ्तार जा रहे एक बाइक चालक ने सड़क पार कर रही एक महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। वहीं बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। चारों घायलों को स्थानीय पुलिस ने हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बार स्थिति नाजुक देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। महिला की स्थिति काफी चिंताजनक बताई जा रही है।

# हॉस्पिटल में प्रसव प्रोत्साहन राशि के नाम पर फ्रॉड

**हॉस्पिटल से नहीं जा रहा कॉल : प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी**

**साइबर फ्रॉड कॉल से लोगों को सावधान रहने की अपील : थाना प्रभारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज में साइबर ठगों द्वारा हॉस्पिटल में हुए प्रसव के प्रोत्साहन राशि के नाम पर भोले - भाले लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। ठगों के द्वारा सबसे पहले प्रसव के कुछ महीना के बाद फर्जी कॉल किया जाता है जिसमें ठग झांसा देकर कहते हैं कि सरकारी हॉस्पिटल से बोल रहे हैं हॉस्पिटल में जन्म लिये आपके पुत्र का प्रोत्साहन राशि भेजना है, आप ओटीपी बताएं। भोले भाले लोग झांसे में आकर ओटीपी दे देते हैं, और ठग कुछ ही मिनट में उनके बैंक का खाता खाली कर देते हैं। ताजा मामला हंटरगंज थाना क्षेत्र के नागर गांव की है। जहां नागर गांव निवासी नूतन कुमारी के पास साइबर ठग का कॉल आया। सबसे पहले ठग ने बोला आपकी बेटी है प्रज्ञा कुमारी, महिला ने जवाब दिया हां, फिर ठग ने बताया कि आपको बेटी के प्रसव प्रोत्साहन राशि भेजना है, आप फोन पे ऑन करें मैं हंटरगंज सरकारी हॉस्पिटल से बड़ा बाबू दीपक कुमार वर्मा बोल रहे हैं। जिसके बाद महिला ने जवाब दिया कि मेरे पास फोन पे नहीं है। मैं खुद आ रहा हूं हॉस्पिटल, जब आनन - फानन में दौड़े - दौड़े महिला पहुंची तो कर्मियों से पूछा कौन है दीपक वर्मा। हॉस्पिटल कर्मियों ने बताया कि कोई भी दीपक वर्मा नहीं है, तब महिला को एहसास हुआ कि वह ठग शिकार होने वाली थी। गनीमत रही कि महिला ने फोन पे नहीं खोला। नहीं तो पल भर में सारा खाते से राशि गायब हो जाती। ज्ञात हो कि बुधवार को थाना क्षेत्र के हिरिंग गांव निवासी मुकेश कुमार को भी साइबर ठगों ने प्रसव प्रोत्साहन राशि का झांसा देकर अठारह हजार दो सौ अट्ठानबे (18,298) टका चूना लगाया था। चिकित्सा प्रभारी वेद प्रकाश ने कहा कि हॉस्पिटल से कोई कॉल नहीं जा रहा है। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि साइबर अपराधी सबसे पहले लोगों का भरोसा जीतते हैं और फिर उनके बैंक अकाउंट, आधार, ओटीपी व अन्य निजी जानकारी हासिल कर बैंक खाता खाली कर देते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान नंबर से आने वाले लिंक, केवाईसी अपडेट कॉल या धन वापसी के संदेश पर बिल्कुल भी भरोसा न करें। बैंक, पुलिस या किसी भी सरकारी विभाग की ओर से कभी भी फोन पर ओटीपी या खाता विवरण नहीं मांगा जाता। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि यदि कोई भी संदिग्ध संदेश, कॉल या लेन-देन दिखाई दे तो तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। पुलिस आपकी सेवा में तत्पर है।



## स्थानीय विस्थापित मोर्चा की हुई बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू डेम लेक रिसॉर्ट के समीप स्थानीय विस्थापित मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सुखदेव प्रसाद और संचालन सूरज पांडेय ने की। बैठक में रोजगार से संबंधित मुद्दों पर चर्चा और बालकुदरा लोकल शेल संबंधित मुद्दों पर चर्चा किया गया। साथ ही इस क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को लेकर व्यापक आंदोलन करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इन सभी समस्याओं को लेकर 8 दिसंबर को अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपने की बातें कही गयी। इस मौके पर स्थानीय विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष कुलदीप यादव, सचिव सरफराज अहमद, जहांगीर अंसारी, योगेश करमाली, मुस्लिम अंसारी, नेसार खान, अब्दुल अंसारी, मानक मुंडा, गोविंद यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने पतरातू सांकुल सड़क में पानी बहाने पर नियंत्रण करने को लेकर चलाया अभियान



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू ब्लांक मोड़ से सांकुल जाने वाले सड़क में पानी बहाने पर नियंत्रण करने और सड़क पर अतिक्रमण को हटाने को लेकर दो पंचायत के लोग एकत्रित होकर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। इसमें पतरातू पंचायत के मुखिया गिरजेश कुमार सांकुल मुखिया सुमन भारती पंसस ज्योति गुप्ता सहित दोनों पंचायत क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। जिन्होंने पतरातू - सांकुल सड़क में हर समय गंदा पानी बहाने और रोड का अतिक्रमण करने का विरोध किया। मौके पर अवधेश सिंह, सुशील कुमार सिंह, रामकुमार राम, रविंद्र शर्मा, रवि दत्ता, राजन सिंह, परमानंद राजीव कुंवर सिंह, दिलावर सिंह, विजय साहु, शरदेंदु कुमार, रंजीत ठाकुर, परमेश्वर कुमार सहित पतरातू और सांकुल के दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## ड्रैगन बोट के सचिव और खिलाड़ियों ने मंत्री से की मुलाकात



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में झारखंड ड्रैगन बोट के सचिव संतोष कुमार और खिलाड़ियों ने मंत्री सुदीप्य कुमार सोनू से उनके रांची स्थित आवास में मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने मंत्री के समक्ष खिलाड़ियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। मंत्री को बताया गया कि नवंबर महीने में महाराष्ट्र में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय सीनियर ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में इन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए झारखंड के लिए पांच पदक जीते थे। इसके अलावे खिलाड़ियों ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफलता हासिल किया है। इसके बावजूद आज तक इन खिलाड़ियों को कभी भी प्रोत्साहन करने के लिए सम्मान राशि नहीं दी गयी है। मंत्री से ड्रैगन बोट के खिलाड़ियों को सम्मान राशि प्रदान करने की मांग की गयी। इसके अलावे कार्गो कंपनी का दो पीस डीबी 22 स्टैंडर्ड बोट कार्बन पेंडल सेट के साथ, दो पीस डीबी 22 स्मॉल बोट कार्बन पेंडल के साथ उपलब्ध कराने की मांग की गयी। मुलाकात के दौरान खिलाड़ियों ने अपने प्रशिक्षण की व्यवस्था, संसाधनों की कमी, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, अभ्यास के लिए उपयुक्त स्थान, और राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर अवसर जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। विधायक ने मंत्री को विस्तारपूर्वक उन चुनौतियों से अवगत कराया जिनका सामना हमारे झारखंड के ड्रैगन बोट खिलाड़ी प्रतिदिन कर रहे हैं। साथ ही खिलाड़ियों की मेहनत, उनकी प्रतिभा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की संभावनाओं पर भी जोर दिया। मंत्री ने खिलाड़ियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक सहयोग व सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया।

## कुस्टे गढ़ा में शहीद जितराम बेदिया की लगेगी प्रतिमा



**गोला (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया का कुस्टे गढ़ा में भव्य प्रतिमा बनाया जायेगा। इसका बुनियाद रविवार को रखी गयी। बेदिया समाज के लोगों ने बताया कि शहीद जितराम बेदिया के कार्यों को समाज कभी भूल नहीं पायेगा। इनके बताये रास्ते में हम सबो को चलने की आवश्यकता है। इनके याद में प्रतिमा बनाया जायेगा। समाज के आनंद बेदिया ने बताया कि प्रतिमा का अनावरण तीस दिसंबर को किया जायेगा। इस अवसर में भव्य मेला का भी आयोजन होगा। मौके पर जिप सदस्य सरस्वती देवी, भदरू बेदिया, जावेद अंसारी, राजन बेदिया, ब्रजकिशोर बेदिया, बिनोद बेदिया, सोहन बेदिया, सत्यनारायण बेदिया, कोलेश्वर आदि थे।

## झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक में वन भोज सम्मेलन समारोह पर चर्चा



**गोला (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी समन्वय समिति की बैठक रविवार को डाक बंगला परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता सुनील राज चक्रवर्ती और संचालन देवकी प्रसाद ने किया। बैठक के दौरान आगामी चार जनवरी को वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन कोराम्बे पंचायत के घोरघोरा गांव के बड़का तलाब के समीप करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से भोला राम मांझी, आदित्य महतो, अमुल्य उपाध्याय भोला रविदास, राजा राम महतो, भोला गंझू, पियारी मुंडा, सिता देवी, महेश राम बेदिया, रेखा देवी, दिनेश बेदिया, रुक्मिणी देवी, परदेशी बेदिया आदि थे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन में डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम



**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्ज्वला फाउंडेशन के सदस्यों के साथ एनआइसी ने डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम जेपी रेस्टोरेंट, बोंगाबार में की। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन आशा कुमारी ने की। बैठक में मुख्य रूप से एनआईसी रीजनल मैनेजर सुजीत चौधरी, तन्नू, राजेश साहू शामिल रहे। बैठक के दौरान सुजीत चौधरी ने महिलाओं को डिजिटल जागरूकता से अवगत कराया। कहा कि वर्तमान समय में सभी को तकनीक से जोड़ना ही असली विकास है। इसके लिए उन्होंने महिलाओं को आर्थिक बचत हेतु ट्रेडिंग प्रक्रिया की जानकारी दी। बताया कि ट्रेडिंग के माध्यम से मिलने वाले मुनाफे से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपना परिवार चला रही है। उन्होंने फाउंडेशन को कंप्यूटर प्रशिक्षण देने की बात कही। वहीं, फाउंडेशन को कंप्यूटर और सिलाई मशीन देने का भरोसा दिलाया। वहीं, फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि हमारा प्रयास है कि फाउंडेशन से जुड़े सभी सदस्य आत्मनिर्भर बने। इसके लिए मैं हमेशा प्रेरित कर रहा हूं। क्योंकि सदस्यों के विकास से ही फाउंडेशन की असली पहचान है। वहीं, 75 सदस्यों के बीच बढ़ते ठंड को देखते हुए अतिथियों द्वारा गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। बैठक में जनक प्रसाद, दशरथ प्रसाद केशरी, परमेश्वर केशरी, प्रकाश केशरी, शांति देवी, सुमन देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, वीणा देवी समेत कई सदस्य शामिल रहे।

## गरीबों के बीच भोजन का वितरण




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण किया गया। इस दौरान लगभग 150 गरीब महिला-पुरुष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी और जलेबी का वितरण किया गया। जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरित करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि पिछले दस वर्षों से यह भोजन सेवा जन सहयोग से लगातार चल रही है और आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने ऐसे नेक और सामजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, शिवकुमार यादव, उदयभान दुबे, गौरी शंकर महतो, लखन राम, संजू सिन्हा, विजय राम, मो. शाहिद सहित कई लोगों का योगदान रहा।

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल कपका को सीबीएसइ से मिली मान्यता, क्षेत्र में खुशी की लहर




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कपका स्थित पीएम इंटरनेशनल स्कूल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड न्यू दिल्ली द्वारा आधिकारिक मान्यता प्रदान की गयी है। यह उपलब्धि विद्यालय और क्षेत्र दोनों के लिए ऐतिहासिक मानी जा रही है। विद्यालय के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पार्वती देवी, पिता और संस्था के अध्यक्ष लालधारी महतो को देते हुए कहा कि संस्था की शुरुआत 8 मई 2017 को हुई थी। आठ वर्षों की इस यात्रा में विद्यालय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को संस्कारयुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना रहा है। विद्यालय में स्वच्छ वातावरण, प्रशिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाएं, खेल का मैदान, आधुनिक खेल सामग्री, कंप्यूटर लैब, अत्याधुनिक लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला, मैथ्स लैब, और CWSN अनुकूल शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। वर्तमान में लगभग 850 से अधिक छात्र नई शिक्षा नीति के अनुरूपआधुनिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही विद्यालय सरकारी नियमों के तहत बीपीएल छात्रों और अनाथ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा भी प्रदान कर रहा है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्राचार्य दिनेश कुमार राम, प्रबंधक राजेश कुमार यादव, और शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम बैजनाथ कुमार मंडल, शंभू कुमार शर्मा, नंदेव कुमार, पवन कुमार पंडित, वीरेंद्र कुमार यादव, पप्पू रविदास, चेतलाल रविदास, रवि कुमार, मनीता कुमारी, मानती कुमारी, शीला कुमारी, रीना कुमारी, सुशीला कुमारी, विनीता कुमारी, दिव्या कुमारी, प्रिया श्रीवास्तव, सुलेखा देवी, नेहा कुमारी और सरिता कुमारी की मेहनत से विद्यालय निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। CBSE से मान्यता मिलने की खुशी में विद्यालय परिवार ने बोर्ड का आभार व्यक्त किया और निदेशक को बधाइयां दीं। इस उपलब्धि से कपका सहित पूरे बरकट्ठा क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल है, क्योंकि अब बच्चों को स्थानीय स्तर पर ही राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## झारखंड कुर्मी महासभा के प्रदेश स्तरीय संगठन का चुनाव हुआ संपन्न



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कुर्मी महासभा का रांची मे रविवार को प्रदेश कार्यालय रांची स्थित बड़गाई बरियातु रोड में राज्य स्तरीय झारखंड कुर्मी महासभा के प्रदेश सांगठनिक चुनाव किया गया झारखंड प्रदेश कुर्मी महासभा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सह दुरसू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो भी शामिल हुए कुर्मी समाज के सांगठनिक चुनाव में सामान्य, युवा पुरुष प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ का चुनाव हुआ,इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे रांची लोकसभा के पूर्व सांसद रामटल चौधरी,उपस्थित हुए इस दौरान मुखिया देवकी महतो ने कहा कि यह चुनाव निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न हुआ,सामाजिक विकास के लिए बहुत जरूरी है संगठित रहना, समिति का चुनाव से समाज में हर्ष के माहौल है, पदाधिकारी बने उम्मीदवारों को धन्यवाद दिया गया आशा करता हूं कि सभी पदाधिकारियों-अपने पद की गरिमा पर रहकर समाज के लिए अच्छे कार्य करेंगे, जिससे समाज के उत्थान हो और समाज के लोगों में विश्वास की भावना बना रहे। नव निर्वाचित झारखंड प्रदेश समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष कारीनाथ महतो को बनाया गया, महासचिव रामेश्वर महतो, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामलाल महतो, प्रदेश संरक्षक कुमेश्वर महतो को बनाया गया। कुर्मी महिला प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश महिला अध्यक्ष शांति महतो बनी महिला महासचिव मंजू देवी, महिला कोषाध्यक्ष विमला देवी, प्रदेश युवा महासचिव गुलचंद महतो, युवा कोषाध्यक्ष नितेश कुमार, मुख्य चुनाव पदाधिकारी डॉ भुनेश्वर महतो, सहायक चुनाव पदाधिकारी देवकी महतो, भुवनेश्वर महतो और रामनारायण पटेल, मतदान में बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी, पूर्व सांसद रांची रामटहल चौधरी, शिवलाल महतो और राजकुमार महतो, ब्रजकिशोर गांधी, रामटहल महतो सहित कई गणमान्य सामाजिक लोग मौजूद थे।

# वायु प्रदूषण का बच्चों पर असर

दिल्ली-एनसीआर में एयर क्वालिटी लैवल गंभीर रेंज में है, ऐसे में डाक्टर चेतावनी दे रहे हैं कि नुकसान बच्चे के जन्म से बहुत पहले ही शुरू हो जाता है। इस बारे में नयी दिल्ली के एम्स में पीडियाट्रिक्स के प्रोफेसर डॉ काना राम जाट से बात की गयी। उन्होंने अजन्मे और छोटे बच्चों पर प्रदूषण के छिपे हुए असर के बारे में बताया कि नुकसान गर्भ में ही शुरू हो जाता है। मां की सांस के जरिए अंदर जाने वाले प्रदूषकक्षण उसके ब्लडस्ट्रीम में जाते हैं और भ्रूण तक पहुंचते हैं, जो ऑक्सीजन और पोषक तत्वों के लिए पूरी तरह से मां के खून पर निर्भर रहता है। एयर प्रदूषक सूजन, ऑक्सीडेटिव स्ट्रैस और भ्रूण को ऑक्सीजन की सप्लाई कम कर देते हैं। इससे अंगों का विकास रुक जाता है, खास कर फेफड़ों में, जिससे नवजात शिशु के रेस्पिरैटरी सिस्टम के खराब होने और उसे नियोनैटल केयर में ज्यादा समय तक रहने की जरूरत पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। ज्यादा प्रदूषण के संपर्क में आने वाले बच्चों का जन्म के समय वजन कम होने, एलर्जी, घरघराहट और अस्थमा होने की संभावना ज्यादा होती है और उनके विकास में देरी का खतरा भी ज्यादा होता है। शिशुओं और छोटे बच्चों के फेफड़े अभी भी बढ़ रहे होते हैं और उनकी कैपेसिटी बहुत कम होती है। इसलिए, उतनी ही प्रदूषित हवा से ज्यादा जलन होती है- जैसे दही के एक छोटे कटोरे में उतनी ही मात्रा में मिर्च पाऊडर डालना, जितनी एक बड़े कटोरे में। छोटे बच्चों में सांस की बीमारियां बढ़ रही हैं। हालांकि इन्फैक्शन की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी नहीं हुई है लेकिन शिशुओं और छोटे बच्चों में पतले एयरवे और कम फेफड़ों की कैपेसिटी के कारण ज्यादा गंभीर लक्षण दिखते हैं। 5 साल से कम उम्र के बच्चों में सबसे आम समस्याओं में वायरल इन्फैक्शन के बाद बार-बार सर्दी-जुकाम, निमोनिया और घरघराहट के दौरे शामिल हैं। प्रदूषण से अस्थमा बढ़ता है, इन्फैक्शन बिगड़ता है और नींद में खलल पड़ता है, घरघराहट बढ़ जाती है, स्कूल छूट जाता है और ज्यादा हॉस्पिटल जाना पड़ता है। हॉस्पिटल अक्सर ज्यादा प्रदूषण के समय बच्चों में सांस लेने की इमरजेंसी बढ़ने की रिपोर्ट करते हैं। छोटे बच्चों में अस्थमा का पता लगाना मुश्किल होता है। क्योंकि कई बीमारियां अस्थमा जैसी ही होती हैं, इसलिए सांस लेने में दिक्कत, सांस लेने में आवाज, होंठ या नाखून नीले पड़ना, ठीक से खाना न खाना, सुस्ती, दौरे पड़ना या रिस्पॉन्स कम होने पर माता-पिता को तुरंत मेडिकल मदद लेनी चाहिए। हर इन्फैक्शन के लिए एंटीबायोटिक्स की जरूरत होती है। खुद से दवा लेना काफी है।


**प्रदूषण से अस्थमा बढ़ता है, इन्फैक्शन बिगड़ता है और नींद में खलल पड़ता है, घरघराहट बढ़ जाती है, स्कूल छूट जाता है और ज्यादा हॉस्पिटल जाना पड़ता है। हॉस्पिटल अक्सर ज्यादा प्रदूषण के समय बच्चों में सांस लेने की इमरजेंसी बढ़ने की रिपोर्ट करते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**निर्वाचन आयोग से मतदाताओं से वर्तमान एसआईआर मॉडल के तहत अपना सत्यापन और नामांकन कराने के लिए कहने के बारे में पूछने से पहले राजनीतिक दलों को अपने लोक कर्तव्य को नहीं निभाने पर आत्मचिंतन करना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग और देश के मतदाताओं के बीच एक मध्यस्थ संस्था के तौर पर कम करने वाले राजनीतिक दल अब लुप्त हो चुके हैं। एसआईआर, जो तब एक सामूहिक परियोजना हुआ करती थी, अब निर्वाचन आयोग के नेतृत्व में अंजाम दी रही है।**

# एसआइआर - एक लोक कर्तव्य

**एस. गुरुमूर्ति**



मेरे जैसे व्यक्ति, जो अपने छात्र जीवन से एक दशक से अधिक समय तक के. कामराज की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी का सक्रिय राजनीतिक कार्यकर्ता रहा, की नजर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर वर्तमान बहस अज्ञानतापूर्ण ही नहीं, बल्कि हास्यास्पद भी है। निर्वाचन आयोग का एसआइआर, मेरे राजनीतिक कार्यकर्ता वाले काल में, पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सामान्य चुनावी गतिविधि हुआ करती थी। मयलापुर विधानसभा क्षेत्र में, जहां मैं 1960 के दशक से रहता हूं, मेरे विधि शिक्षक, जो मयलापुर के कांग्रेस नेता भी थे, के नेतृत्व में मैं एवं मेरे सहकर्मी चुनाव से छह महीने पहले हर घर एवं झोपड़ी में जाते थे और अपने पास मौजूद मतदाता सूची में मृत, दूसरी जगह चले जाने या दूसरी जगह से आने वाले, और नए लोगों के नामों की जांच करते थे और पार्टी नेतृत्व के माध्यम से इस बारे में निर्वाचन आयोग को लिखित रूप से सूचित करते थे।

हम नये मतदाताओं के नाम जुड़वाने, मृत या विस्थापित मतदाताओं के नाम हटाने और मतदाता सूची को अद्यतन करने में मदद करते थे। हम कांग्रेस की एसआइआर टीम हुआ करते थे, जो भारत निर्वाचन आयोग की सहायता करती थी। डीएमके कार्यकर्ता एसआइआर के काम में कहीं अधिक कुशल थे, क्योंकि वे अपेक्षाकृत अधिक प्रतिबद्ध और मेहनती थे। तब पार्टी के कैडर वही काम करते थे, जो आज बूथ स्तर के अधिकारी करते हैं। राजनीतिक दल और निर्वाचन आयोग मिल कर मतदाता सूची तैयार करते थे। इस सूची की प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों की एसआइआर टीम द्वारा क्रॉस-चेकिंग की जाती थी।

**पिछले एसआइआर, जिसे वाजपेयी सरकार ने 2003 में शुरू की थी, को मनमोहन सिंह सरकार ने 2004 में पूरा किया था।**

अब मैं मयलापुर की उन गलियों में जब घूमता हूं, तो मुझे उन घरों की याद आती है जहां मैं उस समय जाया करता था। इन दिनों एसआईआर पर चल रही जोरदार बहस इस तथ्य को उजागर करती है कि उन दिनों की तुलना में मतदाताओं से कटे हुए आज के राजनीतिक दल इस बात से अनजान हैं कि कभी वे खुद एसआइआर को एक लोक कर्तव्य के रूप में अंजाम दिया करते थे।

ये चीजें आखिर बदल कैसे गयीं? उन दिनों राजनीतिक दलों की एकमात्र पूंजी उनके कार्यकर्ता ही हुआ करते थे। लेकिन 1969 में इंदिरा गांधी द्वारा कांग्रेस को तोड़ दिए जाने के बाद, राजनीति में गलत पैसा आने लगा और बेशक उनकी पार्टी के लिए बेहिसाब तरीके से आने लगा। इसने राजनीतिक संस्कृति को पूरी तरह से बदल दिया। इंदिरा गांधी ने अमेरिकी राजदूत डैनियल पैट्रिक मोयनिहान से कहा था कि वह चुनावों को इतना महंगा बना देंगी कि विपक्ष के लिए चुनाव लड़ना ही मुश्किल हो जायेगा और उन्होंने ऐसा ही किया।

जल्द ही, पैसा पहले कांग्रेस पार्टी में और बाद में अधिकांश पार्टियों में कैडर की जगह लेने लगा। तमिलनाडु में, 1971 में, इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने डीएमके के साथ गठबंधन किया और कामराज के नेतृत्व वाली कांग्रेस को हरा दिया, तब से, सबसे मजबूत कैडर आधार वाली डीएमके में भी पैसा काडर की जगह लेने लगा।

आज बहुत ही कम पार्टियों के पास कैडर नाम की निधि बची है। पार्टियों ने यह सुनिश्चित किया था कि मतदाता सूची सिर्फ नामों की नहीं, बल्कि जीवित, वास्तविक एवं वैध मतदाताओं की सूची हो। आज उनका मतदाताओं से उस दौर जैसा कोई जुड़ाव नहीं है। मैं यह बात इस तथ्य पर जोर देने के लिए कह रहा हूं कि एसआइआर एक बार की जांच वाली नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाली और सिर्फ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ही नहीं, बल्कि सभी दलों द्वारा की जाने वाली गतिविधि है। यह सिर्फ निर्वाचन आयोग का कानूनी कर्तव्य नहीं, बल्कि सभी राजनीतिक दलों का एक मान्यता प्राप्त लोक कर्तव्य है।

निर्वाचन आयोग से मतदाताओं से वर्तमान एसआइआर मॉडल के तहत अपना सत्यापन और नामांकन कराने के लिए कहने के बारे में पूछने से पहले राजनीतिक दलों को अपने लोक कर्तव्य को नहीं निभाने पर आत्मचिंतन करना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग और देश के मतदाताओं के बीच एक मध्यस्थ संस्था के तौर पर कम करने वाले राजनीतिक दल अब लुप्त हो चुके हैं। एसआइआर, जो तब एक सामूहिक परियोजना हुआ करती थी, अब निर्वाचन आयोग के नेतृत्व में अंजाम दी रही है।

अगर राजनीतिक दल निर्वाचन आयोग के साथ मिल कर काम करें, तो एसआइआर कोई समस्या नहीं, बल्कि समाधान है। दरअसल बिहार की एसआइआर परियोजना, जो सुप्रीम कोर्ट में जबरदस्त विवादों और बिहार की सड़कों पर ताबड़तोड़ बहस का विषय बनी, में आखिरकार 1.60 लाख राजनीतिक एजेंटों ने वैध मतदाताओं की पुष्टि के लिए निर्वाचन आयोग के साथ मिल कर सक्रिय रूप से काम किया। इन एजेंटों में राजद के 48,000, कांग्रेस के 18,000, भाजपा के 47,000 और जदयू के 37,000 बीएलए शामिल थे।

परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट, जिसे राजनीतिक दलों, मीडिया और स्वतंत्र होने का दिखावा करने वाले लॉबिस्टों द्वारा निर्दयतापूर्वक हलकान किया जा रहा था, ने अंततः यह बताया कि ऐसी एक भी शिकायत नहीं आयी कि किसी मतदाता को अंतिम सूची से बाहर रखा गया हो और यहां तक कि यह भी कह दिया कि बिहार एसआइआर मॉडल अखिल भारतीय एसआइआर में सहायक साबित होगा।

तो फिर एसआइआर के खिलाफ मौजूदा राजनीतिक हंगामा क्यों? दोनों पक्षों की ओर से इस बात के साक्ष्य दिए गए हैं कि लाखों अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए भारत में रहते हैं। यूपीए सरकार ने 14 जुलाई, 2004 को संसद को बताया था कि 2001 के अंत तक भारत में लगभग 1.2 करोड़ अवैध घुसपैठिए रह रहे थे। यूपीए के गृह मंत्री ने अलग-अलग राज्यों के स्पष्ट आंकड़े दिए थे झ असम में 50 लाख; पश्चिम बंगाल में 57 लाख; बिहार में 4.79 लाख; दिल्ली में 3.75 लाख; त्रिपुरा में 3.25 लाख; नागालैंड में 59,500; मेघालय में 3,0000; और महाराष्ट्र में 20,000। वर्ष 2016 में, एनडीए सरकार ने राज्यसभा को बताया था कि अवैध घुसपैठियों की संख्या 2 करोड़ थी।

एसआइआर का विरोध करने वाले दलों और राजनेताओं की मंशा साफ है, जिसे वे बेशक खुलकर नहीं कह सकतेः इन लाखों बांग्लादेशियों को वोट देने की अनुमति दी जाये। यह गैरकानूनी और असंवैधानिक होगा। एसआइआर में यही पेच है। पुनश्चः निर्वाचन आयोग पर फेंके गए मतदाता सूची में खामियों के एटम बम और हाइड्रोजन बम भी दरअसल निर्वाचन आयोग के उस एसआइआर को सही ठहराते हैं, जिसमें दो दशकों की देरी हो चुकी है। ये बम तो बस दो दशकों में इकट्ठा हुई खामियां हैं। पिछले एसआइआर, जिसे वाजपेयी सरकार ने 2003 में शुरू की थी, को मनमोहन सिंह सरकार ने 2004 में पूरा किया था।

**(लेखक : विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन के अध्यक्ष, तुगलक के संपादक, प्रसिद्ध लेखक एवं वक्ता तथा वरिष्ठ आर्थिक एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं। वे भारतीय रिजर्व बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### कुमारडुंगी में डीपासाइ से चार बैल चोरी

**कुमारडुंगी (आजाद सिपाही)।** कुमारडुंगी थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। मुख्य चौक से लेकर दो किलोमीटर के दायरे में बीते कुछ महीनों में चोरों ने कई दुकानों और घरों को निशाना बनाया।ताजा मामला डीपासाई निवासी पुरेंद्र मटिया के घर से रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच चार बैलों को चोर आसानी से ले उड़े।स्थानीय लोगों का कहना है पिछले कुछ महीनों में मुख्य चौक स्थित तीन से अधिक दुकानों के ताले तोड़कर नकदी और सामान चोरी होने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान के साथ भय का माहौल झेलना पड़ रहा।कुछ दिन पूर्व पुलिस ने संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की जिसके बाद कुछ समय तक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगा। उधर चार बैलों की चोरी के बाद एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे। ग्रामीणों का आरोप है पुलिस पेट्रोलिंग की कमी के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने कुमारडुंगी थाना प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने और सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

### ऋतुराज सिन्हा के निधन पर विधायक पूर्णिमा साहू ने जताया शोक

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा के आकस्मिक निधन पर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा ऋतुराज सिन्हा का असमय निधन अत्यंत दु:खद और स्तब्ध करने वाला है। कुछ दिनों पहले ही उनसे बातचीत हुई थी। शहर के विकास कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और जिस सहयोगात्मक भाव से वे काम करते थे, उसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जायेगी।

### ऋतुराज सिन्हा का निधन औद्योगिक जगत की अपूरणीय क्षति : राजेश शुक्ल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन सह वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने ऋतुराज सिन्हा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इसे झारखंड के औद्योगिक जगत की अपूरणीय क्षति बताया। श्री शुक्ल ने शोक संदेश में कहा स्वर्गीय सिन्हा टाटा समुह के एक व्यवहारकुशल अधिकारी थे जो शहर के लोगों को सुविधा दिलाने में आगे रहते थे।

### जुस्को के प्रबंध निदेशक का आकस्मिक निधन दु:खद : सुधीर कुमार पप्पू

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील जुस्को के प्रबंध निदेशक सह कुशल प्रशासक मृदु भाषी हर दिल अजीज ऋतुराज सिन्हा के आकस्मिक निधन से अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू शोक व्यक्त की।उन्होंने कहा दिवंगत सिन्हा ने शहर में आम लोगों तक नागरिक सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बेहतर पहल किया था। उनके निधन से पूरा जमशेदपुर शहर दुखी है।

### ऋतुराज सिन्हा के आकस्मिक निधन पर अमरप्रीत सिंह काले ने जताया शोक

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुस्को के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा के आकस्मिक निधन के दु:खद समाचार से पूरा शहर स्तब्ध और शोकाकुल है। समाजसेवी व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा श्री सिन्हा का जाना शहर के लिए एक अपूरणीय क्षति है। काले ने कहा इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से आने वाले ऋतुराज सिन्हा ने जमशेदपुर की जनसुविधाओं में सुधार और विकास को नई दिशा देने के लिए निरंतर कार्य किया। उनकी दूरदृष्टि, संवेदनशीलता और प्रशासनिक क्षमता के कारण शहर को उनसे कई उम्मीदें थीं, जिसे गहरा धक्का लगा।

### गोलमुरी में कुत्ते को बाइक से घसीटा, दो पर मामला दर्ज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी महुलबेड़ा चौक पर कुत्ते को पेट के सहारे रस्सी से बांधकर घसीटने और मारपीट करने की घटना सामने आई, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद गोलमुरी थाना में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बजरंगनगर पहाड़ी निवासी विवेक यादव उर्फ गोलू और अमित यादव को नामजद आरोपी बनाया है। बिपिन सिंह द्वारा दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया है कुत्ते को बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से जख्मी किया गया। आरोपियों का कहना है कुत्ते ने पहले काटा था, जिसके बाद उन्होंने उसे बांधकर पीटा। घटना सामने आने के बाद कुत्ते का इलाज कराया गया। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### जेएमटी प्लांट के सैकड़ों मजदूर साढ़े तीन साल से बेरोजगार, प्रबंधन पर लगाये टालमटोल के आरोप



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित जेएमटी प्लांट के सैकड़ों मजदूर पिछले साढ़े तीन वर्षों से बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। कंपनी बंद होने के बाद आरकेएफएल द्वारा अधिग्रहण तो कर लिया गया, लेकिन पुराने मजदूरों को काम पर वापस नहीं रखा गया। मजदूरों का आरोप है कि एनसीएलटी के स्पष्ट आदेश के बावजूद कंपनी प्रबंधन लगातार टालमटोल कर रहा है और बाहरी राज्यों से मजदूर लाकर काम करा रहा है, जो निर्धारित निदेशों का खुला उल्लंघन है। इससे स्थानीय मजदूर परिवारों का आर्थिक संकट और गहरा गया है। श्रम अधीक्षक और एसडीओ ने इस मामले को लेकर महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी थी। हालांकि, बैठक में आरकेएफएल प्रबंधन का कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ, जिससे अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताई। एसडीओ ने चेतावनी देते हुए कहा अगली निर्धारित बैठक में प्रबंधन की उपस्थिति अनिवार्य होगी, अन्यथा आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### उरांव समाज ने पूर्वजों की स्मृति में हडबोडी अनुष्ठान हर्षोल्लास से मनाया

**आजा सिपाही संवाददाता**



**चाईबासा।** आदिवासी उरांव समाज संघ के सदस्यों ने अपने मसना स्थल (उरांव समाज का पारंपरिक कब्रिस्तान) में पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परंपरागत हडबोडी अनुष्ठान बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। सुबह से ही समुदाय के छोटे-बड़े और बुजुर्ग लोग मसना स्थल पहुंचे और अपने-अपने पूर्वजों की कब्रों को फूलों से सजाया तथा घर से बने पकवान नियमानुसार अर्पित किए। समाज के वरिष्ठों के अनुसार यह अनुष्ठान हर वर्ष पौष माह के कृष्ण पक्ष की तीसरी घड़ी में मनाया जाता है, जिसे उरांव समुदाय ह्यकोहां बेंजाह्ल (बड़ी शादी) भी कहता है। समिति के सचिव अनिल लकड़ा ने बताया कि इस वर्ष भी सातों अखाड़ों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और पूर्वजों को याद किया। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के कुड़ुख विभाग तथा सरना नवयुवक संघ के सदस्य भी उपस्थित रहे। इनमें हरि उरांव, पूर्व प्रोफेसर डॉ बंदे खलखो, साधु उरांव, सुखराम उरांव, जगदीश उरांव, लखन उरांव, गणेश उरांव, अमर उरांव, कृष्णा उरांव, पुष्पा किस्पोट्टा, दुलारी मिंज, पुष्पा तिग्गा, शीला मिंज, प्रियंका उरांव, लक्ष्मण उरांव सहित कई समाजसेवी शामिल थे। सभी उपस्थित लोगों ने पूर्वजों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखा और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों की सुविधा के लिए चाय, खिचड़ी, घुघनी, मुड़ी आदि के स्टॉल लगाए गए थे। टेंट की व्यवस्था विक्रम लकड़ा ने की।

### शहर ने खो दिया दूरदर्शी अधिकारी : रघुवर दास



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा का रविवार को अचानक निधन हो गया। लगभग 55 वर्ष की आयु में उनके इस असामयिक निधन से उद्योग जगत, टाटा स्टील और जमशेदपुर शहर में शोक की लहर है। ऋतुराज सिन्हा के निधन पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि ऋतुराज सिन्हा जमशेदपुर के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा चिंतित और सजग रहते थे। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी ऋतुराज सिन्हा ने हमेशा शहर के विकास को प्राथमिकता दी। उनका यूं असमय चले जाना टाटा स्टील एवं पूरे शहर के लिए बहुत बड़ी क्षति है। जमशेदपुर एवं टाटा स्टील ने एक दूरदर्शी अधिकारी को खो दिया।

### आदित्यपुर में महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या




**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जय प्रकाश उद्यान से लापता हुई 30 वर्षीय मुन्नी देवी ने रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उन्होंने अपनी मर्जी से घर छोड़ने की बात कही है और बच्चों को पिता के साथ रखने की इच्छा जतायी है। मुन्नी देवी ने अपने सुसाइड नोट में लिखा था कि उनकी किसी भी अनहोनी के लिए पति जिम्मेदार नहीं होगा। उन्होंने अपनी मर्जी से घर छोड़ने की बात लिखी थी और बच्चों को पिता के साथ रखने की इच्छा जतायी थी। आरपीएफ इंस्पेक्टर ए. के. सिंह ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला अचानक चलती ट्रेन के सामने कूद गई थी। मामला स्टेशन क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण आगे की जांच जीआरपी को सौंप दी गई है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है और पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है। मुन्नी देवी के पति विजय कुमार राय ने आदित्यपुर थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी ही थी कि रेलवे की ओर से महिला के ट्रेन से कटकर घायल होने की सूचना मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

### ऋतुराज सिन्हा के निधन पर पोटका विधायक संजीव सरदार ने व्यक्त की शोक संवेदना

**पोटका (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा के अचानक हुए निधन पर पोटका के विधायक संजीव सरदार ने गहरा शोक व्यक्त की। उन्होंने कहा ऋतुराज सिन्हा का चले जाना पूरे जमशेदपुर के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक दूरदर्शी, विनम्र और कर्मठ प्रशासक थे, जिनसे शहर के जनसुविधा विकास को लेकर कई उम्मीदें जुड़ी थीं। विधायक ने कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता और जनसरोकारों को समझने की प्रतिबद्धता ने हमेशा प्रभावित किया। विधायक संजीव सरदार ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की कामना की।

### राज्य क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में सरायकेला एथलेटिक्स टीम का शानदार प्रदर्शन



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के महुआडांड़ में आयोजित 17वीं झारखंड राज्य क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में सरायकेला खरसावां जिला एथलेटिक्स टीम ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया। महिला 10 किलोमीटर रेस में पानो बास्के ने बेहतरीन दौड़ का प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।प्रतियोगिता में जिले के तीन एथलीटों का चयन आगामी नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जिसका आयोजन 24 जनवरी 2026 को रांची में होगा। चयनित खिलाड़ियों में महिला वर्ग (10 किमी) की पानो बास्के और नलिता सिंह मुंडा (पांचवां स्थान) शामिल हैं, जबकि अंडर-20 बालक वर्ग (8 किमी) में मुकेश कुमार ने पांचवां स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर में जगह बनायी है। महिला समूह श्रेणी में सरायकेला जिला टीम उपविजेता रही, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस सफलता में डॉ लक्ष्मण महतो के योगदान की सराहना की गयी है।

## डंडई में बीपीएचसी भवन का हुआ शिलान्यास, स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगी नयी ताकत

# ग्रामीण डिग्री कॉलेज के लिए लिखित आवेदन दें, स्वीकृति दिलाऊंगा: अनंत

- विधायक ने की बिजली एवं उच्च शिक्षा को लेकर बड़ी घोषणाएं

आजाद सिपाही संवाददाता


बीपीएचसी भवन के शिलान्यास के मौके पर बोलते विधायक अनंत प्रताप देव।

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रविवार को 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बीपीएचसी भवन का शिलान्यास विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी और जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने संयुक्त रूप आधारशिला रखी। इस दौरान विधायक के आगमन पर चिकित्सक डॉ मनोज कुमार दास, महिला स्वास्थ्यकर्मी एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। वहीं, अपने संबोधन में विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल कराई जाएगी। विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया गया है। एक-दो दिनों में समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि डंडई में उच्च विद्यालय अथवा डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए यदि ग्रामीण लिखित आवेदन देते हैं तो इसे प्राथमिकता के साथ स्वीकृति दिलाई जाएगी। विधायक ने इस बात पर गहरी नाराजगी जाहिर की कि मुख्यालय पंचायत होने के बावजूद डंडई में अब तक न उच्च विद्यालय है और न ही कोई डिग्री कॉलेज। उन्होंने इसके लिए पूर्व जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे क्षेत्र के भविष्य के साथ अन्याय बताया। कहा कि अस्पताल का संचालन किसी दूसरे स्वास्थ्य केंद्र के अधीन होने की शिकायतें मिली हैं, जिसे वे विधानसभा सत्र में उठाकर इसे स्वतंत्र दर्जा दिलाने का प्रयास करेंगे। विधायक ने कहा कि बीपीएचसी भवन के निर्माण के बाद ग्रामीणों को जांच और इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान 21 दिव्यांग लाभुकों को तीन पहिया साइकिल दी गयी। जबकि, प्रभावती देवी नामक महिला ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की। इस पर विधायक ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि सुदूरवर्ती डंडई प्रखंड को बीपीएचसी भवन की सौगात मिलना यहां के लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह, जितेंद्र ठाकुर, चंद्रशेखर प्रसाद, मनीरुद्दीन अंसारी, विनोद यादव, राजेश मेहता, नंदू यादव, आफताब आलम, कन्हाई यादव, रंजन पासवान और मुन्ना सिंह आदि उपस्थित थे।

# बेकाबू ट्रैक्टर ने ली युवक की जान

- नाबालिग चालक पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, ट्रैक्टर मालिक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा/गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र में दुसैया-झुनका गांव की सीमा पर धुरकी-बिलासपुर मुख्य पथ पर रविवार की दोपहर 1.30 बजे बांस लदा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में घघरी गांव निवासी गणेश प्रसाद यादव (28) की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक गणेश प्रसाद यादव झुनका गांव के श्यामसुंदर भुइयां की ट्रैक्टर पर बांस खरीदकर घर लौट रहा था। इसी दौरान मुख्य सड़क पर पहुंचते ही ट्रैक्टर अचानक संतुलन खो बैठा और पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक विकेश भुइयां कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। जबकि गणेश ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। वहीं, ट्रैक्टर पर बैठे श्यामसुंदर भुइयां भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलते ही धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राऊत दल- बल के साथ मौके पर पहुंच गये। उन्होंने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गयी। इस संबंध में पूछे जाने पर धुरकी थाना प्रभारी ने कहा कि, परिजनों के आवेदन पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बतातें चलें कि मृतक गणेश की शादी 2025 के ही अप्रैल महीने में हुई थी। इस बीच ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक विकेश भुइयां पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चालक की उम्र महज 12 से 15 वर्ष है, जो सीधे तौर पर मोटर वाहन अधिनियम का घोर उल्लंघन है। ग्रामीणों ने नाबालिग चालक की तत्काल गिरफ्तारी और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर, दुर्घटना की खबर फैलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इनमें पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव, रामेश्वर यादव, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम, बीडीसी प्रतिनिधि रविंद्र बैठा, पूर्व बीडीसी सुशील बैठा, दीपक यादव, पूर्व मुखिया बिनोद कुमार राम, शैलेश यादव, रेवत प्रसाद यादव, प्रताप यादव, बलराम बैठा, भगवान दास यादव, मंगल कुमार यादव, अवधेश यादव, रिंकू यादव और धर्मेंद्र कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## होम्योपैथिक एक स्थायी इलाज प्रक्रिया है : डॉक्टर नंदकिशोर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शांति निवास स्कूल के बगल में विशाल होम्योपैथिक क्लिनिक का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन रविवार को डॉ नंदकिशोर प्रसाद ने किया। इस मौके पर मेराल के पूर्व प्रमुख विकास सिंह कुशवाहा, शिव कुमार विश्वकर्मा, इंद्रमणि जायसवाल, मथुरा पासवान, नंदलाल मेहता, प्रोपराइटर विशाल कुमार, रामाशीष मेहता, संजय कुशवाहा और अजय मेहता आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर क्लीनिक में सेवा देने वाले देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ नंदकिशोर प्रसाद ने कहा कि इस होम्योपैथिक क्लीनिक में प्रतिदिन शाम चार बजे से रात आठ बजे तक मरीज के लिए सेवा देंगे। कहा कि होम्योपैथिक एक स्थाई इलाज प्रक्रिया है। जिस तरह आज के समय में लोग तरह-तरह की बीमारियों से ग्रसित हो रहे और एलोपैथ की दवा खाकर खुद साइड इफेक्ट का शिकार हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में होम्योपैथी इलाज ही बेहतर विकल्प है। इस मौके पर प्रोपराइटर विशाल कुमार ने कहा कि यहां मरीजों का इलाज अनुभवी चिकित्सक द्वारा न्यूनतम शुल्क में किया जाएगा। साथ ही सभी दवा पर छूट दी जाएगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के किया जाएगा बेहतर प्रयास : विधायक

रमना के बुल्का में उत्क्रमित प्लस-2 विद्यालय के अतिरिक्त भवन कक्ष की रखी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** प्रखंड के उत्क्रमित प्लस-2 उच्च विद्यालय बुल्का में 50 लाख रुपये की लागत से पांच अतिरिक्त वर्ग कक्ष भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास झामुमो विधायक अनंत प्रताप देव, जिप अध्यक्ष शांति देवी और वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अपने संबोधन में विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि चुनाव में किए एक-एक वादों को पूरा किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के सभी कोटि में बेहतर करने के प्रयास के उद्देश्य से उच्च विद्यालय के भवन का निर्माण किया जा रहा है, ताकि यहां के छात्र-छात्राओं को कोई असुविधा ना हो। उन्होंने भाजपा विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि पिछले 15 साल तक विधायक रहने के बावजूद युवाओं के साथ खिलवाड़ किया। अब मुझसे हिसाब मांगा जा रहा है, जबकि चुनाव जीते मुझे मात्र एक साल ही बीता है। कहा कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बाद सभी तरह की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मंईयां सम्मान एवं अबुआ आवास का जल्द पोर्टल खोलते हुए त्रुटि को दूर करते हुए छूटे हुए लाभुकों को अविलंब जोड़ा जाएगा। वहीं, जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए किये गये एक-एक वादों को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं से लेकर गरीब किसानों तक कई महत्वपूर्ण योजना चला रही है। आने वाले एक वर्षों में विकास का एक नई लकीर खींची चाएगी। वहीं, झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में आज राज्य सरकार गांव-गांव पहुंचकर समस्या का निदान कर रही है। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा ने किया। इस मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष मुन्ना पासवान, अनुज कुमार, धनंजय साह, प्रताप सिंह लक्ष्मी सिंह, सतनारायण सिंह, राकेश सिंह, पंकज रवि, विजय रवि, फारूक अंसारी, इस्माइल अंसारी, कालामुद्दीन अंसारी, फारुक अंसारी, लालमन मेहता, अनिल गुप्ता और संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## लोका गांव में बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध शराब अड्डे का भंडाफोड़, दो भट्ठियां ध्वस्त

- एसडीएम ने बरडीहा में अवैध शराब के खिलाफ चलाया अभियान
- 35 क्विंटल जावा-महुआ किया नष्ट, तीन लोगों पर कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने बरडीहा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को अवैध महुआ शराब निर्माण की मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सघन छापामारी की। इस क्रम में लोका गांव में बड़ी मात्रा में अवैध शराब निर्माण का अड्डा मिला। छापामारी के दौरान दो दर्जन से अधिक बड़े ड्रमों में भरी अर्ध निर्मित जावा महुआ शराब मिली। जिनमें से करीब 10 ड्रम जमीन में गाड़कर छुपाए गए थे, जिन्हें एसडीएम ने अपनी टीम की सहायता से मौके पर ही निकलवा कर नष्ट करा दिया। वहीं, छापामारी स्थल पर बड़े पैमाने पर खौलती भट्ठियों और निर्माण सामग्री को देखकर पता चला कि यहां लंबे समय से मिनी-फैक्ट्री जैसी व्यवस्था में अवैध शराब निर्माण जारी था। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह अवैध कारोबार पिछले चार-पांच वर्षों से संचालित हो रहा था। यहां से पूरे क्षेत्र में अवैध शराब की आपूर्ति की जाती थी। इस अवैध गतिविधि के स्थान तक पहुंचने के लिए एसडीएम एवं उनकी टीम को पैदल नदी पार कर काफी दूर चलना पड़ा। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम के साथ कंचन प्रसाद, अनिल कुमार, रविंद्र पासवान, रमेश प्रसाद, राम प्यारे राम और प्रिंस कुमार भी उपस्थित रहे और अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। हालांकि, एसडीएम के लोका गांव पहुंचने की सूचना मिलते ही अवैध कारोबारी मौके से फरार हो गए। गांव के लोग प्रारंभ में जानकारी देने से हिचकिचाते दिखे, जिसके मद्देनजर एसडीएम ने संबंधित आबकारी एवं पुलिस अधिकारियों को विधिसम्मत आगे की कार्रवाई और शामिल व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद स्थानीय जानकारी के अनुसार तीन लोगों बसंत पासवान, पिंटू पासवान और संतोष पासवान पर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर वर्षों से खुलेआम अवैध शराब निर्माण जारी रहना गंभीर चिंता का विषय है। यदि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि अवैध शराब ग्रामीण क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था एवं सामाजिक स्वास्थ्य दोनों के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। ऐसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## डंडई की टीम ने 23 रन और चिनियां की टीम ने दो रन से जीता अपना-अपना मैच



**मेराल (आजाद सिपाही)।** हासनदाग के जीपीएस ग्राउंड में रविवार को एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रतिनिधि और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश उर्फ सुड्डू ने बीडीसी नंदू चौधरी, युवा नेता जैनेंद्र सिंह, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, शिक्षक अखिलेश चौबे, प्रणय चौबे, अनिल चौधरी एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद चौधरी की उपस्थिति में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बॉल को हिट कर किया। टूर्नामेंट के निर्धारित 10-10 ओवर के मैच का पहला मुकाबला स्मार्ट लुक तीसरटेटूका एवं डंडई के बीच खेला गया। जिसमें डंडई की टीम ने 23 रन से मैच जीत लिया। डंडई टीम की ओर से भोला ने 2 .4 ओवर में सात रन देकर सर्वाधिक पांच विकेट लिया और बल्लेबाजी में भी 8 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। वहीं, दूसरा मुकाबला गेरुआ एवं चिनिया टीम के बीच खेला गया, जिसमें चिनिया टीम ने गेरुआ की टीम को दो रन से हराकर मैच जीत लिया। अपने संबोधन में सूर्य प्रकाश ने कहा कि मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर अपरिहार्य कारण से नहीं आ सके। पर वे खिलाड़ियों को हमेशा प्रोत्साहित करने एवं अपने कार्यकाल में खेल के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए यह टूर्नामेंट एक अच्छा प्लेटफार्म है। वहीं, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी ने कहा कि हर युवा को पढ़ाई के साथ ही खेल भी जरूरी है। शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेलना बेहद फायदेमंद है। मैच में अंपायर की भूमिका कुंदन चौधरी एवं संतोष कुमार ने निभाया। इस मौके पर शिवदत चौधरी, अध्यक्ष विनोद चौधरी, बृजराज चौबे, सोनू पांडे, कोमल चौधरी, विनय चौधरी, संतोष चौधरी, रंजीत चौबे, अरकेश चंद्रवंशी, बिंदेश्वर चौधरी, अभिनव चौबे, राजेंद्र चौधरी, सुनील चौधरी, मुकेश चौधरी, मुन्ना चौबे, विजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

## डॉ अरशद बने आइएमए के अध्यक्ष, सचिव बनीं डॉ नीतू

**गुमला (आजाद सिपाही)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) गढ़वा शाखा की सत्र 2025-27 के लिए चुनाव को लेकर रविवार को सदर सभागार में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष डॉ एनके रजक ने की। बैठक में आइएमए के निवर्तमान सचिव डॉ पंकज प्रभात ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों और निवर्तमान कोषाध्यक्ष डॉ शमशेर सिंह ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। इसके बाद सत्र 2025-27 के लिए चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें चुनाव समिति का गठन किया गया। जिसमें डॉ आरएनएस दिवाकर, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह और डॉ रागिनी अग्रवाल शामिल थे। डॉ रागिनी अग्रवाल की अनुपस्थिति के कारण चुनाव समिति में डॉ कमलेश कुमार को शामिल किया गया है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 200 मरीजों की हुई जांच

# ठंड में सेहत का रखें विशेष ख्याल : डॉ पतंजली

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के साईं मुहल्ला स्थित आरपी सेवा सदन के समीप रविवार को एकल विद्यालय और आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित 200 मरीजों की जांच कर निःशुल्क परामर्श दी गयी। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पतंजली केशरी, अधिवक्ता रंजीत सिन्हा आदि ने किया। इस अवसर पर डॉ केशरी ने कहा कि स्वास्थ्य की देखभाल सभी लोगों के लिए अति आवश्यक है। वर्तमान में ठंड पूरी ताकत के साथ उतरी है। ऐसे में लोगों का बीपी बढ़ना, सर्दी, जुकाम फ्लू, अस्थमा, निमोनिया सहित अन्य बीमारियों की चपेट में आने की आशंका बनी रहती है। हम सुरक्षित रहें। इसके लिए हमेशा सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी बीमारियों से बचाव के लिए आज साईं मुहल्ला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। लोग जांच कराकर उचित परामर्श ले सकते हैं। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर अपना ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच करते रहना चाहिए। कई लोगों को पता भी नहीं रहता है कि उनके शरीर में शुगर अथवा बीपी बढ़ा हुआ है। नियमित जांच कराते रहने से हम इन सभी समस्याओं से निजात पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ठंड के समय लोग अपने तन को गर्म कपड़ों से ढंककर रखें। सुबह-शाम खास ख्याल रखें। बुजुर्ग और बच्चों का विशेष ध्यान दें। वाहन चलाते समय कोहरे की स्थिति में सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। वहीं, अधिवक्ता रंजीत सिन्हा ने कहा कि ठंड में शरीर का तापमान बढ़ना, घटना या श्वसन संबंधी बीमारी की चपेट में कितने लोग आ जाते हैं। इससे बचाव के लिए हम सभी को गर्म कपड़े, पोषणयुक्त भोजन और नियमित व्यायाम और आराम करना चाहिए। साथ ही पर्याप्त नींद लें। इससे हमारा तन मन तंदुरुस्त रहता है। शरीर की इम्युनिटी पावर बढ़ती है। कहा कि धूम्रपान और नशापन ठंड का बचाव नहीं है। इससे शरीर कमजोर होता है। इस मौके पर विवेक सिन्हा, राजेश सिन्हा, डॉक्टर आदित्य प्रकाश, अंशु कांस्यकार, लीलावती देवी, गुड्डी देवी, खुशबू देवी, रोहित कुमार रवि, राबिया बीबी, मोहम्मद जावेद, गुलशन खातून, आंचल कुमारी, रंजना कुजूर, संगीता कुमारी, सुनील कुमार कुशवाहा, निरेखा कुमारी, अंजली कुमारी, माया कुमारी, अंकित कुमार, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## धर्म जागरण और धर्म वापसी यज्ञ का आयोजन

**कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के शिवपुर पंचायत स्थित गरदाहा उच्च विद्यालय के पास राधे कृष्ण गौशाला परिसर में रविवार को झारखंड अग्निवीर संगठन की ओर से धर्म वापसी एवं धर्म जागरण यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ समाजसेवी विकास दुबे ने किया। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख अधिवक्ता अमितेश चौबे ने उपस्थित लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, गरीब एवं असहाय बुजुर्गों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण भी किया गया। अपने संबोधन में विकास दुबे ने कहा कि कांडी क्षेत्र में गौशाला का अभाव है, जिस कारण गोवंश असुरक्षित है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो लोग पशुओं का पालन नहीं कर पा रहे हैं, वे उन्हें गौशाला में लाकर छोड़ें, ताकि उनकी उचित देखभाल हो सके। वहीं, अमितेश चौबे ने कहा कि धर्म प्रचार की कमी के चलते झारखंड में धर्मांतरण बढ़ा है।**

## हेमंत सरकार से जनता को भगवान भरोसे छोड़ा: रितेश



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के गढ़वा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने झामुमो सरकार पर जुबानी हमला बोला। कहा कि झारखंड के इतिहास में हेमंत सोरेन पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनके कार्यकाल में किसी विभाग में फंड नहीं है। स्कूली बच्चों को स्वेटर नहीं मिला। गरीब बुजुर्ग के बीच कंबल का वितरण भी अबतक नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों का वेतन भेंडर ठेकेदार का काम किया हुआ पैसा तक नहीं मिल रहा है। कहा कि हेमंत सरकार में झारखंड दिवालिया हो चुकी है। व्यवसायी से लेकर कर्मचारी तक त्राहिमाम कर रहे हैं। गरीब को वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन तक नहीं मिल रहा है। सवाल किया कि आखिर झारखंड का पैसा कहां है। झारखंड की सत्तारूढ़ सरकार के मंत्री खुद खुलकर स्वीकार कर रहें हैं कि सरकार के पास पैसा नहीं है। फिर जनता की चिंता कौन करेगा। हेमंत सरकार में स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा व्यवस्था तक चौपट हो चुकी है। कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री-मुख्यमंत्री अपनी झोली भरने में लगे हैं। सरकार ने जनता को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर झारखंड के हित में तुरंत इस्तीफा दे देना चाहीए। कहा कि आनेवाले समय में अगर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो भाजपा सड़क से सदन तक जनता के साथ आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने किया दवा दुकानों का औचक निरीक्षण

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा ने रविवार को भवनाथपुर के दो दवा दुकान का औचक निरीक्षण किया। अमृत मेडिकल और सद्भावना अस्पताल की दाव का सेंपल, बिल, दुकान के आवश्यक दस्तावेज की जांच की गयी। इस अभियान में पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, एसआई परवेज आलम, एएसआई उपेंद्र राम पुलिस बल के साथ शामिल रहे। पूछताछ के क्रम में कैलाश मुंडा ने कुछ भी आधिकारिक तौर पर मना कर दिया। बताया कि कोर्ट के आदेश पर यह जांच प्रक्रिया चल रही है। दस्तावेज संबंधित विभाग को भेजा जाएंगा। यह अभियान सभी जिलों में चलाया जा रहा है। उधर, जांच की भनक लगते ही भवनाथपुर के एक तिहाई दवा दुकान, लेब जांच घर और कई वेध अवैध क्लिनिक धडा धड़ बंद कर फरार हो गए। जैसे ही टीम भवनाथपुर से श्री बंसीधर नगर की ओर निकला सभी ने अपनी-अपनी दुकान का स्टर खोल दिया।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, वृद्ध घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खरौंधी थाना क्षेत्र के पिपरी गांव में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट में 72 वर्षीय वृद्ध महेंद्र मेहता बुरी तरह घायल हो गए। जानकारी के अनुसार महेंद्र मेहता अपने नाती नीतीश मेहता के साथ खेत में गेहूं पटाने गए थे। वहीं, उनके गोतिया पक्ष के आनंद मेहता के जानवर खेत में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे। इसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और नौबत मारपीट तक पहुंच गयी। पीड़ित ने बताया कि उनके गोतिया आनंद मेहता, उसके पुत्र बीरबल मेहता और पप्पू मेहता लंबे समय से उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। रविवार को भी जब उन्होंने विरोध किया तो आनंद मेहता की पत्नी और बहू ने नाती नीतीश मेहता पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। वृद्ध महेंद्र मेहता बीच बचाव करने पहुंचे तो बीरबल मेहता ने उन पर टांगी से वार कर दिया, जिससे बाएं पैर में चोट आई है। दोनों घायल किसी तरह जान बचाकर खरौंधी थाना पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद उन्हें भवनाथपुर सीएचसी लाया गया।

### झारखंड आंदोलनकारी मंच की बैठक

## जिप की 14 नवनिर्मित दुकानों को आवंटित करने की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के कृषि फॉर्म प्रांगण में झारखंड आंदोलनकारी मंच चंदवा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से मंच के पुनर्गठन, आंदोलनकारियों के कॉलोनियों के संरक्षण, तथा प्रमाणित झारखंड आंदोलनकारियों को समुचित पहचान पत्र वितरण में आ रही समस्याओं जैसे विषयों पर गहन विमर्श हुआ। आंदोलनकारियों ने जिला परिषद द्वारा निर्मित 14 दुकानों को झारखंड आंदोलनकारियों को आवंटित करने की मांग पर भी सर्वसम्मति से सहमति जतायी। बैठक में सर्वसम्मति से मंच का पुनर्गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष धनंजय उरांव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष धनिल मिंज, उपाध्यक्ष अशोक गेंद्रू, सह संयोजक सुनील तिर्की को चयनित किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आवंटन की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिलेगा और विषय को प्राथमिकता से रखा जायेगा। बैठक में भुनेश्वर गंझू, रामजी साव, ओमप्रकाश सिंह, फूलचंद गंझू, विनोद उरांव, रमेश्वर सिंह, घुरुवार सिंह, रोहित यादव, राजेश सिंह, रमेश यादव, दिलेश्वर उरांव, गुलाब प्रसाद सहित कई आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

# लेवी वसूली और धमकी मामले में पीएलएफआइ उग्रवादी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हेरहंज।** कटांग नदी पर निमार्णाधीन सरकारी पुल को रोकने और ठेकेदारों से लेवी वसूली के प्रयास में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पीएलएफआइ के नाम पर सक्रिय एक कुख्यात उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। हेरहंज थाना प्रभारी ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पकड़ा गया उग्रवादी लोकेंद्र यादव उर्फ नवीन जी उर्फ विकास जी उर्फ राकेश जी निवासी केकरगढ़, थाना पांकी, जिला पलामू है।

पुलिस के अनुसार, मई और जून 2025 में कटांग नदी पुल निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार से व्हाट्सऐप और फोन कॉल के माध्यम से धमकी देकर लेवी मांगने का मामला दर्ज हुआ था। इस संबंध में हेरहंज थाना कांड संख्या 26/2025 के तहत बीएनएस की धारा 308(3)/308(4)/ 352/ 351(2)/351(3) एवं 17 सीएलए एक्ट में पहले ही एक आरोपी को जेल भेजा जा चुका है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि पोरसम-सिकिद, मेराल-चाया, जानी-तासु और हेरहंज-बरियातु मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्यों के साथ-साथ कोयला व्यवसायियों को भी पीएलएफआइ का नाम लेकर धमकियां दी जा रही हैं। यह जानकारी लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली, जिनके निर्देश पर विशेष छापामारी दल गठित किया गया।



पुलिस की तकनीकी शाखा और 35वीं वाहिनी एसएसबी की सहायता से छापेमारी कर 7 दिसंबर 2025 को लोकेन्द्र यादव को उसके गांव केकरगढ़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से एक रियलमी कंपनी का स्मार्टफोन बरामद किया गया, जिसका उपयोग धमकी भरे कॉल और संदेश भेजने में किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास है और वह लातेहार तथा पलामू जिलों में अपहरण, लूट, लेवी वसूली, आर्म्स एक्ट और सीएलए एक्ट जैसे गंभीर मामलों में कई बार जेल जा चुका है। उसके खिलाफ 2009 से 2025 तक पांकी, तरहसी, मनातु और हेरहंज थानों में कई मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने कहा कि उसकी गिरफ्तारी से इलाके में निर्माण कार्यों और व्यवसायियों को मिल रही धमकियों पर रोक लगेगी तथा संगठन की गतिविधियों पर भी अंकुश लगेगा।

छापामारी दल में थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया, एसआइ पारस मणि, एएसआइ मिथलेश पासवान, एएसआइ, प्रमोद यादव, हेरहंज थाना सशस्त्र बल, ई समवाय हेरहंज एवं एफ समवाय सेरनदाग, 35वीं वाहिनी एसएसबी के पदाधिकारी अनिल कुमार चौरसिया, विजय पाल इंस्पेक्टर एंव एसएसबी के जवान शामिल थे।

## डीइओ-डीएसइ पर भ्रष्टाचार और मनमानी का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार परिसदन भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने जिला शिक्षा विभाग के डीइओ और जिला स्तरीय समिति डीएसइ के कार्यकलापों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, अवैध वसूली, पीएसीएस तथा शिक्षकों के उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाये। श्री सिंह ने दर्जनों शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों, ऑडियो रिकॉर्डिंग और अन्य प्रमाणों को आधार बनाते हुए कई चौंकाने वाले तथ्य सार्वजनिक किये। उन्होंने बताया कि डीएसइ गौतम कुमार पर आरोप है कि वह जिले भर के शिक्षकों से प्रमोशन, ट्रांसफर-पोस्टिंग, वेतन-संधारण एवं नवनियुक्त सहायक आचार्यों की पदस्थापन जैसे गोपनीय कार्यों के बदले अवैध वसूली कर रहे हैं। आरोप के अनुसार, वसूली के लिए राजीव कुमार, सहायक शिक्षक (विज्ञान), राजकीयकृत मध्य विद्यालय रोकींकला (मनिका) तथा संतोष कुमार पांडेय, सहायक शिक्षक, मेराल प्रखंड, हेरहंज को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में प्रतिनियुक्त कर शिक्षक-शिक्षिकाओं से भारी रकम वसूलने का काम करवाया गया। रिश्वत देने से इंकार करने वालों पर प्रताड़ना का आरोप भी लगाया गया है। मनोद कुमार, सहायक शिक्षक, राष्ट्रीय मध्य विद्यालय सिंजो, मनिका का चार माह का वेतन (80,000 रुपये) रिश्वत न देने पर रोक दिया गया। संतोष पांडेय के पैसे की मांग से संबंधित संदिग्ध ऑडियो को भी प्रेस के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार डीइओ प्रिंस कुमार पर भी गंभीर आरोप लगाये गये। कहा गया कि अनाथादिया खेसा (निवासी पारगुरड़ा, सिमडेगा), जिनकी वैधानिक नियुक्ति 19 दिसंबर 2022 को खीस्त राजा मध्य विद्यालय, चंदवा में हुई थी, उन्हें 4 जनवरी 2023 को योगदान नहीं करने दिया गया। आरोप है कि उनकी जगह डीइओ ने अपनी बहन प्रियंका कुमारी को पदस्थापित कर दिया। इस मामले में राज्य स्तर से जांच का आदेश और धारा 290 के तहत कार्रवाई का निर्देश होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने इन सभी मामलों की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की मांग की।

इस संबंध में गौतम कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आप बिल्कुल निराधार है कोई कुछ भी कह सकता है किसी को मैं बोलने से रोक नहीं सकता हूं वही प्रिंस कुमार को दूरभाष पर बात करने की कोशिश की गयी तो उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।

## समाजसेवी जयप्रकाश शर्मा सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जेएमएम में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** लोहरदगा के जानेमाने समाजसेवी और व्यवसायी जयप्रकाश शर्मा ने रविवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली। लंबे समय से सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सक्रिय रहे जयप्रकाश शर्मा ने अब जनसमस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से सक्रिय राजनीति में कदम रखने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि जनता की समस्याओं को उच्च स्तर पर उठाने और उनमें ठोस समाधान सुनिश्चित करने के लिए राजनीति एक प्रभावी माध्यम है। रविवार को आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में उन्होंने जेएमएम के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे के समक्ष पार्टी की सदस्यता ली। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और जयप्रकाश शर्मा के शामिल होने को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। मौके पर जेएमएम के कई पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

जेएमएम लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि जयप्रकाश शर्मा के पार्टी में आने से संगठन को मजबूती मिलेगी और जिले में पार्टी का जनाधार और मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि शर्मा लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते हैं। ऐसे व्यक्तित्व का राजनीति में प्रवेश पार्टी के लिए सकारात्मक संदेश है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि उन्होंने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी है और आने वाले समय में भी इसी संकल्प के साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को लेकर वे हमेशा सक्रिय रहे हैं। अब जेएमएम के माध्यम से इन मुद्दों को और मजबूती से सरकार और प्रशासन तक पहुंचाया जायेगा।

### धर्मांतरण के खिलाफ राजी पड़हा का कड़ा रुख

## धर्मांतरित परिवारों का 'हुक्का-पानी बंद'

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला राजी पड़हा लोहरदगा के अंतर्गत 12 पड़हा हिसरी किस्को के कोटवार गांव अराहंसा में धर्मान्तरण के गंभीर मामले को लेकर एक महत्वपूर्ण पड़हा एवं ग्रामसभा बैठक हुई। इस बैठक में धर्म परिवर्तन कराने वाले परिवारों पर कड़ा सामाजिक दबाव बनाते हुए उनके खिलाफ बहिष्कार का फैसला लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला राजी पड़हा लोहरदगा के वेल लक्ष्मी नारायण भगत, देवान बीरेंद्र उरांव, भंडारी गोसाई भगत, प्रार्थना सभा अध्यक्ष सोमदेव उरांव और महासचिव जलेश्वर उरांव उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि गांव में कुछ दिनों से चर्च के प्रचारक घूमकर ग्रामीणों को प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे थे। इस पर पड़हा ने कड़ा रुख अपनाया। सामाजिक दबाव के बाद कुछ परिवारों ने अपनी गलती कबूल करते हुए अपने मूल सरना धर्म में रहने का वादा किया और समाज से क्षमा माँगी। हालाँकि, चार सदस्यों वाले एक परिवार ने घर में ताला लगाकर गांव से भाग जाना उचित समझा। जिला राजी पड़हा लोहरदगा के वेल लक्ष्मी नारायण भगत ने समाज के लोगों को संगठित होने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज के खिलाफ धर्मान्तरण, लव जिहाद, लैंड जिहाद, और आरक्षण जिहाद जैसे खेल खेले जा रहे हैं, जिसके पीछे राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक दलाल लगे हुए हैं। उन्होंने धर्मांतरित परिवार पर कड़ा प्रहार करते हुए उनके खिलाफ 'हुक्का-पानी बंद' करने का फरमान जारी किया। पड़हा के निर्णय के अनुसार धर्मांतरित परिवार को गांव में सरना जनजाति के लोगों से दूर रहना होगा। उनके सुख-दुख या किसी भी कार्य में कोई सहयोग नहीं किया जायेगा। उनके खेत में मवेशियों को जाने से भी रोक लगायी गयी। मरने वाले सदस्य को सरना मसाना में दफनाने नहीं दिया जायेगा।

## धनंजय तिवारी का असमय चले जाना भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है : सुदर्शन भगत



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड के चट्टी निवासी नागपुरी फिल्म को बड़े पर्दे पर पहली बार फिल्म बनाने वाले निमार्ता निर्देशक लोक कलाकार गायक नागपुरी भाषा में हनुमान चालीसा का अनुवाद करने वाले नागपुरी भाषा एवं साहित्य को बुलंदी तक पहुंचने वाले समाज के प्रतिष्ठित व्यापारी सामाजिक कार्यकर्ता सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर भाग लेने वाले धनंजय नाथ तिवारी का देहांत होने पर भारतीय जनता पार्टी परिवार गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने कहा कि धनंजय तिवारी का असमय चले जाना भारतीय जनता पार्टी का अपूरणीय क्षति है। जनसंघ के कार्यकर्ता के तौर पर अपने राजनीतिक शुरूआत करते हुए भारतीय जनता पार्टी में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया था उन्हें हम नमन करते हैं। पुण्य आत्मा को शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत, पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रवीण कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उराव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, नवीन कुमार टिंकू, श्रीचंद प्रजापति, आजाद शत्रु बिंदेश्वर उरांव, बजरंग उरांव, बालकृष्णा सिंह, अनिल उरांव, सरिता देवी, हर्षनाथ महतो, अजय पंकज, नजीर आलम खान, पशुपतिनाथ पारस सहित भारतीय जनता पार्टी परिवार शामिल हैं।

## 'घरेलू वायु प्रदूषण' पर सामुदायिक बैठक



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। रविवार को होप और असर संस्था के संयुक्त तत्वावधान में लोहरदगा जिला के लोहरदगा प्रखंड अंतर्गत कुजरा पंचायत के कुजरा ग्राम के लोहरा टोली स्थित अखड़ा में एक दिवसीय पंचायत स्तरीय सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य लोहरदगा जिले के विभिन्न प्रखंडों में होप संस्था द्वारा महिलाओं के व्यवहार परिवर्तन और घरेलू वायु प्रदूषण को कम करने पर जागरूकता बढ़ाना रहा। बैठक का संचालन सुमन वर्मा और विष्णु महली ने किया। उन्होंने बताया कि पूरे साल विभिन्न खेलों के माध्यम से महिलाओं के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने और घरेलू वायु प्रदूषण को कम करने पर काम किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिले की 13 पंचायतों में विभिन्न परदना दीदियों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गयी। बैठक में आंगनवाड़ी सहायिका मुन्नी देवी, सेविका ललिता देवी, बसंती देवी, सहिया रबिका खातून एवं कलिमन खातून सहित अन्य समाजसेविकाएं उपस्थित थीं और उन्होंने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

## मनिका विधायक ने छिपादोहर, लंका और केचकी में सड़क का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर, लंका और केचकी मे सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत हो गई। मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय ग्रामीणों का कहना था कि बरसात के मौसम में कीचड़ और गड्ढों से जर्जर मार्ग के कारण स्कूल, बाजार, अस्पताल सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए आवागमन बेहद कठिन हो जाता था। खेतों और दैनिक कार्यों के लिए आने-जाने में भी परेशानी बढ़ जाती थी। सड़क निर्माण शुरू होने से अब वर्षों पुरानी यह समस्या समाप्त होने जा रही है। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सड़क, पुल-पुलिया और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं विकास की सबसे आवश्यक कड़ी हैं। कहा कि हमारा लक्ष्य है कि मनिका विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव, कोई भी टोला सड़क से वंचित न रहे। विकास अधूरा तभी तक है जब तक ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएँ पूरी तरह उपलब्ध न हों। सड़क निर्माण पूरा होते ही इस क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव दिखाई देगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, एसडीपीओ भरत राम, सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह, थाना प्रभारी अनुराग कुमार, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, एसडीपीओ भरत राम, सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह, थाना प्रभारी अनुराग कुमार, अनिल सिंह, शिवानंद तिवारी, अवधेश मेहरा, विनय शर्मा, हुलास सिंह, ग्राम प्रधान मनदीप सिंह, निजाम अंसारी, कृष्णा प्रसाद, नरेश सिंह और कामिल अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में 41 लोगों ने करायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 182 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 41 लोग अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही करायी जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जिला के आसपास के गावों में जाकर समय-समय पर यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगायी जायेगी और लोगों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधित जागरूक किया जायेगा और कहा कि किसी भी तरह का बीमारी होने पर झाड़ फूंक के चक्कर में ना पड़े और तुरंत अपने आसपास के अस्पताल में या डॉक्टर से इलाज करायें अंधविश्वास पर ना पड़े। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि जाड़े के मौसम पर अच्छे से अपने शरीर को गर्म कपड़ा से ढक कर रखें खास करके सर, गला, कान, पैर को ठंड लग जाने पर कई तरह की बीमारियां महसूस होने लगती है इससे घबराए नहीं इसके लिए धूप पर बैठे और पूरे शरीर पर गर्म तेल से मालिश करें एवं डॉक्टर के सलाह से ही दवा लें। सचिव जय प्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी, सूरज साहु ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का यहां डॉक्टर के इलाज से स्वस्थ हो रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगायी जाती हैं। शिविर में जिला जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, अमर गोस्वामी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अतुल सर्राफ, सूरज कुमार साहू, ममता बंका, अंजलि सर्राफ, अनीता पोद्दार, वृंदा अग्रवाल, गोपाल महतो, सच्चिदानंद अग्रवाल, प्रभु साहू, किशोर अग्रवाल, सुनीता देवी, नवनीत गौर समेत कई उपस्थित थे।

## लातेहार में गरीबों के लिए सहारा बने डॉ चंदन कुमार सिंह

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहर आज के दौर में जब चिकित्सा सेवाएँ लगातार महंगी होती जा रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं अब भी अधूरी हैं, ऐसे समय में कुछ लोग अपनी सेवा और समर्पण से समाज में उम्मीद की रोशनी जगाते हैं। लातेहार जिले में रहने वाले डॉ. चंदन कुमार सिंह उन्हीं में से एक हैं, जिन्होंने अपनी चिकित्सा सेवा, मानवता और निःस्वार्थ भाव से लोगों की मदद कर अनगिनत परिवारों के लिए जीवनदायी भूमिका निभायी है। लातेहार रेलवे स्टेशन के समीप रहने वाले सरजू सिंह के तीन पुत्रों में चंदन कुमार सिंह के सबसे बड़े हैं। बचपन से ही उनकी रुचि लोगों की मदद करने में थी। शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अपने शहर में ही रहकर समाज की सेवा करने का निर्णय लिया और आज वे लातेहार जिला खेल स्टेडियम के निकट एक मल्टी-स्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं। उनके क्लीनिक में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। अब तक हजारों मरीज उनके उपचार से लाभान्वित हो चुके हैं। खास बात यह है कि डॉ. चंदन कुमार केवल इलाज ही नहीं करते, बल्कि इंसानियत के नाते कई मरीजों का मुफ्त उपचार भी करते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, जरूरतमंदों और ग्रामीणों के लिए वे किसी वरदान से कम नहीं साबित हुए हैं। डॉ चंदन कुमार सिंह का मानना है कि ₹डॉक्टर का कर्तव्य केवल इलाज करना नहीं, बल्कि मरीज के दर्द को समझना और उसके जीवन को सहज बनाना भी है। इसी सोच के कारण वे हमेशा समाज के कमजोर तबके तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने में अग्रसर रहते हैं। समाज सेवा की इसी भावना को देखते हुए चतरा के सांसद काली चरण सिंह ने लातेहार जिला का सांसद स्वास्थ्य प्रतिनिधि की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी दी है। इस पद पर रहते हुए वे लातेहार जिले के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों की सहायता करते हैं। चाहे किसी मरीज को तत्काल उपचार की जरूरत हो या किसी को बड़े अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था डॉ चंदन कुमार सिंह हर परिस्थिति में सक्रिय रहते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बताते हैं कि रात हो या दिन, फोन उठाते ही डॉ चंदन कुमार सिंह बिना देर किये मरीज की मदद के लिए तैयार हो जाते हैं। कई ऐसे मौके आए जब गंभीर रूप से बीमार मरीजों को समय रहते अस्पताल पहुंचाकर उन्होंने उनकी जान बचायी। गरीबों और जरूरतमंदों के लिए वे 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं, जिससे लोगों का उन पर विश्वास लगातार बढ़ा है। उनका काम आज लातेहार में मानवता की एक जीवंत मिसाल बन चुका है। वही डॉक्टर चंदन के क्रियाकलाप से युवाओं में भी एक नयी झलक समाज सेवा करने के लिए जागरूकता दिखाई पड़ रही है।

## गीता जयंती पर विहिप और बजरंग दल की शौर्य सभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** गीता जयंती के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को लोहरदगा के ललित नारायण स्टेडियम में शौर्य सभा का आयोजन किया गया। पूर्व निर्धारित शौर्य संचालन कार्यक्रम के स्थान पर यह सभा आयोजित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में सनातनी समाज के लोग शामिल हुए। शौर्य सभा के दौरान भगवा ध्वज, धार्मिक नारों और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत वातावरण के बीच पूरा स्टेडियम गूंज उठा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सनातन संस्कृति, धर्म और राष्ट्र के प्रति जागरूकता फैलाना तथा गीता के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना बताया गया। वक्ताओं ने श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता कर्म, धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने युवाओं से सामाजिक एकता बनाये रखने, धर्म की रक्षा के लिए संगठित रहने और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। वहीं, उपस्थित सैकड़ों सनातनी युवाओं ने अनुशासन और एकजुटता का परिचय देते हुए कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए ललित नारायण स्टेडियम एवं उसके आसपास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। सभा के समापन पर आयोजकों ने उपस्थित सभी सनातनियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन कर समाज में संस्कृति और राष्ट्रभाव को और मजबूत किया जायेगा।

# पूर्व मंत्री कमलेश ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलते पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह।

## कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार सिंह ने शनिवार को देवघर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पलामू तथा झारखंड की राजनीति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और राष्ट्रीय अध्यक्ष से महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। श्री सिंह ने हुसैनाबाद क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का उल्लेख करते हुए देवरी से देवीपुर के बीच सोन नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र के विकास, आवागमन तथा स्थानीय जनता की सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि श्री नड्डा के मार्गदर्शन में झारखंड में भाजपा का संगठन तेजी से विस्तार कर रहा है और राज्य में भाजपा की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। श्री सिंह ने विश्वास जताया कि आगामी सरकार झारखंड में भाजपा की ही होगी। कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि वे भाजपा के एक समर्पित कार्यकर्ता और सिपाही के रूप में जो भी जिम्मेदारी मिलती है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाते रहेंगे।

# अवैध देशी पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

## अंधेरा का फायदा उठाकर कार में बैठे दो लोग भागने में सफल रहे

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर पुलिस ने शनिवार को रात एक युवक को अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक को रविवार को जेल भेज दिया गया। विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने बताया कि शनिवार को पुलिस द्वारा वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण हेतु तोलरा - लालगढ़ मुख्य पथ पर वाईन शॉप के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान तोलरा की ओर से आ रही एक उजले रंग की कार (जे एच 1 जीए 5301) आ रही थी। चालक पुलिस को देखते ही कार घुमाकर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा दौड़ा कर कार को रोका गया। इस दौरान अंधेरा का फायदा उठाकर कार में बैठे दो लोग भागने में सफल रहे। वहीं कार चला रहा युवक को पुलिस ने धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड देशी पिस्टल मिला जिसमें तीन गोली लोड थी। युवक नौगढ़ ओपी थाना क्षेत्र निवासी विनय मिश्रा का पुत्र गुंजन मिश्रा है। उन्होंने बताया कि अवैध हथियार रखने के विरोध में कांड संख्या 76/25 धारा 25 (1-बी) ए / 26/35 आयुष अधिनियम 1959 के तहत दर्ज करते हुये उक्त अपराधी को रविवार को मेडिकल करा कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान ने बताया कि इसके दो और फरार साथी की भी पहचान हो गयी है। जिसमें से एक अमवा के रोहित मिश्रा उर्फ छोटू मिश्रा और दूसरा नवगाढ़ा के गुप्तेश्वर सिंह उर्फ गुप्ता सिंह हैं। इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है। जांच अभियान में नवगाढ़ा ओपी प्रभारी अनिल यादव, एसआई शिवनाथ रंजन, एएसआई बिनोद राम, तुराम पूरती, श्रवण विश्वकर्मा और हवलदार अशोक कुमार साहू सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

# राजबाड़ी रोड स्थित कोलंबस चर्च में युवाओं का विशेष 'कन्फर्मेशन और प्रभु भोज' संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** राजबाड़ी रोड स्थित कोलंबस चर्च में रविवार को सीएनआई चर्च की ओर से युवाओं के लिए विशेष कन्फर्मेशन (दीर्घीकरण) एवं प्रभु भोज का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पटना के बिशप आरटीरेव फ्रांसिस हांसदा रहे, जिन्होंने 17 से 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले लगभग 17 युवाओं को दीर्घीकरण कन्फर्मेशन प्रदान किया।

बिशप ने युवाओं को ईश्वर के ज्ञान, धार्मिक मूल्यों, नैतिक आचरण एवं आध्यात्मिक परिपक्वता का संदेश देते हुए कहा कि कन्फर्मेशन का यह संस्कार युवाओं को प्रभु मार्ग पर दृढ़ता और विश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इसके उपरांत सभी युवाओं को प्रभु भोज में सम्मिलित कर उन्हें आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने का आशीष प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना, स्तुति-वंदना एवं गीत-भजन से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पादरी व चर्च प्रबंधन ने बताया कि ऐसे आयोजन युवाओं में धार्मिक चेतना, अनुशासन और सेवा भाव को मजबूत करते हैं। चर्च परिसर पूरे दिन भक्तिमय माहौल से गुंजायमान रहा। उपस्थित लोगों ने सभी युवाओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर पास्टर, सीएनआई चर्च के सचिव संजय कुमार मुरमू उर्फ गुड्डू, गोरा मल्लीक, तिमोथि मुर्मू, बादल हेंब्रम, डेविड गुड़िया, सीस रंजीता लकड़ा, सीस पुतुल, अजय कुमार, राजू मसीह, पास्टर विजय सिंह सहित यूथ मेंबर मोनु, राहुल, आलोक, पीटर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# वित्त मंत्री से मिलकर बिश्रामपुर की समस्याओं से कराया अवगत



फोटो कैप्शन : वित्तमंत्री से बात करते नप अध्यक्ष प्रतिनिधि

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** नप अध्यक्ष प्रतिनिधि सह राजनेता नईमुदिन अंसारी ने रविवार को राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से उनके रांची स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की। श्री अंसारी ने वित्तमंत्री को बिश्रामपुर नगर परिषद सहित विस क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने श्री अंसारी को आश्वस्त किया कि समस्याओं के समाधान के लिये सरकार के स्तर पर सकारात्मक पहल किया जायेगा। इसके अलावा दोनों नेताओं के बीच निकाय चुनाव को लेकर भी चर्चा हुयी। मौके पर उदेश्वर यादव, मो सफी आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

# सामाजिक समरसता के महान पुरोधा थे बाबा साहेब : सुधीर

## पांडू में मनाया गया डॉ भीमराव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता





**पांडू (पलामू) ।** पांडू के प्लस टू कल्याण उच्च विद्यालय के मैदान में रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बाबा साहब समरसता के महान पुरोधा थे। वे देश में समता मूलक समाज स्थापना के एक बड़े पैरोकार थे।

उनका स्पष्ट मानना था कि सभी जाती धर्म के लोग को समान अधिकार मिले। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बाबा साहब का सपना पूरा करने के लिये सभी को एकजुट होना होगा। मौके पर मदन राम, विजय मंडेला, बिंदु राम, नासिर अंसारी, विनोद रवि, विनोद राम, भाई गोविंद सिंह, सुनील सिंह, अजय बैठा, अनिल चंद्रवंशी, प्रमोद राम, प्रोड्ड नागेंद्र राम, रविरंजन, विवेक शुक्ला, ऋषि शुक्ला,दिनेश राम, पिंटू पांडेय, कंचन, धीरेश पांडेय, महेश, सुहैल, मुन्ना, पन्नू तिवारी, मुख्तार, किरण देवी, ओमप्रकाश भारती सहित कई लोग मौजूद थे।

# आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जनजागरण का विराट अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ डाबरग्राम के सभागार में ट्रस्ट मंडल कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी देवनारायण रजक ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र, गुरु वंदना एवं वैदिक मंगलाचरण से हुआ।

बैठक की जानकारी देते हुए जिला उपसमन्वयक उमाकांत राय ने बताया कि देवालय प्रबंधन, वित्त प्रबंधन, संगठन प्रबंधन तथा आन्दोलन प्रबंधन समितियों को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की गयी और आगामी कार्ययोजनाओं को अंतिम रूप दिया गया। जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों, शिक्षण संस्थानों तथा स्वास्थ्य केंद्रों में युगद्रष्टा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विचारों और युग निर्माण योजना को व्यापक स्तर पर पहुंचाने हेतु सदवाक्य लेखन, पोस्टर एवं बैनर लगाने की रूपरेखा तैयार की गयी। साथ ही गायत्री शक्तिपीठ परिसर को आकर्षक, भव्य और स्थायी तोरणद्वार से सुसज्जित करने का निर्णय भी लिया गया। वैदिक शांतिपाठ के साथ बैठक का समापन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में जिला समन्वयक बरूण कुमार, सहायक ट्रस्टी जीतेंद्र प्रसाद, महेंद्र प्रसाद यादव, आशुतोष कुमार सिंह, रामप्रसाद यादव, रत्ना सिन्हा, अनुपमा देवी, गौतम कुमार, निशा देवी, कांति देवी सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# पड़रिया गांव में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित को लेकर हुई भूमि पूजन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ढकचा पंचायत अंतर्गत पड़रिया गांव में आदर्श रविदास दल पड़रिया द्वारा रविवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना हेतु विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ अभिषेक कुमार, उनकी पत्नी दौलती देवी तथा स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शिलान्यास स्थल पर बुद्ध वंदना, प्रार्थना एवं त्रिशरण पंचशील के उच्चारण के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने महात्मा गौतम बुद्ध, संत शिरोमणि रविदास महाराज और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया तथा अम्बेडकर की विचारधारा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार यादव, सलैया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, डगरा पंचायत मुखिया विनोद सिंह भोक्ता, बसपा जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, जिला प्रभारी अनुज कुमार, नीतीश कुमार एवं विनय राम, समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर राम, सचिव राजेश भारती, कोषाध्यक्ष शिवलाल राम, संरक्षक नरेश पाल, महावीर राम, रामबरन, सुदामा, डोमन, परीखा, बबन, कृष्णा, राजेश व्यास, सुरेंद्र, सिकेंद्र, अजय समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# श्री मां बाल विकास विद्यालय में कला सह विज्ञान प्रदर्शनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** श्री मां बाल विकास विद्यालय की गांधी चौक जपला व होलेया रोड ऊपरी के परिसर में कला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक सह प्राचार्य डॉ जीतेंद्र प्रसाद ने की।संचालन विद्यालय प्रभारी रविंद्र कुमार मेहता और शैलेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बच्चों द्वारा विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, इतिहास, पर्यावरण से संबंधित एक-से बढ़कर एक मॉडल बनाये गये थे। फसलों की रोपाई से कटाई तक का चित्रण, जलियांवाला हत्याकांड, ऑपरेशन सिंदूर,बुर्ज खलीफा, स्मार्ट सिटी, वोलकैनो, पेंडुलम, कंकाल तंत्र, इंडिया गेट, राममंदिर, जामा मस्जिद, केदारनाथ आदि कलाकृतियों को दर्शकों ने काफी सराहना की। आयोजन में शामिल सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये डॉ अंगद किशोर ने कहा कि इस तरह के सृजनात्मक कार्यक्रम से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। डॉ जीतेंद्र प्रसाद ने कहा कि हम टीम भावना के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास को लेकर कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिता देवी, शैलेश कुमार, सीईओ विक्रम विशाल, धीरेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार, एसजे रहमान, सीमा अग्रवाल, पिंकी कुमारी, जयनारायण सिंह, राहुल कुमार गुप्ता, अजय कुमार, हमीरा, नीतू देवी, रिया राज, रूमी सिंह, फिजा, राहुल कुमार, आरती, रानी बेगम, तख़्सिस, सानिया, संध्या, कुंडल राम, अरुण कुमार सिंह, राजरती देवी आदि सक्रिय रहे ।07

# किसी जरूरतमंद की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है : रितु सिंह

## रामपुर की सीमा देवी को मिली नयी आशाः रितु सिंह का मानवीय स्पर्श

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर ।** रामपुर निवासी बल्लू झा की पत्नी सीमा देवी (38 वर्ष) पिछले पांच वर्षों से पैरालिसिस से पीड़ित हैं। न वे उठ पाती हैं, न बैठ पाती हैं। कमरे में ही कैद-सी जिंदगी, लगातार दर्द और बेबसी ने उनकी दिनचर्या को अत्यंत कठिन बना दिया था। सीमा देवी ने भावुक होकर बताया कि वे लगभग पांच महीनों से आंगन तक भी नहीं निकल पायी थीं, मानो जीवन ठहर-सा गया हो।

सीमा देवी की बीमारी की शुरूआत कोरोना काल से हुई। अप्रैल 2021 में सेकंड वेव के दौरान उन्हें कोरोना हुआ और उसी समय ब्लैक फंगस ने उनकी एक आंख की रोशनी भी छीन ली। इसके बाद उनकी स्थिति और बिगड़ती चली गयी और वे पैरालिसिस की शिकार हो गईं।

बल्लू झा बताते हैं कि अपनी सामर्थ्य के अनुसार उन्होंने जगह-जगह इलाज कराया, पर आर्थिक तंगी बड़ी बाधा बन गयी। परिवार में छोटे बच्चे हैं, और वे स्वयं एक प्राइवेट होम्योपैथिक डॉक्टर के यहां काम करके किसी तरह घर चलाते हैं। इसी बीच जब मां पुष्पा सेवा संस्थान ट्रस्ट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रितु सिंह को सीमा देवी की स्थिति की जानकारी मिली तो वे तुरंत उनके घर पहुंचीं। वहां पहुंचकर उन्होंने सीमा देवी को व्हीलचेयर-प्रकार की साइकिल भेंट की। व्हीलचेयर मिलते ही सीमा देवी की आंखें नम हो गईं और उन्होंने कहा कि आज इतने महीनों बाद ऐसा लगा कि मैं फिर से घर से बाहर निकल सकती हूं। मेरे लिए यह सिर्फ व्हीलचेयर नहीं, नयी जिंदगी की शुरूआत है।

वहीं रितु सिंह ने कहा कि किसी जरूरतमंद की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है। यदि एक व्यक्ति एक को मदद करे, और उससे दूसरा प्रेरित हो, तो दुनिया में कोई भी लाचार नहीं रहेगा। बहुत लोग ऐसे हैं जिन्हें सहायता नहीं मिल पाती। यदि हम सब थोड़ी-थोड़ी जिम्मेदारी उठायें, तो कई परिवारों का दर्द दूर हो सकता है।

रितु सिंह के इस मानवीय योगदान से क्षेत्र में भी सकारात्मक संदेश गया है कि छोटी-सी मदद भी किसी को जीवन जीने की नयी राह दे सकती है।

# समता मूलक समाज ही राष्ट्र को सशक्त कर सकता हैः अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ बीआर आंबेडर के परिनिर्वाण दिवस पर वरिष्ठ झामुमो नेता अविनाश देव ने आंबेडकर पार्क जा कर उनके आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किये। इस मौके पर जिले भर से पहुंचे बौद्धिक लोगों ने बाबा साहेब के विचारों को रखा। श्री देव ने कहा कि अगर भारतीय बुद्धिजीवी जमात विशाल देश के विविधता लिए सामाजिक बनावट को दुर्भावना से ऊपर उठ कर निस्वार्थ और प्राकृतिक लोकतांत्रिक तरीके से चिंतन करे तब पता चलेगा कि डॉक्टर आंबेडकर के विचार उनके कहे एक एक बात मौत के सत्तर साल बाद भी कितना प्रासंगिक है। भारत विविधता में एकता लिए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है जहां हजारों साल से वर्ण व्यवस्था है। राजा महाराजा समंत जमींदार छुआ छूत ऊंच नीच गोरा कला न जाने कितने सामाजिक विसंगतियां है, जिससे आदमी आदमी का गुलाम बना रहा। लोक व्यवहार में आज भी यह चीज देखने को मिल रही है। इक्कीसवीं सदी के भारत में सामाजिक न्याय और समता का अधिकार के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। इसी असमानता को बाबा साहेब ने कलमबद्ध किया और आजादी के बाद संविधान के रूप में लागू करवाया। जब हम बाबा साहेब को पढ़ते हैं, तो पाते हैं कि वे दुर्भावना के शिकार नहीं थे बल्कि दूरदृष्टा थे और दीर्घकालीन सभी मानव जाति के लिए बराबरी का हक अधिकार का व्यवस्था बनाये। लेकिन शोषक समाज शोषण करने से मुक्त नहीं हुआ, इसीलिए जन्मुक्ति का जंग जारी है और बाबा साहेब के विचार कल से भी ज्यादा आज प्रासंगिक हो रहा है।

# डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि पर अंबेडकर नगर में निकाला गया कैंडल मार्च



डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि स्वरूप भव्य कैंडल मार्च में शामिल महिलाएं।

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत अंबेडकर नगर में शनिवार की देर शाम डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि स्वरूप भव्य कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। हाथों में जलती मोमबत्तियों के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग बाबा साहब को नमन करते हुए प्रतिमा स्थल तक शांतिपूर्वक पदयात्रा करते पहुंचे। मार्च के दौरान जय भीम और डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहें, जैसे नारे गूंजते रहे। कैंडल मार्च अंबेडकर नगर के मुख्य मार्ग से होकर उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने बुद्ध वंदना, त्रिशरण और पंचशील का पाठ कर सामाजिक न्याय एवं समता के प्रति डॉ अंबेडकर के विचारों को स्मरण किया। मौके पर महिलाओं ने कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवन में समानता, शिक्षा और मानवाधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने संविधान निमार्ता डॉ. अंबेडकर की आदर्शों का पालन करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में ममता देवी, नीलम देवी, पार्वती देवी, कुशुम देवी, रंभा देवी, पार्वती देवी, ज्योति कुमारी, विंदा देवी, पुष्पा देवी सहित सैकड़ो की संख्या महिलाएं और बच्चे शामिल थे।

# घोरमारा प्रीमियर लीग का भव्य आगाज रिची रॉकर्स ने जीता उद्घाटन मुकाबला

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र के घोरमारा स्थित चांदना ठाढ़ी मोड़ मैदान में रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर आयोजित घोरमारा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। मैदान में खिलाड़ियों और दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे माहौल पूरी तरह क्रिकेटमय हो उठा।

उद्घाटन समारोह का शुभारंभ संयुक्त रूप से जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े, देवघर जिला परिषद अध्यक्ष सह चेयरमैन किरण कुमारी, घोरमारा के समाजसेवी रोहित कुमार मंडल और ग्राम पंचायत बांक की मुखिया बिंदु मंडल द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखरने और आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलता है।

उद्घाटन मुकाबला रिची रॉकर्स और स्टार 11 के बीच खेला गया। टॉस जीतकर रिची रॉकर्स ने गेंदबाजी का फैसला किया। स्टार 11 की टीम 14 ओवर में संघर्ष करते हुए 99 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। रिची रॉकर्स के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिची रॉकर्स ने निर्धारित लक्ष्य को 100 रन बनाकर आसानी से हासिल कर लिया।

मैच के हीरो रहे पोंटिंग कुमार, जिन्होंने मात्र 3 ओवर में ताबड़तोड़ 47 रन जड़ते हुए टीम को जीत दिलाई। साथ ही उन्होंने एक महत्वपूर्ण विकेट भी चटकाया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उद्घोषक दामोदर मंडल द्वारा उन्हें मैन ऑफ द मैच की शील्ड प्रदान की गयी। इस अवसर पर जीपीएल -10 के अध्यक्ष विक्की कुमार, सचिव सचिन कुमार, सभी सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। टूर्नामेंट के इस रोमांचक आगाज ने आने वाले मैचों के प्रति उत्सुकता और बढ़ा दी है।

# वृद्धा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेंदोरा गांव में 69 साल की वृद्ध महिला के साथ हैवानियत करते हुए कथित दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा कि बेंदोरा ग्राम की निवासी 69 वर्षीय वृद्धा के साथ जबरन दुष्कर्म किया गया था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाई और कांड संख्या 45/25 के नामजद अभियुक्त बलराम महतो को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान बलराम महतो ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। इस संबंध में एसआई अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी बलराम ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# युवक की गला रेतकर हत्या

## कुआं से शव बरामद, कई लोगों से थी दुश्मनी, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय युवक की गला रेत कर हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान शिवशंकर उर्फ बिठला के रूप में हुई है। वह राम नगर का रहने वाला था। रविवार की सुबह उसका शव फसिया पंचायत भवन के पीछे स्थित एक पुराने कुआं से बरामद हुआ। शव की हालत देख प्रतीत होता है कि उसकी बेरहमी से तेज धारदार हथियार से गला रेता गया है। आशंका है कि उसकी अन्यत्र हत्या कर साक्ष्य एवं पहचान छिपाने के उद्देश्य से रात के अंधेरे में शव कुआं में फेंक दिया गया। उधर, हत्या की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, एएसआई गौतम वर्मा और सगीर आलम दल-बल के साथ रविवार को अपराह्न तीन बजे मौके पर पहुंचे और कुआं से शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। लगे हाथ आसपास के इलाके में छानबीन की। प्राथमिक जांच में पुलिस हत्या की पुष्टि कर चुकी है और तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज एवं मोबाइल कॉल डिटेल्स खंगाले जा रहे हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि हत्या किन लोगों ने और किस स्थान पर की। शव को कुएं में कब और कैसे फेंका गया। दूसरी ओर, शव की पहचान होने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या करार दिया है। कहा कि बिठला का कई लोगों से दुश्मनी थी। रंजिश के कारण ही उसकी हत्या की गयी है। परिजनों ने पुलिस से दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बतातें चलें कि बिठला विगत मंगलवार से ही रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था। परिजनों ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर उसकी तलाश करने की मांग की थी। पुलिस ने आवेदन मिलने के बाद जांच भी शुरू की है। लगे हाथ शक के आधार पर उसके दो साथियों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया था।



घटनास्थल पर पहुंच कर शव की जांच करते पुलिस के आला अधिकारी।

### रामनगर में देखा गया था अंतिम बार

**पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि बिठला को आखिरी बार रामनगर इलाके में ही देखा गया था। बताया जा रहा कि उसने एक युवक के साथ ठेले पर चाउमीन खाया। उसके बाद शराब खरीदकर पीते देखा गया था। इसके कुछ घंटे बाद से वह गायब हो गया था।**

### हत्या के आरोर नें 2023 में जा चुका था जेल

**स्थानीय लोगों के अनुसार बिठला कई विवादित मामलों में शामिल था। नशे की हालत में अक्सर लोगों को डराता-धमकाता था। साल 2023 में लिप्ट्स बगीचा के पास खैनी मांगने के विवाद में उसने कोर्ट के मुंशी की हत्या कर दी थी, जिसके बाद उसे जेल भी जाना पड़ा था। इसके अलावा वह एक ट्रक ड्राइवर का गला रेतकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में भी आरोपी था। इन घटनाओं के बाद उसका इलाके में बड़ा खौफ था और कई लोगों से उसकी पुरानी दुश्मनी थी।**

# यत्र-तत्र ऑटो खड़ा करने के बढ़ी लोगों की परेशानी



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पोकला गेट गांव में लगने वाले सप्ताहिक बाजार के दिनों में अक्सर मुख्य पथ पर जहां-तहां ऑटो खड़ा कर दिये जाने से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही, मुख्य पथ पर हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। लोगों की मांग है कि ऑटो को मुख्य पथ खड़ा न करके बाजार से आगे अथवा पीछे खड़ा किया जाय। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पोकला गेट में प्रत्येक रविवार और गुरुवार को सप्ताहिक बाजार लगता है। यह बाजार खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ से सटा हुआ है। बाजार वाले दिन ऑटो चालक अक्सर बाजार के समीप मुख्य पथ पर अपने वाहन खड़ी कर देते हैं। जिससे मुख्य पथ चलने वाली छोटी-बड़ी वाहनों को वहां से गुजरने के दौरान काफी दिक्कतें होती है। इसके अलावे ऑटो से उतरने वाले यात्रियों के बड़े वाहनों की चपेट में आने की संभावना बनी रहती है। इसके बावजूद कुछ ऑटो वाले मुख्य पथ पर बाजार के समीप अपनी ऑटो को रोकने से बाज नहीं आ रहे हैं। इधर, रविवार को कुछ ग्रामीणों ने कामडारा के जिला परिषद सदस्य दीपक कंडूलना से इसकी शिकायत करते हुए बाजार के समीप मुख्य पथ पर ऑटो के रोकने पर पाबंदी लगाने की मांग की है। इस पर जिला परिषद सदस्य ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि कामडारा के थाना प्रभारी से इस संदर्भ में बातचीत कर पोकला बाजार के समीप मुख्य पथ पर जहां-तहां खड़ा करनेवाले ऑटो चलकों पर लगाम कसा जायेगा।

# शौर्य दिवस पर विहिप-बजरंग दल ने निकाली बाइक रैली



**सिसई (आजाद सिपाही)।** शौर्य दिवस पर विश्व हिन्दू परिषद (विपिह)-बजरंग दल सिसई के नेतृत्व में बाईक रैली निकाली गयी। सिसई के जीता पतरा से 'जय श्री राम' के जयघोष के साथ रैली का शुभारंभ हुआ। सभी रामभक्त बाईक से भरनो भ्रमण करते हुए दुम्बो हनुमान मंदिर पहुंचे जहां रैली का समापन किया गया। इस दौरान सिसई से भरनो तक पूरा वातावरण राममय हो गया था। इस दौरान सिसई और भरनो के बजरंग दलों ने मिलकर कार सेवक महावीर सिंह और गया प्रसाद केशरी को भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सिसई बजरंग दल के संरक्षक मुकेश श्रीवास्तव डेविड, संरक्षक रोहित शर्मा, सौरभ ताम्रकर, भरनो बजरंग दल के हरिशंकर साही, प्रमुख पारसनाथ उरांव, अध्यक्ष सुदामा केशरी और संतोष पण्डा सहित सैकड़ों लोग रैली में शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना में मनरेगा विभाग में कार्यरत युवक की मौत, शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** ब्लॉक के मनरेगा विभाग में कार्यरत विकास गुप्ता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। इससे प्रखंड एवं अंचल प्रशासन सहित घाघरा में शोक की लहर है। जैसे ही विकास की मौत की खबर लोगों ने सुनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने उनके टोटो स्थित आवास पहुंचने लगे। इस दौरान घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार भी मृतक के आवास पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया। बताते चलें कि शनिवार की देर शाम टोटो चौक के पास नशे में धुत एक बाइक में तीन लोग सवार होकर जा रहे थे। तभी उन लोगों ने विकास की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी थी। उसे आनन फानन में गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां, प्राथमिक उपचार के बाद रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया था। पर रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही विकास ने दम तोड़ दिया था। इधर, विकास का अंतिम संस्कार रविवार को डीवीडीह नदी में किया गया। इस दौरान अमित कुमार, विवेक साहू, आलोक सेन, ज्योति लाल महतो, शीतल सिंह, राजू उरांव, नीतीश कुमार, प्रमोद उरांव, निर्मल उरांव, सत्येंद्र उरांव, अग्नि उरांव, यशमनी देवी, रानी कुमारी, विनोद उरांव, राजकुमार कुमार आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कड़ाके की ठंड से ठिठुर रहा चैनपुर, जनता परेशान

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। पर स्थानीय प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल शुरू नहीं की गयी है। न तो चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है न ही कंबल का वितरण शुरू हो सका है, जिससे गरीब और बुजुर्ग लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों की मानें, तो कुछ दिन पहले जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा और वन विभाग के संयुक्त प्रयास से ठंड से राहत दिलाने के लिए मुख्य चौक-चौराहों पर लकड़ियों की व्यवस्था की गई थी। हालांकि, बढ़ती ठंड के सामने ये लकड़ियां भी अब लगभग समाप्त होने की कगार पर हैं। ठंड का आलम यह है कि शाम होते ही प्रखंड मुख्यालय और आसपास के बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। शाम 6.30 बजे तक अधिकांश दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर घर चले जाते हैं। इस कारण राहगीरों और दूर-दराज से आने वाले लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि जरूरी सामान या आश्रय भी उपलब्ध नहीं हो पाता। ठंड से सबसे अधिक प्रभावित प्रखंड के बुजुर्ग और निर्धन वर्ग के लोग हैं। कंबल वितरण नहीं होने के कारण रातें काटना उनके लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। स्थानीय लोगों ने ज़िला प्रशासन और प्रखंड अधिकारियों के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए तुरंत प्रभाव से अलाव की व्यवस्था करने एवं प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरण शुरू करने की मांग की है। ग्रामीणो का कहना है कि जब ठंड अपने चरम पर है, तब भी अधिकारियों की ओर से जनता की सुध न लेना उनकी गैर-जिम्मेदारी को दर्शाता है।

# जगरनाथ स्वामी मंदिर के संरक्षण और विकास पर जोर




### उर्मी, अरमई और डुमरडीह ग्राम वासियों की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उर्मी, अरमई और डुमरडीह पंचायत के ग्रामीणों की बैठक रविवार को प्राचीन टोला स्थित टोंगरी में हुई। जिसमें क्षेत्र की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले महाप्रभु जगरनाथ स्वामी मंदिर के संरक्षण और विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मंदिर की पवित्र भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण या व्यावसायिक हितों के लिए दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मंदिर परिसर में एक साइन बोर्ड लगाया गया, जिससे लोगों को यह स्पष्ट संदेश मिले कि यह भूमि आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र है। इस अवसर पर ग्रामीण प्रतिनिधि संदीप प्रसाद ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कुछ जमीन माफियाओं द्वारा इस क्षेत्र को कब्जा करने की कोशिश की जा रही है, जिसे किसी भी परिस्थिति में सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर की जमीन पर गलत नजर रखने वालों को आगाह किया जाता है कि ऐसे प्रयासों का ग्रामवासी एकजुट होकर विरोध करेंगे। वहीं, संदीप प्रसाद ने जिला प्रशासन से भी आग्रह किया कि इस धार्मिक स्थल की पवित्रता और परंपरा को ध्यान में रखते हुए इसे विकसित करने के नाम पर ऐसी कोई पहल न की जाए जिससे भूमि विवाद या आस्था पर चोट पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि यहा वर्षों से मेला आयोजित होता है। रावण दहन की परंपरा निभाई जाती है और आसपास के किसान अपनी फसलों को सुखाने के लिए इस स्थान का उपयोग करते हैं। लोगों की गहरी आस्था और सामाजिक एकता से जुड़ा यह ऐतिहासिक स्थल साझा सांस्कृतिक धरोहर है। बैठक में सभी ग्रामवासियों ने निर्णय लिया कि मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा और संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे और आवश्यकता होने पर आंदोलन भी किया जाएगा। सभी ने एक स्वर में कहा कि धार्मिक स्थल की गरिमा बनाये रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# आयुष्मान कार्ड कैंप लगाने और गर्भवती महिलाओं की जांच कराने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** वार्ड नंबर नौ स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में महिला आरोग्य समिति की मासिक बैठक हुई। जिसकी अद्यक्षता सहिया सय्यदा खातून ने की। बैठक में बताया गया कि जिले में अभी तक मात्र 58 प्रतिशत राशन कार्डधारियों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। जबकि सभी पात्र परिवारों को योजना से आच्छादित किया जाना है। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में विशेष कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सय्यदा खातून ने महिलाओं को समझाया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से प्रति परिवार सालाना पांच लाख रुपये तक निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध है। समिति सदस्यों को घर-घर जाकर पात्र लाभुकों को कैंप की जानकारी देने और कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में गर्भवती माताओं की जांच पर भी चर्चा की गयी। बताया गया कि समस्याग्रस्त माताएं हर माह के चौथे बुधवार को सदर अस्पताल में जांच अवश्य कराएं। वार्ड की साफ-सफाई, सरकारी योजनाओं और समिति की मजबूती पर भी विचार-विमर्श हुआ।

# भ्रष्टाचार और जनता के प्रति प्रशासनिक उपेक्षापूर्ण व्यवहार को लेकर हुई चर्चा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक रविवार को घाघरा के नेतरहाट रोड स्थित झखरा कुम्बा परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने की। बैठक में स्थानीय प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और जनता के प्रति प्रशासनिक उपेक्षापूर्ण व्यवहार पर चर्चा की गई। इस दौरान अपने संबोधन में सनिया उरांव ने कहा कि लैंड डिजिटलाईजेशन में त्रुटियों का खामियाजा आम रयैतों को भुगतना पड़ रहा है। सरकार और जिला स्तर पर इसके सुधार के लिए गंभीर प्रयासों का प्रोपेगंडा करने के बावजूद आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई नहीं हो रही है। इसका मुख्य कारण भ्रष्टाचार है। इसके खिलाफ भूमि जोतक किसानों की गोलबंदी और आंदोलन की जरूरत है। महासभा इसके लिए ठोस पहल कर रही है। बैठक में मजदूर यूनियन के सुरेश प्रसाद यादव, नारायण उरांव, बलिराम उरांव, शिवनारायण उरांव, रामकुमार उरांव, संदीप भगत, मंगरू उरांव, कैलाश उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, देवेंद्र मुंडा, बालेश्वर मुण्डा और राजेंद्र भगत मौजूद थे।

# पहाड़ पनारी पकड़ी टोली में दो किसानों के धान की गांज में लगी भीषण आग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के पहाड़ पनारी पकरी टोली में रविवार को अपराह्न तीन बजे अचानक किसान राम सिंह और लूंगा सिंह के धान की फसल के ढेर में भीषण आग लग गई। हालांकि आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। पर स्थानीय लोगों को शंका है कि अज्ञात लोगों ने आग लगायी होगी। जानकारी के मुताबिक धान की गांज में आग लगने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने पूरे प्रयास से आग बुझाने की कोशिश किये, लेकिन आग इतनी भयानक थी कि इसे काबू नहीं किया जा सका। देखते ही देखते आग की लपटें बढ़ती गईं और पास ही लगे कई अन्य किसान के धान के गांज तक पहुंच गईं। आग की लपटों में लूंगा सिंह के चार ट्रैक्टर धान का गांझ जलकर पूरी तरह खाक हो गया। जिससे लगभग 60 से 70 हजार रुपये का नुकसान होने का दावा किया जा रहा है। वहीं राम सिंह का दो ट्रैक्टर गांज जल गया। जिसमें करीब 30 हजार रुपये की क्षति होने का अनुमान है। उधर, घटना की सूचना तुरंत गुमला थाना को दी गई, जिसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय पर अग्निशमन वाहन नहीं पहुंचता, तो कई अन्य किसानों के धान का भंडारण भी जलकर राख हो जाता।

# चर्म-कुष्ठ-गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 14 को गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रसिद्ध चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप रविवार को गुमला में अपनी सेवा देंगें। पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक वे रोगियों की जांच करेंगे। इसकी जानकारी रविवार को निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने दी। उन्होंने बताया कि इच्छुक लोग समय पर पहुंच कर डॉ संदीप से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं। इस लिए समय पर मेडिकल हॉल पहुंच जायें।

# मूलभूत सुविधाओं का दंश झेल रहा 'बोंगदा गांव'

## सड़क, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए वर्षों से ग्रामीणों का संघर्ष जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** बोंगदा गांव कामडारा प्रखंड के उन गांवों में शुमार है जहां के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। वर्षों से सड़क के इंतजार में बैठे ग्रामीण शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी जरूरतों के लिए गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। मिशन बदलाव के भूषण भगत और संजय बारला की टीम ने गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें मंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क नहीं होने से एंबुलेंस तक आज तक गांव नहीं पहुंची। विधायक और सांसद के बार-बार आश्वासन के बावजूद क्षेत्र की अनदेखी जारी है। बीमारी, बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए ग्रामीणों को किलोमीटरों पहाड़ पार करना पड़ता है। पानी की कमी, हाथियों का आतंक और हाल ही में हुए नुकसान ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हाथियों की झुंड द्वारा मंगरा टोपनो के घर को नुकसान पहुंचाने की जानकारी मिलने पर वन प्रमंडल पदाधिकारी ने मुआवजे और सुरक्षा उपायों का भरोसा दिया। बैठक में मिशन बदलाव के कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शहीद मेला सह अहीर जतरा 13 जनवरी को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड अहीर सेना की ओर से शहीद संतोष गोप की मूर्ति स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर 13 जनवरी को गुमला के टैसेरा मोड़ में शहीद मेला सह अहीर जतरा का आयोजन किया जाएगा। अहीर सेना के सचिव देवनारायण गोप ने बताया कि यह कार्यक्रम अहीर समाज की एकजुटता और वीर शहीदों के सम्मान को समर्पित है। गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और रांची सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में अहीर समाज के लोग एकत्र होकर समाज के हक और सम्मान की लड़ाई को मजबूती देंगे। अहीर सेना के सदस्यों द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को संगठित करने और जागरूकता बढ़ाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पालकोट प्रखंड के बघिमा पंचायत में विनोद गोप की अध्यक्षता में सामाजिक बैठक हुई, जिसमें जतरा में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक में राजकुमार गोप, संजू गोप, जगरनाथ गोप, संजय गोप, विमल गोप, तालेश्वर गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 08 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# गरभूडीह से सरायदहा आमडीह तक सड़क का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने रविवार को गरभूडीह में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत गरभूडीह से सरायदहा आमडीह तक बनने वाली सड़क निर्माण योजना का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। विधायक के पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर विधायक श्री सिन्हा का स्वागत किया। मौके पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस सड़क का निर्माण आवागमन के लिए बेहद जरूरी है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और लोगों को राहत मिलेगी। आज का यह ऐतिहासिक क्षण सिर्फ किसी सड़क निर्माण का शुभारंभ नहीं बल्कि यह हमारी जन आस्था, जन भागीदारी, और जन संकल्प का साकार रूप है। यह सड़क बनेगी तो सिर्फ गाड़ियां ही नहीं चलेगी बल्कि विकास की तेज रफ्तार भी दौड़ेगी। जनता के सहयोग से हर योजनागत कार्य को समयबद्ध पूरा कराने का प्रयास जारी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुखिया रमेश सिंह, मुखिया चमेली देवी, पूर्व मुखिया दीपक सिंह चौधरी, विकास मिश्रा, सदानंद वर्णवाल, बिनोद सिंह, गुड्डू वर्मा, मनोज मालाकार, बिंदेश्वर साव, पंकज सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीण, भाजपा कार्यकर्ता एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कतरास में हेवी ब्लास्टिंग से कई घर क्षतिग्रस्त, आक्रोश

## आउटसोर्सिंग कंपनी के विरुद्ध ग्रामीणों ने किया जमकर विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 1 स्थित बरोरा एरिया अंतर्गत संचालित संजय उद्योग आउटसोर्सिंग परियोजना मे रविवार की दोपहर हुई हैवी ब्लास्टिंग की वजह से उड़े पत्थर के टुकड़े से मोहली बस्ती के कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। जिसके बाद ग्रामीण उग्र हो गये और आउटसोर्सिंग कंपनी के विरुद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बताते चले कि रविवार की दोपहर लगभग दो बजे बीसीसीएल एरिया वन क्षेत्र अंतर्गत संचालित संजय उद्योग की परियोजना मे हुई हैवी ब्लास्टिंग की वजह से परियोजना के समीप स्थित मोहली बस्ती निवासी कुंती देवी मोहली के घर पर लगभग बीस बीस किलो का दो पत्थर का टुकड़ा उड़कर घर के छप्पर पर गिरा, जिससे घर का छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कुछ जगहो पर दीवार पर दरारें भी आ गयी। इसके अलावा शंकर मोहली और चौहान पट्टी में नंदलाल चौहान, मनोज चौहान का घर भी क्षतिग्रस्त हो गया।जिस समय यह ब्लास्टिंग हुई उस समय लोग अपने अपने घर में और घर के आसपास मे ही थे।संयोग अच्छा रहा कि किसी को कोई चोट नहीं लगी। अचानक हुई हैवी ब्लास्टिंग की वजह से लोगों में भय व्याप्त है। घटना के बाद ग्रामीण उग्र हों गये और जमकर बवाल मचाया। कुछ लोग बीसीसीएल के वरीय अधिकारियों को मौके पर बुलाने की जिद्द पर अडिग थे। वही घटनाक्रम की खबर पाकर फुलारीटांड पंचायत के मुखिया प्रतिनिधी दिलीप विश्वकर्मा ने ग्रामीणो को समझा बुझा कर मामले को शांत करवाया व ग्रामीणो को आश्वाशन दिया की बहुत जल्द बीसीसीएल प्रबंधन व आउटसोर्सिंग प्रबंधन से बातचीत कर समस्या का हल निकालने का प्रयास करेंगे।

**क्या कहते है ग्रामीण :**ग्रामीणों का कहना है कि बीसीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी सारे नियमों को ताक पर रख कर उत्खनन का कार्य कर रहे है। आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा जो हैवी ब्लास्टिंग किया जाता है। उससे पहले न तो सायरन बजाया जाता है और न ही सूचना दी जाती है। जिस स्थान पर उत्खनन का कार्य चल रहा उससे हमारी बस्ती की दूरी मात्र पच्चास से साठ फीट ही है। जबकि नियम के अनुसार उत्खनन स्थल की आबादी वाले क्षेत्र की दूरी कम से कम पांच सौ मीटर होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि आउटसोर्सिंग कंपनी और बीसीसीएल प्रबंधन के द्वार बार बार आश्वासन दिया जाता है पर कुछ किया नहीं जाता आउटसोर्सिंग कंपनी से यदि बात करने के लिए उसके ऑफिस जाइए तो वहां उसके गुंडे ग्रामीणों के साथ मारपीट कर भगा देते है।

# इंडियन आइडल प्रतिभागी अभिषेक के पिता को झरिया विधायक दिया नया ठेला



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने रविवार इंडियन आइडल में धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे धनबाद के प्रतिभागी अभिषेक कुमार के परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनके पिता को नया ठेला भेंट किया। विधायक ने बताया कि अभिषेक के पिता का ठेला टूट चुका था और इसके बावजूद वे मेहनत कर अपने बेटे के सपनों को पूरा करने में लगे थे। इस संघर्ष और जज्बे ने विधायक रागिनी सिंह को गहराई से प्रभावित किया। अपने सिंह मैनसन आवास पर नया ठेला सप्रेम भेंट करते हुए विधायक ने कहा कि अभिषेक की सफलता और परिवार का संघर्ष प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने कहा कि अभिषेक एक साधारण परिवार से आते हैं, लेकिन उनके पिता की मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति ने उन्हें आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। मैं उनके संघर्ष को सलाम करती हूं। विधायक ने कोयलांचलवासियों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में वोट कर अभिषेक कुमार को इंडियन आइडल का विजेता बनायें ताकि वह धनबाद और झारखंड का नाम और भी रोशन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अभिषेक के पिता को शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित भी किया। नया ठेला मिलने पर अभिषेक के पिता भावुक हो उठे और विधायक रागिनी सिंह के प्रति आभार प्रकट किया।

# वृद्धजनों की सेवा और सम्मान करना सभी का सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है : डीएसपी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रविवार को कदईया ग्राम, टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में पहुंच कर आश्रम में आश्रित सभी वृद्धजनों से धनबाद के ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार ने अपने परिवार संग मुलाकात कर उनका सुध बुध लिया। अरविंद कुमार ने आश्रम में वृद्धजनो संग काफी समय बिताया और उनके अतीत की बहुत सारी बातों को सुना- जाना और वृद्धजनों के द्वारा गाये भक्ति, भजन-कीर्तन पर झूमे। उन्होंने सभी वृद्ध जनों को शाम का नास्ता करवाया। आश्रम में आने और उनका ख्याल रखने के लिए सभी वृद्धजनों ने उन्हें खूब सारा आशीर्वाद दिया। डीएसपी अरविंद कुमार ने कहा कि वृद्ध माता-पिता की सेवा करना संतान का प्रथम कर्तव्य है। डीएसपी ने आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी की काफी सराहना करते हुए कहा की नौसाद गद्दी एवं उनके सहयोगियों के द्वारा वृद्धजनों का सालों भर अनवरत सेवा एक बहुत ही उल्लेखनीय एवं प्रसंसनीय कार्य है। फिर से आश्रम आने का वादा कर वे वहां से विदा हुए। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी एवं सक्रिय सदस्य बी. सुधीर ने डीएसपी अरविन्द कुमार को आश्रम आकर वृद्धजनों का हौसला और मनोबल बढ़ाने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।

# एफसीआइएल आवास नीति के विरोध में महागठबंधन की विशाल आमसभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** रविवार को शिव मंदिर, डोमगढ़ के समीप स्थित मैदान में महागठबंधन की ओर से केंद्र सरकार एवं एफसीआइएल प्रबंधन की आवास नीति के विरोध में एक विशाल आमसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपाझमाले के वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो तथा धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह उपस्थित रहीं। जेबीएसएस द्वारा दोनों अतिथियों का तलवार एवं शाल से सम्मान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक चन्द्रदेव महतो ने कहा कि सत्तर वर्षों से यहां रह रहे परिवारों को उजाड़ने की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जायेगा। एफसीआईएल आवास की पाई-पाई कर्मचारियों से वसूल चुका है। सिंदरी को बचाने के लिए किसान आंदोलन से भी बड़ा आंदोलन किया जायेगा। एफसीआईएल प्रबंधन जनविरोधी नीतियों पर चल रहा है। सिंदरी की जनता एकजुट है और हम घर-दुकान बचाने की लड़ाई आखिरी दम तक लड़ेंगे। वहीं कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने एफसीआइएल प्रबंधन की नीति को अमानवीय बताते हुए कहा कि सिंदरी के हजारों परिवारों की आजीविका और सम्मान दांव पर है। सरकार और प्रबंधन को जनता की पीड़ा समझनी चाहिए। जो लोग दशकों से यहां रहकर शहर के विकास में योगदान दे रहे हैं, उन्हें उजाड़ने की अनुमति किसी भी हाल में नहीं दी जायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और महागठबंधन जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी। सभा में राम आसरे सिंह, सिंदरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार, प्रशांत दुबे, राजीव मुखर्जी, मंजू देवी, सपना देवी, सत्यदेव सिंह, जेएमएम नगर अध्यक्ष परशुराम सिंह, सुबोध पांडेय, बमभोली सिंह, जेबीएसएस अध्यक्ष कौशल सिंह, रंजय सिंह, संतोष चौधरी, सहीद अंसारी सहित लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस नेत्री सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# जोरिया बस्ती में जुआ अड्डे पर पुलिस का छापा, तीन गिरफ्तार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जिले के कसमार पुलिस ने बीते देर रात जोरिया बस्ती, दाँतु में संचालित एक जुआ अड्डा पर छापामारी कर तीन जुआरियों को दबोचने के सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि करीब दस लोग जुआ खेल रहे थे, लेकिन पुलिस को देखकर अधिकांश लोग अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। छापामारी के दौरान पुलिस ने जुआ स्थल से हजारों रुपये नकद, प्लेइंग कार्ड के दो पैक, काला प्लास्टिक, एक टॉर्च और दो मोबाइल बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राज कुमार नायक (27), रवीन्द्र नायक (26) और कैलाश नायक (40) सभी निवासी दांतु, कसमार के रूप में हुई है। छापामारी टीम में सअनि सत्येन्द्र कुमार, पुअनि सुंदर हेम्ब्रम सहित पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# इंफ्रा आउटसोर्सिंग पैच के लिए सैकड़ों ग्रामीणों को घर खाली करने का नोटिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 3 स्थित गोविंदपुर क्षेत्र के महेशपुर कोलियरी में संचालित इंफ्रा आउट सोर्सिंग पैच के लिए बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा सिनीडीह और महेशपुर राजधानी क्वार्टर, सिनीडीह बत्तीघर, टुण्डू सिनीडीह रोड समेत लगभग सैकड़ों ग्रामीणों को घर खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस के विरोध में सिनीडीह पंचायत की मुखिया सुमन देवी की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सिनीडीह और महेशपुर पंचायत के राजधानी क्वार्टर के ग्रामीण शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए पंचायत प्रतिनिधि बिट्टू चौहान ने कहा कि टुण्डू स्टेशन के ग्रामीणों को बीसीसीएल द्वारा पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती है। तालाब को भरने नहीं दिया जायेगा और विस्थापित ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर बसाना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बीसीसीएल प्रबंधन ग्रामीणों की मांगों पर ध्यान नहीं देता है तो 15 दिसंबर को महेशपुर कोलियरी और आउटसोर्सिंग का चक्का जाम किया जायेगा। बैठक में रामकुमार चौहान, रोहित कुमार चौहान, रमेश चौहान, मृत्युंजय बाउरी, मंजर भुईयां, लखन भुईयां, राहुल चौहान, गणेश चौहान, संजय दास, फुला देवी, मालती देवी, एतवारिया देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# बंद घर में चोरी करते तीन आरोपी गिरफ्तार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सरायढेला थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बंद घर में चोरी कर रहे चोर गिरोह का उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 05-06 दिसंबर की रात पुलिस को सूचना मिली कि बीग बाजार स्थित बंद घर में अज्ञात चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराकर एक विशेष छापामारी टीम गठित की गयी। टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस को देख एक जवान द्वारा चोर-चोर का शोर मचाया गया। पुलिस ने घर को घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया, जिसमें एक आरोपी कल्लु अंसारी (41 वर्ष) को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दो फरार हो गए। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने अन्य दो अभियुक्त—सतीश कुमार वर्मा (59 वर्ष) और अमीत कुमार (27 वर्ष) को भी चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामद सामान में सोना जैसे दिखने वाले कई लॉकेट, चैन, झुमका, अंगूठी, पोला, कानपास तथा चाँदी जैसी मछली समेत कुल 10 से अधिक कीमती आइटम शामिल हैं।

# धनबाद सांसद से मिले अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल



## टेट की अनिवार्यता के विरोध एवं समाधान के लिए सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को चिटाही स्थित आवासीय कार्यालय में धनबाद सांसद ढुलू महतो से मुलाकात किया। प्रतिनिधिमंडल ने टेट की अनिवार्यता के विरोध एवं समाधान हेतु सांसद को ज्ञापन सौंपा और वर्तमान सत्र में सरकार का ध्यानाकर्षण का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव सियाराम प्रसाद सिंह, संयुक्त सचिव राजीव कुमार, दिनेश राम, संगठन मंत्री श्रवण कुमार महतो, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार और बाघमारा प्रखंड के शिक्षक दीपक वर्णबाल, सुरेन महतो, मोट्टू असलम, रोहित कुमार एवं अन्य शिक्षकगण शामिल थे।

# जामाडोबा सब स्टेशन में हाई-टेंशन तार की चपेट में आया कर्मचारी

**जोड़ापोखर/ झरिया (आजाद सिपाही)।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा स्थित सब स्टेशन के समीप 33 हजार केवी हाई-टेंशन पावर सब स्टेशन में कार्य के दौरान एक बड़ा हादसा होने से अफरा-तफरी मच गयी। बिजली विभाग में कार्यरत बालेश्वर मुंडा हाई-टेंशन लाइन के पोल पर मरम्मत का काम कर रहा था, तभी अचानक लाइन में करंट प्रवाहित हो गया और वह इसकी चपेट में आ गया। बालेश्वर मुंडा गंभीर रूप से झुलस गया है और उसे बेहतर इलाज के लिए अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बतायी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी गयी।

# प्रबंधन का मनमाना रवैया नहीं चलेगा : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो परिसदन में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने कहा कि 14 दिसंबर से बोकारो एवं धनबाद में खेल महोत्सव का शुभारंभ किया जायेगा। बोकारो में कुमार मंगलम स्टेडियम से शुभारंभ किया जायेगा। इसमें क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, वालीबॉल, मैराथन दौड़, जूडो, चैस, बास्केटबॉल, आर्चरी जैसे बहुत सारे खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा यह खेल महोत्सव देश भर में आयोजित किया जा रहा है। हमारे क्षेत्र के बच्चों के लिए ऐसे खेल महोत्सव के आयोजन से खेल प्रतिभाओं के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा और साथ ही इस पहल से प्रतिभाओं को पहचान और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभायेगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं बच्चों से खेल महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने की अपील की ।

उन्होंने बोकारो के चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के सवाल पर कहा कि इस्पात प्रबंधन का यह मनमाना रवैया नहीं चलेगा, इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा और दोषी करार दिया। वही, चास के जमीन माफियाओं द्वारा लोगो की जमीन पर जबरन कब्जा किए जाने के सवाल पूछे जाने पर कहा कि जिनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा उन्हें मै बता देना चाहता हूँ कि हमारे रहते ऐसा नहीं हो सकता है। उन माफियों को माकूल जवाब दिया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी शनिवार को जिला प्रशासन के साथ बैठक कर सभी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मौके पर जिला अध्यक्ष जयदेव राय,खेल महोत्सव के संयोजक एंजेला सिंह, मंटु राय,अजय सिंह,अमर स्वर्णकार, ब्रज दुबे, लालजीत महतो,भानु प्रताप सिंह,अरविंद दुबे, विकास माहथा, अमजद, मनोज कुमार, बंकिम, राजीव , मृत्युंजय एवं, सभी खेल के एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# लिटिल चैंप्स योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में कतरास हॉली मदर बनी चैंपियन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** दी लाइट हाउस रिसोर्ट में आयोजित प्रथम धनबाद जिला लिटिल चैंपस योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के ओवरऑल चैंपियन के खिताब पर हॉली मदर एकाडमी कतरास ने कब्जा जमाया। जबकि ग्रुप चैम्पियन का ताज डीएम पब्लिक स्कूल पुटकी के सिर सजा। प्रतियोगिता में कुल 12 विद्यालय एवं 9 क्लब से 183 खिलाड़ियों ने भाग लिया। योगासन प्रशिक्षक कुमारी रश्मि, आरती शर्मा, सरिता देवी एवं अभिषेक कुमार महली, निर्णायक अभिजीत पात्रा, जशपाल सिंह, कृष्णा प्रसाद महतो, जीवन रजक, निरंजन महतो, अविनाश कुमार, सुनीता मिश्रा, कुमारी माया, ज्योति विश्वकर्मा, शीतल कुमारी, सोनम सिंह, 6 वां राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी जशपाल सिंह, कुमारी माया, अंजू दत्ता, दीपशिखा दॉ, मिक्की कुमारी, रचना परबत, आयुष वरमन, अराध्या सिंह, रौनीत रंजन, कृष्णा कुमार, राष्ट्रीय उद्घोषक मो फरीद को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में आयुष कुमार बाउरी, अबदुल, यासस्वत भट, श्रेयांस, अंशु, अंशुमन मोर्या, श्लोक, वेदान्ता, गुलाल सिंह, अराध्या आंनद, श्रेना कुमारी दास, माहिरा नाज, सान्वी कुमारी, शिखा सिंह, जैश्वी प्रकाश, अनू श्री शुक्ला, अन्नया आसी, श्रेया कुमारी, श्रीनिका स्वर्णकार ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं शोविक, इन्द्रजीत, आयुष, रितविक कुमार महतो, मोहम्मद, वैभव आनंद, सोनु कुमार, अंश सिंह, संजना कुमारी, शुभ्रा गोस्वामी, वैदेही चौधरी, आइजा प्रवीण, समरीधि राय, शानवी, अराध्या कुमारी गुप्ता, वाणी कुमारी, आकृति सिंह, काव्या कुमारी ने रजत पदक प्राप्त किया। जबकि अंश, नक्ष, अंकुश, संस्कार, आरनव, आरोही, सिद्धी साव, प्रिति ठाकुर, अरिसफा प्रवीण, इरा सिंह, माही कुमारी, सोहानी कुमारी, पीहु कुमारी, पारो कुमारी कांस्य पदक विजेता बने। प्रतियोगिता का उद्घाटन ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह तथा जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी, पूर्व राज्य सचिव विपिन कुमार पांडेय, सिन्दरी विधायक प्रतिनिधि शीतल दत्ता तथा रविदास योग केन्द्र के निदेशक छोटु राम ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# उद्यमी रवि बुंदेला महापौर पद की रेस में उतरे

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** आर स्क्वायर ग्रुप के प्रमुख और प्रसिद्ध उद्यमी रवि बुंदेला ने धनबाद नगर निगम के महापौर चुनाव में उतरने की औपचारिक घोषणा कर दी है। रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों के लिए पहचाने जानेवाले बुंदेला का मानना है कि अब समय आ गया है जब शहर को व्यवसायिक समझ, अनुसाशन और पारदर्शिता पर आधारित नेतृत्व की आवश्यकता है।

**प्रोफेशनल बैकग्राउंड अब राजनीति में काम आयेगा :** बुंदेला लंबे समय से रियल एस्टेट और शहरी ढांचे से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर काम करते रहे हैं। आर स्क्वायर ग्रुप के माध्यम से उन्होंने कई योजनाओं में बेहतर प्लानिगं , समयबद्ध क्रियान्वयन, तकनीकी दक्षता और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। वे कहते हैं शहर का संचालन भी एक बड़े प्रोजेक्ट की तरह है। जो प्लानिगं और एग्जीक्यूशन समझता है, वही शहर को बेहतर चला सकता है।

रवि बुंदेला भले ही राजनीतिक रूप से नया चेहरा हों, लेकिन पानी की समस्या, खराब सड़कों, नालों की सफाई और मोहल्लों की छोटी-छोटी नगर चुनौतियों को सुलझाने में वे लगातार सक्रिय रहे हैं। इन कार्यों का उन्होंने कभी प्रचार नहीं किया, लेकिन अलग-अलग वार्डों के लोग उनकी सुलभता, तुरंत प्रतिक्रिया और ईमानदार रवैया को पहचानते हैं। रवि बुंदेला ने बताया कि उनका उद्देश्य शहर की जड़ों को पहले मजबतू करना है। कचरा, पानी, सड़क, सफाई और प्रशासनिक दक्षता। इसके बाद बड़े विकास कार्यों की दिशा तय की जायेगी।

# पर्यावरण शिक्षा एवं संसाधनों के संरक्षण पर सीबीपी प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में 06 दिसंबर 2025 को पर्यावरण शिक्षा एवं संसाधनों के संरक्षण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सत्र सीबीएसइ-सीओई पटना के सौजन्य से संचालित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना तथा प्रभावी शिक्षण-अधिगम के माध्यम से उससे जुड़ी अवधारणाओं को कक्षा में सुदृढ़ बनाना था। सत्र की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या डॉ. करुणा प्रसाद द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ हुई। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों, अपेक्षित अधिगम परिणामों तथा उनके सतत मूल्यांकन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक मिशन नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित दिशा देने की अनिवार्य जिम्मेदारी भी है। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्री अनिल कुमार मोदी (उप-प्राचार्य, त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल,बोकारो) और श्रीमती सोनी कुमारी महतो (टीजीटी (विज्ञान), बीएसएसवीएम स्कूल, चंद्रपुरा) ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभायी।

# छह साल की मोहब्बत शादी तक पहुंची, पर अधूरी रह गयी दास्तां

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** शादी के कार्ड बंट चुके थे...मेहमान आ चुके थे, रस्में जारी थीं.. तभी खबर आयी कि स्मृति मंधाना के पिता की तबियत अचानक खराब होने के बाद शादी को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया। अटकलों का बाजार गर्म हुआ...सोशल मीडिया पर यूजर्स ने पलाश पर मंधाना को धोखा देने के आरोप लगाए, लेकिन दोनों की तरफ से किसी ने सफाई नहीं दी। इस बीच रविवार को दोनों ने शादी टूटने का एलान कर दिया। हम यहां दोनों की अधूरी दास्तां पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

**ऐसे करीब आये मंधाना-पलाश**

स्मृति और पलाश की पहली मुलाकात मुंबई के निजी समारोह में हुई थी। पलाश ने उस शाम एक अनरिलीज्ड गाना गुनगुनाया था, जिसे सुनकर स्मृति प्रभावित हो गईं थीं। यहीं से दोनों की दोस्ती और फिर रिश्ता धीरे-धीरे आगे बढ़ता गया। 2019 में पलाश ने अपनी बहन और गायक पलक मुछाल के सामने ही स्मृति को प्रपोज किया था। 2024 में मंधाना ने एक पोस्ट के जरिये अपने रिश्ते पर मुहर लगायी।

**पलाश के हाथ पर स्मृति के नाम का टैटू :** पलाश ने भारत की महिला विश्व कप में खिताबी जीत के बाद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर साझा की थी। इस तस्वीर में उनके हाथ पर बना एक खास टैटू प्रशंसकों का ध्यान खींच रहा था। उनके हाथ पर रट18 का टैटू बना हुआ है, जो स्मृति के नाम और उनकी जर्सी नंबर का संकेत है।

**शादी से पहले पलाश ने दिया मंधाना को स्पेशल सरप्राइज**

शादी से पहले पलाश मुछाल ने मंधाना को खास सरप्राइज दिया था। म्यूजिक कंपोजर ने महिला विश्व कप के फाइनल के वेन्यू डीवाई पाटिल स्टेडियम ले जाकर भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधना को शादी से पहले प्रपोज किया। इसका वीडियो भी पलाश ने सोशल मीडिया पर साझा किया। पलाश ने जो वीडियो शेयर किया, उसमें दिख रहा है कि वह मंधाना की आंख में पट्टी बांधकर डीवाई पाटिल स्टेडियम लाये और उन्होंने पिच पर आकर उनकी आंखों से पट्टी हटाई। पलाश ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'उसने हां कह दिया है।' मंधाना की आंख से जब पट्टी हटी तो उन्होंने देखा कि




पलाश घुटने पर बैठे हुए हैं और उन्होंने प्रपोज कर रहे हैं। मंधाना के चेहरे पर इस सरप्राइज की खुशी साफ देखने मिली और उन्होंने पलाश का प्रपोजल स्वीकार किया। इसके कुछ देर बाद पलाश और मंधाना के दोस्त भी पिच पर पहुंचे और सबने मिल कर इस पल का आनंद उठाया।

**जोरों पर थीं शादी की तैयारियां**

मंधाना और पलाश की शादी की तैयारियां जोरों पर थी और इसकी काफी चर्चा हुई थी। दोनों की हल्दी सेरेमनी 21 नवंबर को हुई थी। हल्दी फंक्शन का पूरा माहौल जबरदस्त येलो थीम में ढला हुआ था। स्मृति के साथ शेफाली वर्मा, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, रेणुका सिंह, शिवाली शिंदे, राधा यादव और जेमिमा जैसी साथी खिलाड़ी भी मौजूद थीं। हल्दी सेरेमनी के अगले दिन यानी 22 नवंबर को स्मृति और पलाश की मेहंदी सेरेमनी हुई। सब कुछ सही चल रहा था और 23 नवंबर को सांगली में शादी की पूरी तैयारियां हो चुकी थीं। शादी के लिए भारतीय महिला टीम के सदस्य सहित अन्य वीआइपी लोग पहुंच गये थे. लेकिन 23 नवंबर की शाम अचानक खबर आयी कि स्मृति के पिता बीमार हो गये हैं जिस कारण शादी अनिश्चितकाल के लिए टाल दी गयी है।

**क्यों टली थी शादी?**

मंधाना और संगीतकार पलाश की शादी के दिन मंधाना के पिता श्रीनिवास मंधाना गंभीर रूप से बीमार पड़ गये थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। शादी से ठीक पहले मंधाना के मैनेजर ने इस बात की जानकारी दी थी कि मंधाना के पिता की तबीयत बिगड़ने के कारण शादी अनिश्चितकाल के लिए टाली गयी है। इसके अगले ही दिन पलाश भी बीमार हो गए थे। इसके बाद से ही पलाश और मंधाना के रिश्तों को लेकर कई तरह की अटकलें लगायी जा रही थी। अब मंधाना ने स्पष्ट किया है कि शादी रद्द हो गयी है।

**सोशल मीडिया पर गर्म रहा था अटकलों का बाजार :** मंधाना और पलाश की शादी टलने के बाद से ही सोशल मीडिया पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया था। इन दोनों के रिश्ते को लेकर तरह-तरह की बातें की जा रही थी। दिलचस्प बात यह थी कि शादी टलने के बाद स्मृति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शादी से जुड़ी सभी तस्वीरें और पोस्ट हटा दी थीं। इससे कयास और तेज हो गये कि क्या केवल शादी टली है या फिर कुछ और बदल गया है। सोशल मीडिया पर चर्चाएं फैल गयीं कि पलाश और स्मृति के बीच सब ठीक नहीं था और रिश्ते में दरार आयी है। हालात तब और जटिल हो गये जब इंटरनेट पर पलाश पर चीटिंग के आरोप लगाये जाने लगे, लेकिन दोनों की तरफ से इसको लेकर कोई सफाई नहीं दी गयी।

## 17 दिन बाद मंधाना-पलाश ने तोड़ी चुप्पी

मंधाना ने सबसे पहले रविवार दोपहर एक बज कर आठ मिनट पर इंस्टाग्राम स्टोरी लगायी और पोस्ट किया कि उनकी शादी रद्द कर दी गई है। इसके ठीक चार मिनट बाद यानी एक बजकर 11 मिनट पर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और बताया कि मंधाना के साथ उनकी शादी टूट गयी है। मंधाना ने लिखा, पिछले कुछ सप्ताह से मेरे जीवन को लेकर काफी अटकलें लगायी जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए खुलकर बोलना जरूरी है। मैं बहुत निजी इंसान हूं और मैं इसे इसी तरह रखना चाहती हूं, लेकिन मुझे यह स्पष्ट करना होगा कि शादी रद्द कर दी गयी है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी यही करने की विनती करती हूं। मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि इस समय दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें और हमें अपनी गति से आगे बढ़ने का समय दें।
मंधाना ने आगे लिखा, मेरा मानना है कि हम सभी के पीछे एक बड़ा उद्देश्य है और मेरे लिए वह उद्देश्य हमेशा अपने देश का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करना रहा है। मैं उम्मीद करती हूं कि मैं भारत के लिए यथासंभव लंबे समय तक खेलती रहूं और ट्रॉफियां जीतती रहूं और मेरा ध्यान हमेशा इसी पर रहेगा। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद। अब आगे बढ़ने का समय है।
इसके बाद पलाश ने लिखा, मैंने अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने और अपने निजी रिश्तों से दूर रहने का फैसला किया है। मेरे लिए यह देखना बहुत मुश्किल रहा है कि लोग मेरे लिए सबसे पवित्र चीज के बारे में बेबुनियाद अफवाहों पर इतनी आसानी से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। यह मेरे जीवन का सबसे मुश्किल दौर है। मैं अपने विश्वासों पर अडिग रहकर इससे निपटूंगा। मैं सचमुच उम्मीद करता हूं कि हम एक समाज के रूप में, किसी के बारे में बिना पुष्टि की गयी अफवाहों के आधार पर राय बनाने से पहले रुकना सीखेंगे, जिनके सोर्स कभी पहचाने नहीं जाते। हमारे शब्द हमें ऐसे जख्म दे सकते हैं जिन्हें हम कभी समझ नहीं पायेंगे।

# फिल्ममेकर विक्रम भट्ट को पुलिस ने गिरफ्तार किया, व्यापारी से 30 करोड़ ठगने का आरोप



**मुंबई (आजाद सिपाही)।** फिल्ममेकर विक्रम भट्ट को मुंबई और राजस्थान पुलिस ने रविवार को अरेस्ट किया है। उन पर उदयपुर के व्यापारी से 30 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप है। पुलिस टीम ने मुंबई के यारी रोड इलाके के गंगा भवन अपार्टमेंट से उन्हें पकड़ा यह घर उनकी साली का है। अब राजस्थान पुलिस उन्हें अपने साथ उदयपुर ले जाने के लिए बांद्रा कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए अप्लाई करेगी। राजस्थान के इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक डॉ अजय मुर्डिया ने 17 नवंबर को विक्रम भट्ट समेत 8 लोगों के खिलाफ 30 करोड़ की धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया थी। उनका आरोप है कि एक इवेंट में उनकी मुलाकात दिनेश कटारिया से हुई थी। दिनेश कटारिया ने उन्हें पत्नी की बायोपिक बनाने का प्रस्ताव दिया और कहा कि फिल्म के जरिए पूरा देश उनकी पत्नी के योगदान को जान पायेगा। इस सिलसिले में दिनेश कटारिया ने 24 अप्रैल 2024 को मुंबई स्थित वृंदावन स्टूडियो बुलाया था। यहां उनकी मुलाकात फिल्ममेकर विक्रम भट्ट से करायी गयी थी। उन्होंने बायोपिक बनाने पर चर्चा की थी। बातचीत के दौरान यह तय हुआ था कि फिल्म बनाने की पूरी जिम्मेदारी विक्रम भट्ट लेंगे और उन्हें सिर्फ पैसे भेजते रहना होगा। विक्रम भट्ट ने अजय मुर्डिया से कहा कि उनकी पत्नी श्वेतांबरी और बेटी कृष्णा भी फिल्ममेकिंग से जुड़ी हैं। विक्रम भट्ट ने पत्नी श्वेतांबरी की फर्म को पार्टनर बनाया था। उनके बीच बायोनिक और महाराणा नाम की फिल्मों के लिए 40 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट हुआ था।

# विराट कोहली ने परिवार संग सिंहाचलम मंदिर में दर्शन किये

- ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर भी साथ थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशाखापट्टनम।** इंडियन क्रिकेटर विराट कोहली ने अपने परिवार और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर के साथ रविवार को विशाखापट्टनम स्थित सिंहाचलम मंदिर में दर्शन किये। 2 मिनट 36 सेकंड के वीडियो में विराट कोहली मंदिर में पूजा-पाठ करते नजर आ रहे हैं। उनके साथ सुंदर भी हैं। विराट ने पारंपरिक कप्पस्थंभम अलिंगनम (पवित्र स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। मंदिर प्रशासन ने बताया कि कोहली पूरे परिवार के साथ दर्शन करने आए थे, लेकिन फोटो-वीडियो में कहीं भी अनुष्का और बच्चे नजर नहीं आये।



## पुजारियों ने वेद आशीर्वाद पाठ किया

दर्शन के बाद पुजारियों ने नादस्वरम की ध्वनि के साथ वेद आशीर्वाद का पाठ किया। पुजारियों ने खिलाड़ियों को मंदिर का वस्त्र दिया और देवस्थानम की ओर से उन्हें भगवान का चित्र और प्रसाद भेंट किया।

**मई में अयोध्या गये थे, रामलला-हनुमान गढ़ी में दर्शन किये :** विराट कोहली और अनुष्का शर्मा 25 मई को अयोध्या गए थे। दोनों ने सुबह 7 बजे रामलला के दर्शन किए। दोनों गर्भगृह में करीब 10 मिनट रहे। हालांकि, राम मंदिर में विराट-अनुष्का की तस्वीरें सामने नहीं आयी। उसके बाद दोनों ने हनुमानगढ़ी मंदिर में 20 मिनट तक पूजा-अर्चना की। पुजारी ने दोनों को माला पहनायी।

**टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे थे :** कोहली टेस्ट से रिटायरमेंट अनाउंस करने के बाद प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे थे। वे 13 मई को तीसरी बार वृंदावन पहुंचे थे। इससे पहले वे 4 जनवरी 2023 और 10 जनवरी 2025 को वृंदावन आये थे। तीनों बार उन्होंने प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। उन्होंने अनुष्का के साथ दोनों ने 15 मिनट तक प्रेमानंद महाराज से बात की और आश्रम में करीब ढाई घंटे बिताये थे।

# रूस ने यूक्रेन पर 700 हवाई हमले किये

**कीव/ मास्को।** यूक्रेन में आर्म्ड फोर्सेज डे से पहले रूस ने शनिवार को बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। यूक्रेन एयरफोर्स के मुताबिक रूस ने 29 ठिकानों पर 653 ड्रोन और 51 मिसाइल दागीं। इनमें से 585 ड्रोन और 30 मिसाइल मार गिरायी गयीं। इससे 8 लोग घायल हुए। कई एनर्जी स्टेशन और रेलवे ढांचे को नुकसान पहुंचा। जापोरेजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट कुछ समय के लिए ऑफ-साइट पावर से कट गया, हालांकि रिएक्टर बंद होने के कारण कोई बड़ा खतरा नहीं हुआ। रूस ने भी यूक्रेन पर हवाई हमले करने का आरोप लगाया है। रूस ने यूक्रेन पर हमले के दौरान गलती से अपने ही एक शहर बेल्गोरोड (यूक्रेन सीमा से करीब 40 किमी दूर) पर एफएबी-1000 (हाई-एक्सप्लोसिव बम) गिरा दिया। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बम का कुल वजन लगभग 1000 किलो के करीब था। बम पूरी तरह फटा नहीं, लेकिन जमीन पर जोरदार धमाका हुआ और एक बहुत बड़ा गड्ढा बन गया।

# भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह को फोन कर लॉरेंस गैंग ने दी धमकी

## सलमान के साथ बिग बॉस में स्टेज शेयर न करने की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह को लॉरेंस गैंग की ओर से धमकी मिली है। धमकी देने वाला शख्स ने चेतावनी दी है कि सलमान खान के साथ बिग बॉस का मंच साझा किया तो आगे इंडस्ट्री में काम नहीं कर पाओगे।

पवन सिंह के मुताबिक, शनिवार को एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल रिसीव किया तो कॉल करने वाले शख्स ने कहा- हम गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य बोल रहे हैं। इसके बाद कहा कि तुम्हें सलमान खान के साथ मंच साझा नहीं करना है। इसके साथ ही मोटी रकम की भी डिमांड की।

बता दें कि पवन सिंह को आज बिग बॉस फिनाले में शामिल होना है। इससे पहले धमकी भरा कॉल आया है।



आरोप के मुताबिक, कॉल में उनसे मोटी रकम की मांग भी की गयी। डिमांड पूरी नहीं होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। इस घटना के बाद पवन सिंह की टीम ने तुरंत पूरी जानकारी सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा की है, जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

बताया जा रहा कि धमकी मिलने के बाद पवन सिंह के कार्यक्रम और उनके मूवमेंट को लेकर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

पवन सिंह भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार हैं। उन्हें बिग बॉस-19 के फिनाले में शामिल होना है। इसको लेकर वो काफी उत्साहित थे। वहीं, पुलिस ने पवन सिंह की सुरक्षा बढ़ा दी है। इसके साथ ही कॉल के सोर्स की जांच में जुट गयी है।





वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !




सुनहरा अवसर
आवश्यकता
रहना और खाना FREE
Seat Limited — प्रशिक्षण क्षेत्र — Seat Limited
1. FASHION DESIGNER: इसके अन्तर्गत फैशन डिजाईनिंग, आर्ट क्राफ्ट, शर्ट, पैन्ट, कढ़ाई, बुनाई, प्रिंसेस ब्लाउज I
2. MULIT SKILL TECHNICIAN : इसके अन्तर्गत ADCA+ (Advance Computer, Photoshop, Corel Draw, Pagemaker, Tally Prime 4.0 With GST, Internet, Chat GPT With AI Tools) Typing Hindi & English, Hotel Management I
3. GENERAL DUTY ASSISTANT : नर्स संबंधित पुरी जानकारी, प्राइमरी ट्रीटमेंट जैसे इंजेक्शन लगाना, घाव पर पट्टी करना फिजियोथेरेपी, सलाइन चढ़ाना एवं टेस्ट करना
आवश्यकता : 18 वर्ष +युवक, युवतियाँ, महिलाएँ एवं गृहिणियाँ के लिए 3 माह की निःशुल्क ट्रेनिंग, रहना-खाना फ्री।
ट्रेनिंग के बाद जॉब पंचायत कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सिलाई फैक्ट्री व बड़े रेस्टोरेंट एवं हॉस्पिटल में।
Salary:12000-20000
Trainning Centre:
Ranchi-7004847471 Ramgarh-7295831484
Office Address: Durgapuri, Kokar, Ranchi (JH.)

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**